# हरिभूमि

नई दिल्ली

शुक्रवार, 21 जून 2024

ज्येष्ठ मास शुक्ल पक्ष, चतुर्दशी वर्ष : 28, अंक : 71

पृष्ठ 12 मूल्य 2.00

मौसम

अधि. 38

न्यून. 30

दिल्ली, हरियाणा, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com


अंतरराष्ट्रीय योग दिवस आज

## प्रधानमंत्री मोदी ने जम्मू-कश्मीर में हुई आतंकवादी घटनाओं का जिक्र करते हुए कहा

# आतंकियों को सख्त चेतावनी: अमन के दुश्मनों को सबक सिखाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे

प्रधानमंत्री मोदी ने 1,500 करोड़ रुपए की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया

पीएम सुबह साढ़े छह बजे श्रीनगर के एसकेआईसीसी में योग दिवस पर आयोजित मुख्य समारोह का करेंगे नेतृत्व

एजेंसी ▶▶ जम्मू

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार शाम दो दिवसीय दौरे पर जम्मू कश्मीर की राजधानी श्रीनगर पहुंचे। दौरे के पहले दिन श्रीनगर में उन्होंने 'युवाओं को सशक्त बनाना और जम्मू कश्मीर में बदलाव' कार्यक्रम को संबोधित किया। पीएम मोदी ने कहा कि वो दिन भी जल्द आएगा जब जम्मू कश्मीर राज्य के रूप में अपना भविष्य और उज्जवल बनाएगा। जम्मू कश्मीर में विधानसभा चुनाव के लिए तैयारियां हो रही हैं। जल्द यहां के लोग अपनी सरकार चुनेंगे। मोदी ने साफ कर दिया है कि जल्द ही जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्ज मिल सकता है। साथ ही उन्होंने कहा कि प्रदेश में विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जारी हैं। पीएम ने कहा कि सबको बांटने वाली दीवार अनुच्छेद 370 हटा दी गई है और प्रदेश में सभी ▶▶ शेष पेज 7 पर

**आर्टिकल-370 की दीवार गिर चुकी है, सही मायने में अब हुआ संविधान लागू**



### ये भी बोले मोदी

*पीएम मोदी ने कहा कि सबको बांटने वाली अनुच्छेद 370 की दीवार गिर चुकी है। अब सही मायने में जम्मू कश्मीर में भारत का संविधान लागू हुआ है और जिन्होंने इसे अब तक लागू नहीं हुआ है, वो इसके दोषी हैं। आज लाल चौके में शाम तक रौनक रहती हैं। अब डल झील के किनारे स्पोर्ट्स कारों का शो हुआ, जिसे पूरी दुनिया ने देखा। पीएम ने कहा जनता को लेटलतीफी अब पसंद नहीं है। अब वो परिणाम चाहती है। हमारी सरकार रिजल्ट लाकर* ▶▶ शेष पेज 7 पर

### विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन किया

*संबोधन से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सरकारी सेवा में नियुक्त 2,000 से अधिक लोगों को नियुक्ति पत्र वितरित किए हैं। उन्होंने 1500 करोड़ की 84 विकास परियोजनाओं का शिलान्यास व उद्घाटन भी किया है। पीएम ने कहा कि प्रोजेक्ट जम्मू-कश्मीर में बुनियादी ढांचे को उन्नत करेंगे। पीएम मोदी ने कहा कि श्रीनगर में योग दिवस का मुख्य समारोह होगा, जिसे देश ही नहीं दुनिया भर में देखा जाएगा। विश्व मंच पर एक बार फिर श्रीनगर चमकेगा। इससे यहां के पर्यटन कारोबार को भी लाभ होगा। शब्दों के साथ धन्यवाद करते हुए पीएम मोदी ने अपना स्वागत किया।*

## खबर संक्षेप

### भर्तृहरि महताब बने लोकसभा के प्रोटेम स्पीकर

**नई दिल्ली।** संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजीजू ने बताया कि 7 बार के लोकसभा सदस्य भर्तृहरि महताब को निचले सदन का अस्थायी अध्यक्ष (प्रोटेम) नियुक्त किया गया है। महताब नए सांसदों को शपथ दिलाएंगे। वे लोकसभा अध्यक्ष का चुनाव होने तक पीठासीन अधिकारी के रूप में काम करेंगे। के. सुरेश, टीआर बालू, राधा मोहन सिंह, फग्गन सिंह कुलस्ते और सुदीप बंद्योपाध्याय उनकी सहायता करेंगे।



### उत्तर प्रदेश में सेना संग योगाभ्यास करेंगे रक्षा मंत्री

**नई दिल्ली (ब्यूरो)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर मथुरा में सेना संग योगाभ्यास करेंगे। पूर्व में उनके तमिलनाडु के मदुरई की यात्रा करने की सूचना थी। लेकिन गुरुवार को रक्षा मंत्रायल ने कहा कि रक्षा मंत्री इस बार के मथुरा में सेना के साथ योग दिवस के कार्यक्रम में शिरकत करेंगे। रक्षा मंत्री ने 'एक्स' पर मथुरा यात्रा की पुष्टि की।



## दोषियों पर सख्त कार्रवाई के लिए सीबीआई करेगी मामले की जांच

# जल्द होगा रद्द हुई यूजीसी-नेट परीक्षा की नई तारीख का ऐलान, बख्शे नहीं जाएंगे दोषी

बुधवार को यूजीसी-नेट प्रवेश परीक्षा को रद्द करने के अगले दिन केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय ने एक प्रेस वार्ता में मामले को लेकर उठ रहे तमाम सवालों के दिए जवाब

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित की गई विश्वविद्यालय अनुदान आयोग राष्ट्रीय पात्रता परीक्षा (यूजीसी-नेट) को रद्द किए जाने के बाद देश में मचे राजनीतिक घमासान के बीच गुरुवार को केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय सामने आया और उसने मामले को लेकर उठ रहे तमाम सवालों के जवाब दिए।

मंत्रालय में संयुक्त सचिव गोविंद जायसवाल ने एक प्रेस वार्ता में कहा कि जल्द ही रद्द हुई यूजीसी-नेट परीक्षा की नई तारीख का ऐलान किया जाएगा। केंद्रीय जांच एवं अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को मामले की जांच सौंप दी गई है। ताकि इसमें शामिल संभावित भागीदारों, व्यक्ति या संस्था के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि दोषी कोई भी हो मंत्रालय उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने से बिलकुल भी नहीं हिचकेगा। शिक्षा मंत्रालय के लिए छात्रों के हित सर्वोपरि है और उनके साथ किसी तरह का कोई समझौता नहीं किया जाएगा। छात्रों की सुरक्षा के लिए भी मंत्रालय प्रतिबद्ध है। फिलहाल हमें सीबीआई की जांच रिपोर्ट का इंतजार है। क्योंकि उसके बाद ही किसी अंतिम निष्कर्ष पर पहुंचा जाएगा। लेकिन मंत्रालय यह पुनः स्पष्ट करता है कि दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। ताकि किसी बच्चे के भविष्य के साथ कोई समझौता न हो सके। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### परीक्षा को बेहतर बनाने के लिए बदली पद्धति

इस बार यूजीसी-नेट परीक्षा को ऑनलाइन से ऑफलाइन मोड में कराने के पीछे की वजह से जुड़े प्रश्न के जवाब में संयुक्त सचिव ने कहा कि इस बार 83 विषयों की परीक्षा आयोजित की गई थी। जो भी कदम उठाए गए ताकि परीक्षा को बेहतर बनाया जा सके। ऐसा नहीं है कि ऑनलाइन मोड में कुछ कमी थी। इसी वजह से इस बार परीक्षा ऑफलाइन कराई गई। ऑनलाइन-ऑफलाइन में अनुभव खराब नहीं था। मामला यह है कि कैसे आगे हम इसमें सुधार कर सकते हैं। प्रत्येक अनुभव से हमें पता चलता है कि प्रक्रिया में कुछ बिंदुओं में सुधार किया जा सकता है। जब आप पेप और पेपर लगाते हैं तो छात्रों के मामले भी सामने आते हैं कि परीक्षा को इस फॉर्मेट में लेना चाहिए। ऐसे में तमाम इनपुट, संकेतों और अनुभवों के आधार पर यह तय किया जाता है कि परीक्षा किस तरह से होगी। एनटीए पिछले चार सालों से काम कर रही है। इस दौरान उसने एक करोड़ से अधिक छात्रों की परीक्षाएं ली हैं। विश्व की दूसरी बड़ी एजेंसी है जो इतने बड़े पैमाने पर परीक्षा कराती है। इस बार परीक्षा का माध्यम बदलने को लेकर एनटीए द्वारा आगे जानकारी दी जाएगी।



### छात्रों के हितों से कोई समझौता नहीं होगा

उन्होंने कहा कि प्रवेश परीक्षाओं में खासकर यूजीसी-नेट जैसी परीक्षा सेमेस्टर और पीएचडी-रिसर्च से जुड़ी हुई है। ऐसे में मंत्रालय छात्रों को यह आश्वास्त करना चाहता है कि परीक्षा रद्द होने या उसके बाद गठित की गई जांच के निष्कर्षों के आधार पर उठाए जाने वाले भावी कदमों से छात्रों के हितों के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। परीक्षा में निजी एजेंसी की मदद लेने के प्रश्न के जवाब में जायसवाल ने कहा कि यूजीसी-नेट परीक्षा ▶▶ शेष पेज 7 पर

### एनटीए में सुधार के लिए गठित होगी समिति, दोषी को नहीं छोड़ेंगे: धर्मेंद्र प्रधान

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने नीट और यूजीसी-नेट परीक्षाओं को लेकर कहा कि मैं सभी को यह आश्वस्त करना चाहता हूं कि सरकार छात्रों के हितों को सुरक्षित करने के लिए प्रतिबद्ध है। पारदर्शिता के साथ हम कोई समझौता नहीं करेंगे। विद्यार्थियों के हित हमारी प्राथमिकता है। किसी भी कीमत पर उसके साथ समझौता नहीं होगा। अगर दोषी पाया जाएगा तो उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। इस पूरे प्रकरण में विद्यार्थियों के हितों को ही सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाएगी। इसके अलावा सरकार एक उच्च स्तरीय समिति गठित करने जा रही है जो इस बार एनटीए में सुधार के संबंध (ढांचा, कार्यप्रणाली, परीक्षा प्रक्रिया, पारदर्शिता और डाटा, सुरक्षा प्रोटोकॉल) में मंत्रालय को सिफारिशें सौंपेगी। हम 'जीरो एरर' की परीक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं। नीट परीक्षा के संबंध में हम बिहार सरकार के लगातार संपर्क में हैं। पटना से हमारे पास कुछ जानकारी भी आ रही है। आज भी कुछ चर्चा हुई है। पटना पुलिस घटना की तह तक जा रही है। उनकी तरफ से विस्तृत रिपोर्ट जल्द ही भारत सरकार को सौंपी जाएगी। प्राथमिक जानकारी के मुताबिक, कुछ कमियां विशेष रीजन तक ही सीमित हैं। मैं आपको विश्वास दिलाना चाहता हूं कि पुख्ता जानकारी आने पर दोषियों के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एनटीए हो या एनटीए में कोई भी बड़ा व्यक्ति हो।

**विपक्ष को दी नसीहत, अफवाह फैलाने से बचें:** विपक्ष पर निशाना साधते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा कि सरकार ने ▶▶ शेष पेज 7 पर



## संसद सत्र से पहले राहुल का तीखा वार

# परीक्षा में धांधली : पीएम मोदी के खिलाफ अपनाए तीखे तेवर

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



नीट और यूजीसी-नेट परीक्षा में हुई धांधली को लेकर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने केंद्र सरकार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर जोरदार हमला बोला है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मानसिक रूप से टूट चुके हैं और उनकी चिंता अपनी सरकार को बचाने की है, ना कि पेपर लीक के कारण पीड़ित लाखों छात्रों के भविष्य की। गुरुवार को पत्रकार वार्ता करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने कहा, नरेंद्र मोदी को केवल इस बात की चिंता है कि कैसे अपने व्यक्ति को लोकसभा का अध्यक्ष नियुक्त करके अपनी सरकार को बचाया जाए, उन्हें पेपर लीक को लेकर छात्रों की ▶▶ शेष पेज 7 पर

## राजस्थान में पेपर लीक पर चुप रहे राहुल

# राहुल गांधी को छात्रों के भविष्य से लेना-देना नहीं

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



नीट परीक्षा विवाद और यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द होने को लेकर हमलावर कांग्रेस पर भाजपा ने पलटवार किया है। बृहस्पतिवार को नई दिल्ली स्थित भाजपा मुख्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता में पार्टी प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि राहुल गांधी को लाखों छात्रों के भविष्य से कोई लेना-देना नहीं है, वह बस इस विषय पर अपनी राजनीति चमकाना चाहते हैं। राजस्थान में पेपर लीक हुआ लेकिन राहुल गांधी ने इस पर एक शब्द नहीं बोला। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि नीट परीक्षा को लेकर सरकार पूरी तरह सतर्क और संवेदनशील है। सरकार प्रतिबद्ध है और लाखों छात्रों के साथ किसी भी तरह का अन्याय नहीं होने देगी। उन्होंने कहा कि जो भी इसके लिए जिम्मेदार हैं उनके खिलाफ ▶▶ शेष पेज 7 पर

## करनाल और फरीदाबाद लोकसभा सीट से कांग्रेस उम्मीदवारों ने आयोग में किया आवेदन

# हरियाणा समेत 6 राज्यों की 8 लोकसभा सीटों के 92 बूथों की ईवीएम होंगी चेक

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली



चुनाव आयोग ने हरियाणा समेत 6 राज्यों की 8 सीटों पर लोकसभा चुनाव के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत मिलने के बाद जांच के आदेश दिए हैं। कुल 8 सीटों में भाजपा ने 3 और कांग्रेस ने 2 सीटों में जीत हासिल की थी, बाकी 3 सीटों अन्य पार्टियों के उम्मीदवार चुनाव जीतने में सफल हुए थे। हरियाणा की करनाल और फरीदाबाद सीट पर वोटिंग के दौरान ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत मिली थी, इसके साथ ही तमिलनाडु की वेल्लोर और विरुधुनगर सीट पर भी मतदान के दौरान शिकायत मिली थी। छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश की 1-1 सीटों पर भी ईवीएम से छेड़छाड़ की आशंका जताई गई है। आयोग ने आंध्र प्रदेश और ओडिशा की 3 विधानसभा सीटों के ईवीएम के जांच के आदेश दिए हैं। चुनाव आयोग की ओर से कहा गया है कि लोकसभा चुनाव 2024 में ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत के 8 आवेदन मिले। इनमें ईवीएम की मेमोरी और माइक्रो कंट्रोलर की जांच की मांग की गई थी। आयोग इन 8 सीटों की 92 पोलिंग स्टेशन पर ईवीएम की जांच करेगा।

हरियाणा के करनाल से पूर्व मुख्यमंत्री सीएम और वर्तमान में केन्द्रीय मंत्री मनोहर लाल ने जीत हासिल की थी। करनाल से कांग्रेस उम्मीदवार दिव्यांशु बुद्धिराजा ने चुनाव आयोग को चिट्ठी लिखकर ईवीएम की जांच करने की मांग की थी। बुद्धिराजा ने बताया कि हमने 4 बूथों पर ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत की थी। इसके लिए आयोग में 2 लाख रुपए भी जमा कराए। फरीदाबाद से केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर चुनाव जीते हैं। फरीदाबाद से कांग्रेस उम्मीदवार महेंद्र प्रताप ने शिकायत दी थी तमिलनाडु के वेल्लोर और विरुधुनगर सीट की ईवीएम की जांच होगी. वेल्लोर से डीएमके के कथिर आनंद ने जीत दर्ज की है। भाजपा उम्मीदवार एसी शनमुगम ने ईवीएम जांच की मांग की है।

विरुधुनगर सीट से कांग्रेस के मनिकम टैगोर बी ने डीएमडीके डीएमडीके उम्मीदवार विजय प्रभाकरन वी को हराया था। यहां के 14 पोलिंग स्टेशन पर ईवीएम की जांच होगी। इसके साथ ही महाराष्ट्र की अहमदनगर लोकसभा सीट से चुनाव हारने वाले भाजपा उम्मीदवार सुजय विखे पाटिल ने ईवीएम माइक्रोकंट्रोलर के वेरिफिकेशन की मांग की है। आंध्र प्रदेश की विजयनगरम सीट से युवजन श्रमिका रायथू कांग्रेस पार्टी के कैंडिडेट बेलाना चन्द्रशेखर ने भी ईवीएम में गड़बड़ी की शिकायत दर्ज कराई है, जबकि तेलंगाना की जहीराबाद सीट पर आयोग 20 पोलिंग स्टेशन पर ईवीएम की जांच करेगा। ▶▶ शेष पेज 7 पर

### एक ईवीएम की जांच के लिए 50 हजार रुपए फीस

यह पहली बार है कि चुनाव आयोग ने ईवीएम जांच कराने को लेकर गाइड लाइन जारी की है। 4 जून को काउंटिंग से पहले 1 जून को आयोग की ओर से यह गाइडलाइन आई थी। इसमें यह प्रावधान किया गया है कि रिजल्ट आने के बाद जो भी सेकेंड पोजिशन वाला उम्मीदवार है, वह ईवीएम चेक कराने के लिए आवेदन कर सकता है। इसके लिए आयोग की ओर से एक ईवीएम चेक कराने के लिए 50 हजार रुपए की फीस रखी गई है। हालांकि इसके लिए उम्मीदवार को रिजल्ट आने के 7 दिन के भीतर ही आवदेन किया जाना जरूरी है।

## प्रधानमंत्री ने की नैंसी पेलोसी समेत अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को नैंसी पेलोसी समेत अमेरिका के द्विदलीय सांसदों के प्रतिनिधिमंडल से मुलाकात की। सोशल मीडिया मंच 'एक्स' (पूर्व में ट्विटर) पर एक पोस्ट में प्रधानमंत्री ने इस मुलाकात के बारे में बताते हुए कहा कि माइकल मैककॉल के नेतृत्व में अमेरिकी कांग्रेस के मित्रों के साथ विचारों का बहुत अच्छा आदान-प्रदान हुआ। भारत-अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को आगे ▶▶ शेष पेज 7 पर



## आज से भारत के दो दिवसीय दौरे पर बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

बांग्लादेश की प्रधानमंत्री शेख हसीना शुक्रवार से भारत की दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर रहेंगी। इसमें उनकी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ द्विपक्षीय बैठक होगी। जिसके केंद्र में दोनों देशों के आपसी हितों से जुड़े हुए मामले शामिल होंगे। प्रधानमंत्री के साथ बैठक के अलावा बांग्लादेश की प्रधानमंत्री राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और उप-राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के साथ शिष्टाचार मुलाकात करेंगी। विदेश मंत्री ▶▶ शेष पेज 7 पर



## तिहाड़ से आज बाहर आएंगे

# केजरीवाल को बड़ी राहत, मनी लॉन्ड्रिंग केस में मिली जमानत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल को गुरुवार को शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग केस में बड़ी राहत मिल गई है। उन्हें एक लाख रुपए की जमानत राशि पर ये राहत मिली है। ईडी ने जमानत के विरोध के लिए 48 घंटे का समय मांगा है। कोर्ट ने कहा कि ये दलीलें शुक्रवार को ड्यूटी जज के सामने की जा सकती है। राउज एवेन्यू कोर्ट ने कहा कि एक लाख रुपए के मुचलके पर शुक्रवार को केजरीवाल तिहाड़ जेल से बाहर आ सकते हैं। बता दें कि दिल्ली सीएम अरविंद केजरीवाल शराब घोटाले से जुड़े मनी लॉन्ड्रिंग मामले में आरोपी बनाए गए थे। ईडी ने उन्हें इसमें आरोपी ▶▶ शेष पेज 7 पर

## नया रंग रूप देकर नए सिरे से कानून होगा लागू!

# ईडी को मिलेगी और ताकत, पीएमएलए को किया जाएगा सख्त, विमर्श जारी

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ नई दिल्ली

केंद्र सरकार 'प्रीवेंशन ऑफ मनी लांडरिंग एक्ट' में तीन बडे संशोधन पर गंभीरता से विचार कर रही है। केंद्रीय वित्त मंत्रालय ने इंडियन पिनल कोड (आईपीसी) की जगह एक जुलाई से लागू हो रही 'भारतीय न्याय संहिता' (बीएनएस) औपचारिक रूप से देशभर में लागू होने के बाद पीएमएलए कानून को नया रंग रूप देकर नए सिरे से इसे भी लागू करने पर गंभीरता से विचार कर रही है। विश्वस्त सूत्रों ने बताया कि वित्तमंत्रालय ने संशोधन का प्रस्ताव कानून मंत्रालय के साथ ही गृहमंत्रालय, ईडी, फाइनेंशियल इंटेलिजेंस यूनिट, सीबीआईसी में मंत्रणा को भेजा है। अगर सहमति बनी तो संसद के मॉनसून सत्र में पीएलए संशोधित विधेयक 2024 पारित कराया जा सकता है।

### सुप्रीम कोर्ट ईडी की शक्तियों पर पहले ही कर रहा है सुनवाई




पीएमएलए मामलों के विशेषज्ञों का मत है कि कानून पहले से ही सख्त है। उसके बाद भी 22 हजार 586 करोड रुपये का विभिन्न बैंकों को चूना लगाकर विदेश भागने वाले विजय माल्या, नीरव मोदी और मेहुल चौकसी से अब तक केवल 15 करोड रुपये की संपत्तियों को ही एटैच किया जा सका है। यही वजह है कि कानून का शिकंजा और कसे इसके लिए केंद्र की ओर से प्रयास किये जा रहे हैं। सच ये भी है कि सुप्रीम कोर्ट में पीएमएलए मामले में ईडी के पास कानूनी शक्तियों के खिलाफ कई पेटिशन पहले ही से विचार चल रहा है। करीब 200 याचिकाओं के माध्यम से ईडी के शक्तियों को जायज ठहराने वाले फैसले के खिलाफ बुद्धिजीवियों का एक बडा वर्ग लामबंद है। ईडी को गिरफ्तार करने, अपराध स्वीकार कराने और संपत्तियों को जब्त करने के तरीके पर उदाहरण समेत याचिका दायर की गई है। इन सबसे इतर केंद्र सरकार ईडी को लगातार ताकतवर बनाने पर काम कर रही है।

### ये हो सकता है संशोधन

*पीएमएलए को संशोधित क्रिमिनल-लॉ के साथ कुछ नये क्लॉज जोडकर तय किया जाएगा कि पीएमएलए के तहत जिस आरोपी के खिलाफ कार्रवाई हो रही हो उसकी कुर्क संपत्ति पर संबंधित बैंक का कब्जा हो जिससे लोन उठाया गया हो। पीएमएलए के तहत धारा 109 और 113 ऑर्गेनाइज्ड क्राइम एंड टेररिज्म एक्टिविटीज को भी संशोधित एक्ट में शामिल करने का प्रस्ताव है। इन धाराओं को शामिल कर लिया गया तो ईडी के पास अपार शक्तियां होंगी।*

# मुठभेड़ के बाद टिल्लू ताजपुरिया गैंग का शूटर रोहिणी से गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

रोहिणी पुलिस ने एक मुठभेड़ के बाद टिल्लू ताजपुरिया गैंग के शूटर को गिरफ्तार किया है। शूटर का नाम सुमित (29) बताया गया है। कंझावला थाने में दर्ज हत्या के एक मामले में सुमित पैरोल मिलने के बाद भाग गया था। इसके साथ ही अलीपुर थाने में दर्ज हत्या के एक और मामले में वह वांछित था।

डीसीपी गुरइकबाल सिंह सिद्धू के अनुसार रोहिणी जिले के स्पेशल स्टाफ को सुमित के बारे में इनपुट मिला था। इसके बाद ऑपरेशन पैंथर-क्लॉ के तहत हल्की गोलीबारी के बाद टिल्लू ताजपुरिया गिरोह के इस वांछित शार्प शूटर सुमित उर्फ झुमका को गिरफ्तार कर लिया गया। वह टिल्लू के अलावा संदीप उर्फ ढीला गिरोह से भी संबंध रखता है। पुलिस पूछताछ में पता चला कि यहीं वह मेन कड़ी है जो ताजपुरिया गिरोह के लिए हथियारों की व्यवस्था करता था। इस पर पहले हत्या और हत्या के प्रयास के मामले दर्ज थे। वर्तमान में झुमका कंझावला हत्याकांड में पैरोल जम्पर था। इसके पास से एक पिस्टल, तीन कारतूस, एक चोरी की मोटर साइकिल और आठ हजार रुपये कैश बरामद हुआ है। इसके पास से बरामद हुई मोटर साइकिल रोशनपुरा रोड से चुराई गई थी। इसे पंसाली रोड, सेक्टर 32, रोहिणी से पकड़ा गया। बदमाश के पैर में गोली लगी है। पुलिस को यह भी पता चला कि सुमित ने अलीपुर इलाके में गोगी गैंग के नरेंद्र की हत्या की थी। यह मामला इसी साल का था। सुमित गांव बखेता, जिला रोहतक, हरियाणा का रहने वाला है।



## नोएडाः पुलिस मुठभेड़ में 25 हजार का इनामी 'चूहा' हुआ घायल

**एजेंसी नोएडा।** थाना सेक्टर 113 पुलिस ने बीती रात को मुठभेड़ के दौरान एक लुटेरे प्रकाश उर्फ 'चूहा' को गिरफ्तार किया है जिस पर 25 हजार रुपए का इनाम घोषित था। मुठभेड़ के दौरान पैर में गोली लगने से घायल हुए प्रकाश के पास से विभिन्न जगहों से लूटे हुए चार मोबाइल फोन, अवैध हथियार तथा एक बाइक बरामद की गई है। अपर पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) मनीष कुमार मिश्र ने बताया कि बीती रात को थाना सेक्टर 113 पुलिस एफएनजी रोड पर वाहनों की जांच कर रही थी, तभी बाइक पर सवार दो व्यक्ति आते दिखे। उन्होंने बताया कि पुलिस ने उन्हें रूकने का इशारा किया लेकिन वे रुकने की बजाए पुलिस पर गोली चलाते हुए भागने लगे। मिश्र के अनुसार, पुलिस की जवाबी कार्रवाई में प्रकाश उर्फ 'चूहा' के पैर में गोली लगी जबकि उसका साथी अंधेरे में भाग निकला। उन्होंने बताया कि प्रकाश के पास से पुलिस ने विभिन्न जगहों से लूटे हुए चार मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल, देसी तमंचा और कारतूस आदि बरामद किया है। उसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। उन्होंने बताया कि प्रकाश के खिलाफ राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र के विभिन्न स्थानों में लूटपाट, चोरी आदि के आरोप में 12 से ज्यादा मुकदमे दर्ज हैं।

## उत्तम नगरः किडनैपिंग व चोरी के केस में महिला नाबालिग बेटे के साथ दबोची

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

उत्तम नगर इलाके में किडनैपिंग और चोरी के केस में एक महिला और उसके नाबालिग बेटे को पकड़ा गया है। इनके पास से चुराए गए लगभग 500 ग्राम सोने के आभूषण और 5.45 लाख रुपए कैश बरामद किया गया हैं। 40 साल की आरोपी महिला सदर बाजार एरिया की रहने वाली है। डीसीपी द्वारका अंकित सिंह के अनुसार 16 जून को राकेश कुमार ने अपने 14 साल के बेटे के लापता होने की सूचना पुलिस को दी थी। इसके साथ ही बताया कि घर से 500 ग्राम सोना और 5.70 लाख रुपये भी चोरी हुये हैं। उनकी शिकायत पर उत्तम नगर थाने में मामला किया गया। थानाध्यक्ष इंस्पेक्टर राजेश कुमार की टीम ने जांच के दौरान सीसीटीवी कैमरे की फुटेज चेक की। कड़ी मशक्कत के बाद आरोपी की पहचान के बाद उसे बरेली के पास एक गांव से पकड़ा गया। उसकी निशानदेही पर महिला के बेटे को भी पकड़ लिया गया। साथ ही शिकायतकर्ता के नाबालिग बेटे को सुरक्षित बरामद किया गया। आरोपी मधु घरेलू नौकरानी के रूप में काम करती थी। वह पहले शिकायतकर्ता के पड़ोस में रहती थी। जल्दी पैसा कमाने की चाहत में उसने अपने नाबालिग बेटे को एक हथियार के रूप में इस्तेमाल कर इस वारदात को अंजाम दिया।

## खबर संक्षेप

### निगमायुक्त ने एमसीडी आवास पोर्टल किया लॉन्च

**नई दिल्ली।** दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) के आईटी विभाग द्वारा विकसित एमसीडी आवास पोर्टल का गुरूवार को निगम आयुक्त अश्विनी कुमार ने उद्घाटन किया। एमसीडी प्रशासन ने गुरुवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि यह नया प्लेटफॉर्म एमसीडी के डिजिटल तकनीकों को अपनाने और अपने कर्मियों को बेहतर सेवाएं प्रदान करने के चल रहे प्रयासों में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। एमसीडी प्रशासन ने बताया कि एमसीडी आवास पोर्टल की एकल ऑनलाइन प्लेटफॉर्म, पारदर्शिता और जवाबदेही में वृद्धि, सरलीकृत आवेदन प्रक्रिया और निष्पक्ष और एकसमान आवंटन जैसी मुख्य विशेषताएं हैं। बताया गया कि यह एक क्रांतिकारी डिजिटल प्लेटफॉर्म है जिसे स्पष्ट और पारदर्शी तरीके से एमसीडी आवास के आवंटन को सुव्यवस्थित करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह अभिनव पहल डिजिटलीकरण को अपनाने और अपनी सेवाओं की दक्षता बढ़ाने के लिए एमसीडी की प्रतिबद्धता के अनुरूप है।

### कार्यकर्ताओं ने की बहुत मेहनत : जेपी अग्रवाल

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव में कांग्रेस व इंडी गठबंधन के चांदनी चौक सीट से उम्मीदवार जयप्रकाश अग्रवाल ने दिल्ली की जनता व कार्यकर्ताओं का धन्यवाद करने के लिए वजीरपुर में समारोह का आयोजन किया। इस मौके पर अग्रवाल के अलावा प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष देवेंद्र यादव, पूर्व मंत्री मंगत राम सिंघल व अन्य मौजूद थे। अपने संबोधन में यादव ने कहा कि हार जीत एक सिक्के के दो पहलू है। अहम यह नहीं कि हारे या जीते, बल्कि यह कि हम लड़े किस तरह। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ताओं ने बहुत मेहनत की इसके लिए सभी को धन्यवाद।

## शालीमार बागः शरीर पर नहीं मिले चोट के कोई निशान

# घर के अंदर मिली मां-बेटे की लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

शालीमार बाग इलाके में घर के अंदर मां बेटे की संदिग्ध हालत में मौत का मामला सामने आया है। पुलिस ने दोनों के शव पोस्टमार्टम के लिए मॉर्चरी भिजवाया है। पीएम रिपोर्ट से मौत के कारणों का खुलासा होगा। मृतकों की पहचान संतोष (73) व किशन (42) के तौर पर हुई। पुलिस के अनुसार बी एच ब्लॉक शालीमार बाग में बुजुर्ग संतोष बेटे के साथ घर की पहली मंजिल पर रहती थी। घर के भूतल पर दो दुकानें हैं। दोनों किराए पर चढ़ी हुई हैं, जिससे घर का खर्च चलता था। संतोष की बेटी निहाल विहार में रहती है, जबकि दूसरा बेटा जापान में है।

पुलिस को शुरुआती जांच पड़ताल में पता चला संतोष का बेटा किशन शराब का आदि था। बुजुर्ग संतोष के घर एक महिला अक्सर उनसे मिलने के लिए आती रहती थी। बुधवार रात जब वह इनके घर आई तो अंदर झांकने पर किशन को जमीन पर अचेत हालत में पड़े देखा। वहीं शराब की बोतल भी पड़ी थी। जबकि उनकी मां कुर्सी पर अचेत मिली। दोनों को इस हालत में देख उसने घर से बाहर निकल आसपास के लोगों को मामले की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को बुलाया गया। मौके पर पहुंची पुलिस ने गुरुवार को पोस्टमार्टम के बाद दोनों शव बुजुर्ग की बेटी के हवाले कर दिए। क्राइम और एफएसएल की टीम ने भी मौके पर पहुंच जांच पड़ताल की। दोनों मां बेटे की मौत की वजह अभी साफ नहीं है। हालांकि घर के अंदर सारा सामान सही हालत में मिला है। गर्मी के कारण भी इनकी मौत होने का अंदेशा है। हालांकि किसी आखिरी नतीजे पर पहुंचने से पहले पुलिस को पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार है। बहरहाल पुलिस सभी पहलूओं को ध्यान में रखकर जांच को आगे बढ़ा रही है। पुलिस का कहना है घर का दरवाजा अंदर से बंद था। दरवाजा तोड़कर पुलिस ने कमरे में एंट्री ली थी।



# बर्गर किंग हत्या केस में सामने आया लेडी डॉन का कनेक्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

राजौरी गार्डन स्थित बर्गर किंग के अंदर हुई ताबड़तोड़ फायरिंग व मर्डर की सीसीटीवी फुटेज सामने आई है। इस फुटेज में मृतक अमन एक युवती के साथ टेबल पर बैठकर बात करता नजर आया है। तभी एक हमलावर उसके नजदीक आकर फायरिंग शुरु कर देता है। अमन जान बचाने के लिए भागता है। पीछे हमलावर भी दौड़ पड़ता है। इस पूरी घटना के बीच रेस्त्रां में मौजूद लोग इधर उधर जान बचाने के लिए भागते हैं और अमन के साथ बैठी युवती मौका देख वहां से फरार हो जाती है।

पुलिस सूत्रों का कहना है कि यह कोई आम युवती नहीं, बल्कि लेडी डॉन अनू है। अनू रोहतक की रहने वाली है। उसी ने अमन को हनी ट्रैप में फंसाकर रेस्त्रां में बुलाया और एक साजिश के तहत उसकी हत्या करवाई। अनू के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। सूत्रों का कहना है कि अनू हिमांशु भाऊ गैंग से जुड़ी हो सकती है। या फिर उसके गैंग के किसी अन्य बदमाश के संपर्क में रही होगी। पुलिस का कहना है कि इस वारदात में शामिल दोनों हमलावरों की पहचान कर ली गई है। उनकी तलाश में कई टीमें लगी हैं। अनू हरियाणा पुलिस की भी वांटेड है। पिछले कुछ महीनों से पुलिस के साथ ही उसके परिवार के लोग भी उसे ढूंढ रहे हैं। अनू के कहीं चले जाने पर उसके परिजनों ने उसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट दर्ज करवायी थी। अनू बर्गर किंग रेस्त्रां और राजौरी गार्डन मेट्रो स्टेशन के सीसीटीवी कैमरे में कैद हुई है। अमन की पहचान न हो इस बात को ध्यान में रख वह उसका मोबाइल और पर्स लेकर भी चंपत हो गई। वहीं पुलिस की जांच में पता चला गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के नाम से बने जिस सोशल मीडिया अकाउंट पर हत्या की जिम्मेदारी ली गई है, वह अकाउंट यूएसए के लॉस एंजिल्स से ऑपरेट हो रहा था।



- रेस्त्रां के अंदर मृतक अमन के साथ टेबल पर बात करते नजर आई
- लाइव मर्डर की सीसीटीवी कैमरे की फुटेज आई सामने, बेहद नजदीक जाकर मारी गई थी अमन को गोलियां

# मर्डर केस में शामिल रहे गोगी गैंग के नाबालिग समेत दो पकड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

क्राइम ब्रांच ने जहांगीरपुरी इलाके में हुए मर्डर केस में एक नाबालिग समेत दो आरोपियों को पकड़ा हैं। बालिग आरोपी का नाम जितेन्द्र उर्फ थियेटर है।

आरोपी 25 से ज्यादा मामलों में शामिल रहा है। पुलिस के मुताबिक हत्या का यह केस छह जून को सामने आया था। इसमें आरोपी ने अपने सहयोगियों के साथ मिलकर मोइदुल नामक शख्स की पुरानी दुश्मनी के कारण हत्या कर दी थी। मृतक मोइदुल ने तिहाड़ जेल में जितेंद्र उर्फ गोगी पर तेज धार दार चीज से हमला किया था। क्राइम ब्रांच को हाल ही में जहांगीरपुरी मर्डर में शामिल आरोपियों के बारे में एक इनपूट मिला था, इसके बाद पहले नाबालिग को पकड़ा गया। उसके घर से खून से सनी टीशर्ट भी बरामद की गई। जांच मुख्य आरोपी जितेन्द्र पर केंद्रित हुई। वह लगातार अपना फोन बंद किए हुए था। पुलिस ने उसके करीबी लोगों के नंबरों को सर्विलांस पर लिया और फिर जितेंद्र को मंगोलपुरी इलाके से पकड़ लिया गया। आरोपी जितेन्द्र जहांगीरपुरी इलाके का हिस्ट्रीशीटर है। इसने मोइदुल से बदला लेने के इरादे से उस पर चाकू से हमला किया था। नाबालिग आरोपी की उम्र 15 साल है। सातवीं में ही पढ़ाई छोड़ वह जितेन्द्र के संपर्क में आया और उसके साथ मिल गया।



## हिन्दूराव अस्पताल में अधिकतर एसी खराब

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

इस भीषण गर्मी में दिल्ली नगर निगम के सबसे बड़े हिन्दूराव अस्पताल के ओपीडी ब्लॉक के अधिकतर डॉक्टरों के कमरों के एयर कंडीशनर यानि एसी खराब पड़े है जिसके कारण डॉक्टरों के साथ साथ अस्पताल में उपचार के लिए आने वाले मरीज़ों और उनके तीमारदारों को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है क्योंकि ओपीडी ब्लॉक में सुबह से लेकर शाम तक मरीज़ आते रहते है और डॉक्टरों के कमरों में भी मरीजों की भीड़ लगी रहती है। हिन्दूराव अस्पताल के ओपीडी ब्लॉक के आई विभाग और सर्जिकल विभाग के तो सभी एसी खराब पड़े हैं। जम जम फाउन्डेशन के अध्यक्ष एवं सामाजिक कार्यकर्ता शमीम अहमद खान ने दिल्ली नगर निगम की महापौर डॉ. शैली ओबरॉय और निगम आयुक्त अश्वनी कुमार से अनुरोध किया है कि वह निगम के संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देश देकर हिन्दूराव अस्पताल के ओपीडी ब्लॉक के सभी खराब पड़े एसी को तुरन्त ठीक कराएं ताकि इस भीषण गर्मी में डॉक्टरों और मरीज़ों को राहत मिल सके।

**ऋण वसूली ट्रिब्यूनल-I, दिल्ली**
**चतुर्थ तल, जीवन तारा बिल्डिंग, संसद मार्ग, नई दिल्ली-110001**
**टीए 2917/2022**
**एचडीएफसी बैंक लि. आवेदक बनाम संजय अरोड़ा प्रतिवादी**

सेवा में, (1) संजय अरोड़ा सी 304, हिण्डन अपार्टमेंट्स सामने, महाराजा अग्रसेन कॉलेज, वसुंधरा एंक्लेव, ईस्ट दिल्ली, पर भी - प्लॉट नं. 57, सेक्टर-27सी, 13/1, मेन मथुरा रोड, फरीदाबाद हरियाणा-121003

चूंकि, ऊपर नामित आवेदक ने आपके विरूद्ध रु. 42,20,518.75 (रुपये बयालीस लाख बीस हजार पांच सौ अठारह और पैसे पचहत्तर केवल) की वसूली हेतु एक केस दायर किया है और चूंकि ट्रिब्यूनल की संतुष्टि के लिए यह दर्शाया गया है कि आपको सामान्य तरीके से तामील करना संभव नहीं है। इसलिए, माननीय रजिस्ट्रार के समक्ष 23.08.2024 को पूर्वा. 10.30 बजे उपस्थित होने के लिए आपको निर्देशित करते हुए विज्ञापन द्वारा यह नोटिस दिया जाता है (अधिक विवरण के लिए कृपया डीआरटी वेबसाइट www.etribunal.gov.in पर पधारें फोन नं. : 01123748473) संज्ञान लें कि इस ट्रिब्यूनल के समक्ष ऊपर वर्णित दिवस को उपस्थित होने में आपके विफल रहने के मामले में, मामला आपकी अनुपस्थिति में सुना जाएगा और निर्णित किया जाएगा।

जारी महामारी के हालात की वजह से, सभी मामले वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से लिए जाएंगे और उस प्रयोजन हेतु :- (i) सभी अधिवक्ता/वादी "**सिस्को वेबैक्स**" आवेदन/सॉफ्टवेयर डाउनलोड करेंगे; (ii) रजिस्ट्रार / वसूली अधिकारी-I/और वसूली अधिकारी-II द्वारा लिए जाने वाले मामलों की सुनवाई की अगली तिथि के लिए "**मीटिंग आईडी**" और "**पासवर्ड**" सार्वजनिक सूचना शीर्षक के तहत डीआरटी अधिकारिक पोर्टल अर्थात "**drt.gov.in**" पर अगली तिथि से एक दिन पूर्व उपलब्ध होंगे। (iii) किसी आपातकाल में, अधिवक्ता/वादी **फोन नं.** 011-23748473 पर सम्बद्ध अधिकारी से सम्पर्क कर सकते हैं। दिनांक 7 मई 2024 को मेरे हस्ताक्षर और इस ट्रिब्यूनल की मोहर सहित जारी किया गया।

प्रतिवादी आगे इंक्वायरी हेतु नीचे वर्णित फोन नं. पर सम्पर्क कर सकते हैं। माननीय रजिस्ट्रार, डीआरटी-I, **फोन नं.** 011-23748473. ई-मेल : **drt1delhi-dfs@nic.in**

**इस ट्रिब्यूनल के सहायक रजिस्ट्रार के आदेशानुसार**

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**(धारा 82 सीआरपीसी देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **कुंदन शुक्ला पुत्र श्री योगेश शुक्ला, पता मकान नं. 685, द्वितीय तल हनुमान मंदिर के पास, चिराग दिल्ली, और मकान संख्या 213, चिराग, दिल्ली ने एफआइआर संख्या 324/2018 धारा 376डी/363 भा.द.स. एंड 6 पॉक्सो के तहत** थानाः करावल नगर, दिल्ली के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **कुंदन शुक्ला** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधान प्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **कुंदन शुक्ला** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)। अतः इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **एफआईआर संख्या 324/2018 धारा 376डी/363 भा.द.स. एंड 6 पॉक्सो के तहत थानाः** करावल नगर, **दिल्ली के उक्त कुंदन शुक्ला** से अपेक्षा की जाती है कि वे इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **25.07.2024** को या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**अजय गुलाटी-II**
**अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश**
**(विशेष न्यायालय-पॉक्सो)-02,**
**उत्तर पूर्व, कमरा नं.18**
**कड़कड़डूमा कोर्ट, दिल्ली**

DP/7650/NE/2024

**अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा**

**धारा 82 Cr.P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **मो. आफ्रीक ऊर्फ नेपाली, पुत्रः समीम, पताः 6291, बेत वाली गली, बाड़ा हिन्दू राव, सदर बाजार, दिल्ली** ने **FIR No. 234/18, U/S 379/356 IPC, पुलिस थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अधीन दंडनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिख कर लौटा दिया गया है कि उक्त **मो. आफ्रीक ऊर्फ नेपाली** मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप में दर्शित कर दिया गया है कि उक्त **मो. आफ्रीक ऊर्फ नेपाली** फरार हो गया है (या उक्त वारंट कि तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि **FIR No. 234/18, U/S 379/356 IPC, पुलिस थाना मुखर्जी नगर, दिल्ली** के अभियुक्त **मो. आफ्रीक ऊर्फ नेपाली** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **01.08.2024** या इससे पहले हाजिर हो।

**आदेशानुसार**
**सुश्री निहारिका कुमार शर्मा**
**A.C.M.M. (उत्तर)**
**रोहिणी कोर्ट, दिल्ली**

**DP/7725/NW/2024**

# एबीवीपी ने डीयू में एनटीए का पुतला फूंककर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) ने बुधवार रद्द हुए नेट पेपर, राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में व्याप्त अराजकता तथा लगातार हो रहे पेपर लीक मामले में गुरुवार को दिल्ली विश्वविद्यालय (डीयू) के कला संकाय में एनटीए का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया तथा इस पूरे घटना क्रम में संलिप्त नकल माफियाओं पर सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। एबीवीपी की राष्ट्रीय मंत्री शिवांगी खरवाल ने कहा कि देश की प्रतिष्ठित प्रतियोगी परीक्षाओं में अनियमितता तथा पेपर लीक के लगातार मामले आना बहुत ही चिंताजनक है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ दिनों से एनटीए द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं में व्यापक स्तर पर अनियमितता,गड़बड़ी तथा पेपर लीक जैसे मामले निकल कर सामने आ रहे हैं। अभी कुछ दिन पहले नीट - यूजी के पेपर में व्यापक स्तर पर आई गड़बड़ी और फिर 18 तारीख को संपन्न हुए यूजीसी नेट की परीक्षा का कल रद्द होना यह दिखाता है कि एनटीए किस प्रकार से भ्रष्ट हो चुकी है। एबीवीपी ने इस मुद्दे पर दिल्ली विश्वविद्यालय के कला संकाय में एनटीए का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।



### 'पीएचडी प्रवेश भी अधर में, शीघ्र स्थिति स्पष्ट करे शिक्षा मंत्रालय'

यूजीसी-नेट परीक्षा रद्द होने से पीएचडी प्रवेश भी अधर में है जिसके चलते शिक्षा मंत्रालय को शीघ्र स्थिति स्पष्ट करनी चाहिए। एबीवीपी के राष्ट्रीय महामंत्री याज्ञवल्क्य शुक्ल ने गुरुवार को यह मांग की है। उन्होंने कहा कि परीक्षाओं में लगातार अनियमितताओं की घटनाएं विचलित करने वाली एवं दुर्भाग्यपूर्ण हैं जो न केवल एनटीए जैसी परीक्षा एजेंसियों की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह खड़ा करती है बल्कि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ करने वाली हैं। यह स्थिति किसी भी प्रकार से स्वीकार्य नहीं है। इसी क्रम में बीते दिन यूजीसी नेट की परीक्षा का रद्द होना, यूजीसी नेट के अभ्यर्थियों के साथ-साथ पीएचडी प्रवेश की तैयारी करने वाले अभ्यर्थियों का भविष्य भी अधर में डालने वाला है। एबीवीपी शिक्षा मंत्रालय एवं संबंधित एजेंसियों से इस संबंध में स्थिति को त्वरित रूप से स्पष्ट करने की मांग करती है, ताकि छात्रों के मन में अपने भविष्य को लेकर व्याप्त गहरी शंकाएं दूर हो सकें। एबीवीपी यह मांग करती है कि लगातार होने वाली इस प्रकार की अनियमितताओं की जांच सीबीआई से करवानी चाहिए एवं दोषियों को, चाहे वह ब्यूरोक्रेसी में लिप्त ही क्यूं न हों, कठोर दंड सुनिश्चित करना चाहिए।

## चाणक्यपुरी में उपराज्यपाल ने किया साइकिल ट्रैक का उद्घाटन

# लोगों को सुरक्षित मार्ग प्रदान करेगा साइकिल ट्रैकः सक्सेना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

यह अनूठा साइकिल ट्रैक न केवल सभी आयु वर्ग के लोगों के बीच साइकिल चलाने को प्रोत्साहित करेगा बल्कि उन्हें एक सुरक्षित साइकिल मार्ग भी प्रदान करेगा। दिल्ली के उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गुरूवार को नई दिल्ली नगरपालिका परिषद (एनडीएमसी) द्वारा चाणक्यपुरी में नेहरू पार्क की परिधि के साथ विकसित 2.7 किमी लंबे साइकिल ट्रैक के उद्घाटन के मौके पर यह संबोधन दिया। उन्होंने नई दिल्ली क्षेत्र में अपनी तरह के इस अनूठे साइकिल ट्रैक के निर्माण के लिए एनडीएमसी को बधाई भी दी। सक्सेना ने बताया कि क्षेत्र के निवासियों, जिनमें बड़ी संख्या में राजनयिक और शीर्ष सरकारी अधिकारी भी शामिल हैं, की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए, एनडीएमसी ने नेहरू पार्क की परिधि के साथ एक समर्पित साइकिल ट्रैक की परिकल्पना की थी। इस साइकिल ट्रैक की योजना का जिम्मा दिल्ली के स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर को सौंपा गया था और यूटीटीआईपीईसी के दिशानिर्देशों के अनुसार एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की गई थी। साइकिल ट्रैक को 4.56 करोड़ रुपये की लागत से विकसित किया गया है। इस अवसर पर नई दिल्ली की सांसद बांसुरी स्वराज, एनडीएमसी के अध्यक्ष नरेश कुमार और एनडीएमसी के उपाध्यक्ष सतीश उपाध्याय, परिषद सदस्य गिरीश सचदेव एवं विशाखा सैलानी और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।



### पर्यावरण के अनुकूल और स्वस्थ साइकिलिंग को मिलेगा बढ़ावा

वहीं, एनडीएमसी ने बताया गया कि कई व्यक्तियों और साइकिल चालकों के समूहों को नेहरू पार्क के आसपास साइकिल चलाते देखा जा सकता है और इसलिए एनडीएमसी को लगा कि साइकिल चलाने के शौकीनों के लिए यह नव विकसित साइकिल ट्रैक, पर्यावरण के अनुकूल और स्वस्थ साइकिलिंग को बढ़ावा देगा। अब, यह समर्पित साइकिल ट्रैक साइकिल चालकों को सुरक्षा प्रदान करेगा और उन्हें एक आरामदायक गतिविधि के रूप में साइकिल चलाने के लिए प्रोत्साहित भी करेगा।





हरियाणा सरकार

**प्राणायाम और योगध्यान**
स्वस्थ तन, मन ऊर्जावान

"जब हम योग करते हैं तो हम शारीरिक रूप से स्वस्थ, मानसिक रूप से शांत और भावनात्मक रूप से संतुष्ट महसूस करते हैं।"

**- नरेन्द्र मोदी**



**अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं**

**राज्य स्तरीय समारोह**

मुख्य अतिथि
**श्री नायब सिंह**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

**दिनांक** - 21 जून, 2024 **समय** - प्रातः 5:30 बजे से
**स्थान** - महाराणा प्रताप स्टेडियम,
गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, हिसार

"प्यारे प्रदेशवासियों, आप सबको अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की बधाई व शुभकामनाएं। शारीरिक, मानसिक व आध्यात्मिक शिक्षा का मूलमंत्र योग हमारे जीवन जीने की सच्ची कला है। हर रोज करो योग, जीवन भर रहो निरोग।"

**- नायब सिंह**

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू-आर कोड स्कैन करें

**वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से योग एवं व्यायामशालाओं का**
**24 गांवों में उद्घाटन | 69 गांवों में शिलान्यास**
**अब प्रदेश में ग्रामीण स्तर पर कुल 807 योग एवं व्यायामशालाएं हो जाएंगी**

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

## खबर संक्षेप

### ट्रैक पार करते ट्रेन की चपेट में आए 2 की मौत

**फरीदाबाद।** देर रात अलग-अलग समय ट्रेन की चपेट में आने से दो युवकों की मौत हो गई। पुलिस ने एक शव की शिनाख्त के बाद परिजनों को सौंप दिया हैं। वहीं दूसरे युवक की पहचान नहीं हो पाई है। शव को नागरिक अस्पताल में रखवाया गया है। जीआरपी थाना इंचार्ज राजपाल सिंह ने बताया कि रेलवे ट्रैक पार करते हुए 24 वर्षीय राहुल व एक युवक ट्रेन की चपेट में आ गया। दोनों की मौके पर ही मौत हो गई।



### भीषण गर्मी में राहगीरों को पिलाया ठंडा दूध

**गुरुग्राम।** भीषण गर्मी से बेहाल लोगों को राहत दिलाने के लिए भाजपा महिला मोर्चा की उपाध्यक्ष नेहा शालिनी दुआ ने शिविर का आयोजन कर ठंडे दूध का वितरण किया। चिंतामणि साइट पर आयोजित शिविर में मजदूरों के अलावा राहगीरों को रूहअफजा मिला हुआ ठंडा दूध पिलाया गया। सुबह से दोपहर तक सैकड़ों मजदूरों व राहगीरों को दूध पिलाया गया।



## 10 मोबाइल फोन व 4 लैपटॉप बरामद

# विदेश में नौकरी दिलाने का देते थे झांसा, 4 लड़कियों समेत 8 दबोचे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

गुरुग्राम पुलिस ने विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है। चार लड़कियों सहित कुल आठ साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मौके से 10 मोबाइल व चार लैपटॉप बरामद किए हैं।

विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले कॉल सेंटर का पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने चार युवतियों समेत कुल आठ साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपी विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर दो से तीन लाख रुपये लेते थे। कॉल सेंटर में काम करने वालों को 18 हजार रुपए मासिक वेतन मिलता था।

साइबर थाना दक्षिण प्रभारी मनीष कुमार की पुलिस टीम ने मॉनिटरिंग व तकनीकी सहायता से पालम विहार से विदेश में नौकरी दिलाने का झांसा देकर लोगों से धोखाधड़ी करते हुए ठगी करने वाले अवैध कॉल सेंटर का भंडाफोड़ किया है।

पुलिस टीम द्वारा कॉल सेन्टर से चार युवतियां सहित आठ आरोपियों को काबू किया है। आरोपियों की पालम गांव दिल्ली निवासी नरेंद्र कुमार, बरा खुर्द जींद निवासी विक्रांत सिंह, रघुवीर एन्क्लेव दिल्ली निवासी रवि कुमार, अलीगंज कोटला मुबारकपुर दिल्ली निवासी काजल, जीयानपुर आजमगढ़ (उत्तर-प्रदेश) निवासी गरिमा, अनुपपुर एमपी निवासी एगनेश फ्रानेश, श्याम विहार दिल्ली निवासी रंजन कुमार और गंगानगर राजस्थान निवासी साहिल पूनिया के रूप मे हुई है।

**खास बातें**

- कॉल सेंटर में काम करने वालों को मिलता था 18 हजार रुपए
- नौकरी लगवाने के नाम पर प्रति व्यक्ति लेते थे 2 से 3 लाख रुपए



### 6 माह से चल रहा था कॉल सेंटर

पुलिस पूछताछ में यह भी ज्ञात हुआ कि उपरोक्त आरोपी लगभग 6 महीने से कॉल सेंटर चलाकर ठगी की वारदातों को अंजाम दे रहे थे। ठगी करने के लिए इन लोगों को प्रतिमाह 18 हजार रुपये की सैलेरी मिलती थी। आरोपियों द्वारा ठगी में प्रयोग किए जा रहे 10 मोबाइल व चार लैपटॉप भी पुलिस टीम द्वारा बरामद किए गए है।

### आरोपियों ने बना रखा था पोर्टल

आरोपियों के खिलाफ साइबर अपराध थाना पुलिस दक्षिण धोखाधड़ी समेत अन्य धाराओं में केस दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। पूछताछ में पता चला है कि आरोपी के नाम से वेबसाइट बनाकर नौकरी की तलाश करने वाले लोगों का डाटा लेने के बाद उनसे संपर्क कर विदेश में नौकरी लगवाने का झांसा देते और उन्हें अपने विश्वास में लेकर धोखाधड़ी व ठगी की वारदात को अंजाम देते थे। आरोपी नौकरी लगवाने के नाम पर प्रत्येक व्यक्ति से 2 से 3 लाख रुपए की ठगी करते थे। लोगों से ठगी हुई राशि को ये फर्जी बैंक खाते में डलवाते थे। फर्जी बैंक खाते इनका अन्य साथी उपलब्ध करवाता था।

## 23 को बलिदान दिवस व 1975 में आपातकाल लगाए जाने के विरोध में 25 जून को मनाया जाएगा काला दिवस

# योजनाओं के माध्यम से सीएम कर रहे गरीब व जरुरतमंदों को सशक्त




हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

मोदी सरकार पिछले 10 वर्षों से देश और देश के सबसे कमजोर वर्ग के लोगों को सशक्त करने का कार्य कर रहे हैं और तीसरी बार शपथ लेते ही मोदी कैबिनेट ने पहला फैसला अन्नदाता को सम्मान निधि जारी करने और 3 करोड़ गरीब परिवारों को घर देने का ऐलान कर किया। इसी तरह लोकसभा चुनाव की आचार सहिंता हटते ही मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने महात्मा गांधी गरीब बस्ती योजना के तहत सौ-सौ गज के प्लाट, सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, बिजली बिल से मंथली मिनिमम चार्ज हटाना, हरियाणा अन्त्योदय परिवार परिवहन योजना आदि अनेकों योजनाओं को शुरू कर प्रदेश की जनता को सशक्त करने का काम किया है। भाजपा जिला कार्यालय अटल कमल पर आयोजित संगठनात्मक बैठक में भाजपा जिला अध्यक्ष राज कुमार वोहरा ने यह बात कहीं।

### 23 जून से 6 जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम मुहिम

वोहरा ने आगामी विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण, संगठन की कार्य पद्धति, कार्य योजना आदि संगठनात्मक विषयों पर चर्चा की व संगठन के आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 21 जून को शक्ति केन्द्रों पर योग शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा 23 जून श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की पुण्यतिथि को बलिदान दिवस , 1975 में आपातकाल लगाए जाने के विरोध में 25 जून को काला दिवस, 23 जून से 6 जुलाई तक एक पेड़ मां के नाम इस मुहिम के तहत हर बूथ पर 10-10 पेड़ लगाए जाएंगे। बूथों को सशक्त करने के लिए बीएलए-2 की बैठक का आयोजन होगा।

## नोटिस के बाद शर्तें पूर्ण न होने पर बोरवेल सील

# एनओसी लेकर भूजल दोहन करने वाली बड़ी कंपनियों की होगी जांच



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

जिले में एनओसी लेकर भूजल दोहन करने वाली 19 बड़ी कंपनियों की जांच की जाएगी। यदि शर्तों का कोई उल्लंघन मिला तो ऐसी कंपनियों के खिलाफ़ बोरवेल सील करने की करवाई की जाएगी। जिलाधिकारी इंद्र विक्रम सिंह ने इसको लेकर गुरुवार को महात्मा गांधी सभागार कलेक्ट्रेट में भोजन निष्कर्ष एनओसी धारक कंपनियां के प्रतिनिधियों की बैठक ली। जिसमें जिलाधिकारी ने 19 कंपनियों की जांच कराने का निर्णय लिया। **जिलाधिकारी ने दिए कंपनियों के प्रतिनिधियों को निर्देश:** बैठक में लघु सिंचाई, गाजियाबाद/नोडल अधिकारी हरिओम ने एनओसी प्राप्त 20 कंपनियों को कितना भूजल दोहन करने की अनुमति प्राप्त है व उनके द्वारा भूजल का स्तर बनाए रखने के लिए नियमानुसार दी गई शर्तों का पालन किया जा रहा है। जिसमें पाया गया कि मोहन मीकिन्स, मोहन नगर द्वारा नियमों व शर्तों का पालन किया गया अन्य 19 कंपनियों के प्रतिनिधियों ने कहा कि उनके द्वारा शर्तों के अनुरूप कार्य करने की प्रक्रिया जारी है, किसी ने कहा कि कार्य पूर्ण हो चुका हैं आप जांच करवा सकते हैं।

जिलाधिकारी सहित कमेटी के सभी सदस्यों ने ध्यानपूर्वक सुनने के बाद निर्णय लिया गया कि यदि जांच में शर्तों के अनुरूप कार्य नहीं पाया गया है उन्हें एक सप्ताह में कार्य पूर्ण करने का नोटिस दिया जाएगा और एक सप्ताह बाद बोरवेलों को सील कर दिया जाएगा।

# ऑनलाइन सेक्सुअल दवा बेचने वाले गिरोह का भंडाफोड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

साइबर क्राइम थाना ईस्ट पुलिस ने प्रतिबिंब एप्लिकेशन की मदद से सेक्टर-18 में ऑनलाइन हर्बल सेक्सुअल दवाइयां बेचने ने नाम पर ठगी करने के गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने कॉलसेंटर पर रेड करते हुए चार युवतियों सहित 11 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों से 7 मोबाइल फोन, सिम कार्ड व दो सीपीयू बरामद किए। दरअसल, साइबर क्राइम थाना ईस्ट पुलिस को सूचना मिली कि सेक्टर-18, में अवैध/फर्जी तरीके से कॉल सेंटर चलाकर ऑनलाइन हर्बल सेक्सुअल दवाइयां बेचने के नाम पर लोगों से ठगी की जा रही है। जिसके बाद एसीपी सोहना विपिन अहलावत के निर्देशानुसार साइबर क्राइम थाना ईस्ट के प्रभारी इंस्पेक्टर सवित कुमार की टीम ने मौके पर रेड की। पुलिस ने चार युवतियों सहित 11 साइबर ठगों को गिरफ्तार किया। आरोपियों में मुरैना निवासी श्याम दुबे, दिल्ली के निवासी आदर्श, गुरुग्राम के कुशल, बदायूं निवासी पियूष चौहान, फरीदाबाद निवासी विवेक चोपड़ा, गोपालगंज निवासी गुलशन कुमार, दिल्ली निवासी राजकुमार, जयपुर निवासी पूजा चौहान, भिवानी निवासी भावना, ग्वालियर निवासी अनामिका राजावत व दिल्ली के महिपालपुर निवासी प्रिया शर्मा शामिल हैं।


**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में | बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका गन्नौर | एम.सी. गन्नौर में फ्लाई ओवर से अगवांपुर फाटक तक ड्रेनेज वाटर हेतु एनपी2 / एनपी3 पाइप्स का प्रावधान व बिछाना + 6 कार्य। | 19.06.2024 03.07.2024 | 3.50 करोड़ | https://etenders.hry.nic.in | 8295167259 Secy-ganaur@ulbharyana.gov.in |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद–13/2025/40/26985/I/88/7 दि. 20.06.24


### ट्रैफिक पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले 1148 वाहनों के काटे चालान

**फरीदाबाद।** लेन चेंज नियमों का उल्लंघन होने के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को संज्ञान में लेते हुए लेन चेंज, विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, रॉन्ग पार्किंग नियमों का उल्लंघन करने वाले 1148 वाहन चालकों के चालान काटे गए है।

पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि डीसीपी ट्रैफिक ऊषा के मार्गदर्शन में सड़क पर यातायात के दौरान होने वाली दुर्घटना में कमी लाने के लिए फरीदाबाद ट्रैफिक पुलिस द्वारा समय-समय पर वीडियो वेन के माध्यम से स्कूल, कॉलेज, पार्क, अस्पताल इत्यादि सार्वजनिक स्थानों पर जागरूकता अभियान के तहत लोगों को जागरुक कर रही है। इसके बावजूद कुछ वाहन चालक यातायात नियमों का पालन नहीं करते जिनके यातायात पुलिस द्वारा चालान काटे गए हैं। पिछले 2 दिनों में ट्रैफिक पुलिस द्वारा लेन चेंज, विदाउट हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट, रॉन्ग पार्किंग नियमों का उल्लंघन करने वाले 1148 वाहन चालकों के चालान काटे गए हैं। इसके साथ ही वाहन चालकों को यातायात नियमों के प्रति जागरुक करते हुए बताया गया कि यातायात में चलने वाले वाहन निर्धारित की गई लाइनों में ही ड्राइव करें। ओवरटेक और साइड लेते समय इंडिकेटर का इस्तेमाल करें। ताकि यातायात सभी वाहन चालकों के लिए संगम हो सके। जो वाहन निर्धारित लाइन में यात्रा नहीं करते उनके वाहन चालकों पर जुर्माना लगाया जाता है।

### आरएसएस के प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्र के आकस्मिक निधन पर शोक

**बल्लभगढ़।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के हरियाणा प्रांत संपर्क प्रमुख गंगा शंकर मिश्र के आकस्मिक निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा उनके निवास स्थान सेक्टर-8 से चलकर सेक्टर-8 स्थित बाइपास के मोक्षधाम पहुंची। जहां उनके पुत्र ने उन्हें मुखाग्नि दी।



उनके निधन पर केन्द्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर, हरियाणा के उद्योग मंत्री मूलचंद शर्मा, शिक्षा मंत्री सीमा त्रिखा, पलवल के विधायक दीपक मंगला, तिगांव के विधायक राजेश नागर, विधायक नरेन्द्र गुप्ता, विधायक प्रवीण डागर, विधायक जगदीश नायर, लोकसभा संयोजक अजय गौड, पूर्व मंत्री करतार सिंह भड़ाना, जिलाध्यक्ष राजकुमार वोहरा आदि ने शोक व्यक्त करते हुए कहा कि मिश्र का निधन संगठन और समाज के लिए एक बड़ी क्षति बताया। वक्ताओं ने कहा कि गंगा शंकर मिश्र एक समर्पित और ऊर्जावान व्यक्ति थे, जिन्होंने आरएसएस के सिद्धांतों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। गंगा शंकर मिश्र का जीवन संघ के प्रति समर्पित रहा और उन्होंने अपने कार्यकाल में अनेक युवाओं को राष्ट्र सेवा के मार्ग पर अग्रसर किया।

### साढ़े 5 महीने से संदिग्ध हालात में गायब व्यक्ति

**फरीदाबाद।** ऊंचा गांव के रहने वाला एक व्यक्ति करीब साढ़े 5 महीने से संदिग्ध हालात में गायब है। व्यक्ति की पत्नी ने पड़ोसियों पर हत्या की आशंका जताते हुए पुलिस को शिकायत दी है। थाना आदर्श नगर पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।ऊंचा गांव निवासी एक महिला ने बताया कि 3 जनवरी की शाम करीब साढ़े 7 बजे पड़ोसी लाखन ने उसके पति धर्मवीर को अपने घर पर बुलाया।





**पहचान की अपील**



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक व्यक्ति जिसका **नाम:** नामालूम, **पुत्र:** नामालूम, **पता:** नामालूम, **उम्र:** लगभग 60–65 साल, **कद:** 5'5'', **लिंग:** पुरुष, **शरीर** : मजबूत, **रंग:** गेहुँआ, **चेहरा:** गोल, **पहनावा:** सफेद रंग की कमीज तथा काले रंग की पैंट तथा नंगे पैर है, **बरामदी स्थल:** जो बीएसईएस कस्टमर केयर सेंटर, टाउन हॉल, दिल्ली के पास फुटपाथ पर मृत अवस्था में पाया गया था। मृतक के शव को सब्जी मंडी के शवगृह में पहचान के लिए संरक्षित किया गया है।

इस सम्बंध में **GD No. 14A, दिनांक** 19.06.2024, **पुलिस स्टेशन: कोतवाली, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित पते पर दें।

**थानाध्यक्ष**
**पुलिस स्टेशन: कोतवाली, दिल्ली**
**फोन: 8750870121, 9716081965**

DP/7751/N/2024



**हरियाणा सरकार — निविदा सूचना**

| क्र. सं. | बोर्ड/निगम/ प्राधि. का नाम | कार्य सूचना निविदा का नाम | खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय) | राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में | बोर्ड/निगम/ प्राधि. की वेबसाइट | नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | लोनिवि भ व प चरखी दादरी | चरखी दादरी जिले में प्रांतीय मंडल, लोनिवि भ व प शाखा, चरखी दादरी में सीएचसी बोंद कलां में खण्ड जन स्वास्थ्य इकाई (बीपीएचयू) का निर्माण। | 18.06.2024 28.06.2024 | 39.51 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9812022251 pwd-eepd-dadri@hry.nic.in |
| 2 | पंचायती राज हिसार | खारी ब्लॉक उकलाना – हिसार जिले में कब्रिस्तान में आयरन शैड का निर्माण (एचआरडीएफ) + 6 कार्य। | 19.06.2024 09.07.2024 | 328.21 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 3 | पंचायती राज हिसार | माजरा, नारनौंद, बेरवाल चौपाल को पूरा करना (वीएएनजीवाई) + 6 कार्य। | 19.06.2024 25.06.2024 | 45.37 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 4 | पंचायती राज हिसार | अनिपुरा, हांसी1, सामान्य चौपाल की मरम्मत + 10 कार्य। | 18.06.2024 01.07.2024 | 71.30 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466629211 prexeeng.hsr@hry.nic.in |
| 5 | पंचायती राज रायपुर रानी, पंचकूला | गोलपुरा – गांव गोलपुरा, ब्लॉक रायपुर रानी, जिला पंचकूला में एससी शमशान घाट में आईपीबी को बिछाना, स्कीम एसडीए + 5 कार्य। | 19.06.2024 24.06.2024 | 38.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9646881091 sdopr.raipurrani@ymail.com |
| 6 | लोनिवि भ व प हिसार | टोहाना, जिला फतेहाबाद में नये बस स्टैंड का निर्माण (सीएम घोषणा सं. 9768 दिनांक 30.12.2014 (सीसीटीवी कैमरा सिस्टम, फायर अलॉर्म और पीए सिस्टम, एलएएन और ईपीएबीएक्स सिस्टम का प्रावधान केवल) + 1 कार्य। | 19.06.2024 02.07.2024 | 36.89 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662225651 pwd-eeed-hissar@hry.nic.in |
| 7 | वन विभाग हरियाणा सोनीपत | खरखौदा ब्लॉक में नर्सरियों समेत वानिकी कार्य। | 18.06.2024 24.06.2024 | 24.95 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1302988833 dfosonipat@yahoo.co.in |
| 8 | पंचायती राज करनाल | गांव डेरा पिंडोरिया, ब्लॉक असंध, जिला करनाल में डेरा कुलवंत सिंह पुत्र लाल सिंह से आईएलपीबी गली का निर्माण, वीएएनजीवाई 2023-24 + 2 कार्य। | 18.06.2024 01.07.2024 | 25.62 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 9 | सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, हिसार | आरडी 0 से आरडी 11500 तक भोजराज सब माइनर की पुनः स्थापना + 1 कार्य। | 19.06.2024 27.06.2024 | 119.82 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 1662237870 xenwsdnhsrhsr@gmail.com |
| 10 | जिला परिषद अम्बाला | एसएचसी – गांव तोबा ब्लॉक साहा (अम्बाला) में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 14.06.2024 28.06.2024 | 50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2975281 zpexenambala@gmail.com |
| 11 | जिला परिषद अम्बाला | एसएचसी – गांव कल्पी ब्लॉक साहा (अम्बाला) में उप स्वास्थ्य केन्द्र का निर्माण। | 12.06.2024 25.06.2024 | 50 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 0171-2975281 zpexenambala@gmail.com |
| 12 | पंचायती राज सोनीपत | गांव चिटाना, ब्लॉक सोनीपत में स्वागत द्वार का निर्माण + 20 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.06.2024 | 181.52 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 13 | पंचायती राज सोनीपत | गांव दोदवा ब्लॉक सोनीपत में कब्रिस्तान की चारदिवारी का निर्माण, एचजीवीवाई + 9 कार्य। | बंद होने की तिथि 24.06.2024 | 44.20 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9996001199 vijaypal2315@gmail.com |
| 14 | पंचायती राज करनाल | गांव अमुपुर, ब्लॉक निसिंग, जिला करनाल में बीसी चौपाल के पिछली तरफ जोहड़ पर गऊ घाट का निर्माण, स्कीम वीएएनजीवाई + 15 कार्य। | 17.06.2024 22.06.2024 | 94.24 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9813805200 prexeeng.krl@hry.nic.in |
| 15 | पंचायती राज सोनीपत | गांव रिंढाना में ऐज पेविंग रास्ता पर ब्रिक का निर्माण + 4 कार्य। | बंद होने की तिथि 27.06.2024 | 64.34 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9416391006 prexeeng.snp@gmail.com |
| 16 | लोनिवि भ व प फतेहाबाद | फतेहाबाद जिले में भट्टू कलां में सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र की विशेष मरम्मत। | 18.06.2024 25.06.2024 | 12.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01667-220120 pwd-eepd-fatehabad@hry.nic.in |
| 17 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव बलकारा, ब्लॉक झोझू कलां में मुख्य चौपाल में हॉल का निर्माण, (वीएएनजीवाई) + 6 कार्य। | 18.06.2024 25.06.2024 | 50.54 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 18 | पंचायती राज चरखी दादरी | गांव कलियाना, ब्लॉक झोझू कलां में कलियाना से कलाली तक रास्ता का निर्माण (स्कीम-डीएमएफ)। | 13.06.2024 02.07.2024 | 51.91 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9417527275 xenprcharkhidadri@gmail.com |
| 19 | पंचायती राज पानीपत | गांव अलुपुर, ब्लॉक मडलौडा, जिला पानीपत में धनतान पाना चौपाल के निर्माण हेतु कच्चा लागत आकलन + 20 कार्य। | 19.06.2024 25.06.2024 | 285.25 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9068676922 prexeeng.pnp@hry.nic.in |
| 20 | लोनिवि भ व प जीन्द | देवीलाल चौक से यमुना पुल तक एनएच-709ए के विभिन्न स्थानों पर स्पीड कम करने के उपायों के कार्य हेतु डीएनआईटी। | बंद होने की तिथि 01.07.2024 | 3.78 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9896223743 eepdnhjind1@gmail.com |
| 21 | पंचायती राज पिंजौर, पंचकूला | बक्शीवाला – गांव बक्शीवाला, जीपी बक्शीवाला, ब्लॉक पिंजौर में एससी चौपाल की मरम्मत और रखरखाव + 4 कार्य। | 19.06.2024 25.06.2024 | 12.15 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9466110204 kumar.satish.9417@gmail.com |
| 22 | लोनिवि भ व प सिरसा | 5 अदद सड़कों को चौड़ा करने/मजबूतीकरण, आईपीबी के प्रावधान द्वारा विशेष मरम्मत हेतु डीएनआईटी अर्थात 1. नाथोर से मामेरखेड़ा बचेर रोड कि.मी. 0 से 2.47 तक रोड पर चौड़ा करना/मजबूतीकरण (रोड आईडी : 11009), 2. बचेर कि.मी. 0 से 1.06 पर कनेक्टिंग लिंक रोड से लोनिवि रोड तक रोड पर चौड़ा करना/मजबूतीकरण आईपीबी (रोड आईडी : 11006), 3. नाथोर से ढाणी भुतरान कि.मी. 0 से 2.93 तक रोड पर चौड़ा करना/मजबूतीकरण/आईपीबी (रोड आईडी : 11007), 4. नाथोर (रोड आईडी : 11005) कि.मी. 0 से 0.84 पर कनेक्टिंग लिंक रोड से लोनिवि रोड तक रोड पर चौड़ा करना / मजबूतीकरण / आईपीबी का प्रावधान, 5. हैड-5054 (डब्ल्यू.पी. 2024-25) ग्रुप-1) (जीएसटी के बिना) के तहत रानियां निर्वाचन क्षेत्र में सिरसा जिले में सिरसा ओट्टू रानियां डबवाली (एसओआरडी) रोड से मामेरखेड़ा कि.मी. 0.0 से 5.51 तक रोड पर 20 मिमी पीसी का प्रावधान (रोड आईडी : 5933) + 4 कार्य। | 19.06.2024 04.07.2024 | 2055.31 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 01666-222959 pwd-eepd2-sirsa@hry.nic.in |
| 23 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | रेवाड़ी जिले में रेवाड़ी में सेक्टर-19 में आबकारी एवं कराधान विभाग के लिए जिला मुख्यालय कार्यालय भवन के लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास + 1 कार्य। | 19.06.2024 27.06.2024 | 28.07 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 24 | लोनिवि भ व प गुरुग्राम | फरीदाबाद जिले में गांव छैनसा, तहसील बल्लभगढ़ में श्री अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय के लैंडस्कैपिंग कार्य का विकास। | 14.06.2024 21.06.2024 | 19.83 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9717214202 zilesinghhort@gmail.com |
| 25 | राज्य परिवहन निदेशालय हरियाणा | जनरेटिंग सैट्स की आपूर्ति, स्थापना और प्रचालन हेतु। | 20.06.2024 15.07.2024 | 430 लाख | https://etenders.hry.nic.in www.hartrans.gov.in | 1722710371 dtcpndhr@gmail.com |
| 26 | वन विभाग हरियाणा, झज्जर | आवास आरओ झज्जर और रैज ऑफिस झज्जर तथा आवास आरओ बहादुरगढ़ की मरम्मत और पेंट। | 19.06.2024 26.06.2024 | 10 लाख | https://etenders.hry.nic.in | 9650992152 dfojajjar@gmail.com |

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें: www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
पीआरडीएच–11/2025/520/27006/I/88/7 दि. 20.06.24

### अस्पतालों में बीमार पड़े मरीज़ों की संख्या बढ़ी

# गर्मी से 24 घंटे में 22 लोगों की मौत

एजेंसी, हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली



दिल्ली के राम मनोहर लोहिया (आरएमएल) और सफदरजंग समेत अन्य अस्पतालों में बीते 24 घंटे में संदिग्ध रूप से गर्मी की वजह से बीमार पड़े 22 लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। दिल्ली में बीते कुछ दिनों से भीषण गर्मी पड़ रही है। हालांकि बृहस्पतिवार को सुबह हल्की बारिश होने से शहरवासियों को कुछ राहत मिली। दिल्ली के अस्पतालों में भीषण गर्मी की वजह से बीमार पड़े मरीज़ों की संख्या बढ़ रही है।

सफदरजंग अस्पताल के अधिकारियों के मुताबिक, गर्मी की वजह से बीमार पड़े 33 मरीज़ों को भर्ती कराया गया है। उन्होंने बताया कि बीते 24 घंटे में 33 में से 13 रोगियों की मौत हो गई है। आरएमएल अस्पताल के एक सूत्र ने बताया कि अस्पताल में बीते 24 घंटे में संदिग्ध रूप से गर्मी की वजह से बीमार पड़े 22 लोगों को भर्ती कराया गया जिनमें से पांच की मौत हो गई है। एक आधिकारिक सूत्र ने बताया कि दिल्ली सरकार के एलएनजेपी अस्पताल के आपातकालीन वार्ड में 17 मरीज भर्ती कराए गए हैं, जबकि पिछले 24 घंटे में पांच मरीजों की मौत हो गई। इस बीच शहर के मुख्य श्मशान घाट - निगमबोध घाट - पर दाह संस्कार की संख्या में वृद्धि देखी गई है। हालांकि अधिकारी यह पुष्टि नहीं कर सके कि मौतें गर्मी से संबंधित थीं या नहीं। निगमबोध घाट संचालन समिति के महासचिव सुमन गुप्ता ने बताया कि निगमबोध घाट पर बुधवार को अंतिम संस्कार के लिए 142 शव लाए गए, जो प्रतिदिन के औसत से लगभग 136 प्रतिशत अधिक है। इस घाट पर रोज़ाना 50-60 शव लाए जाते हैं। मंगलवार को भी 97 शवों का अंतिम संस्कार किया गया था। गुप्ता ने कहा कि आमतौर पर यहां रोजाना 50-60 शवों को अंतिम संस्कार के लिए लाया जाता है। पिछले कुछ दिनों में यह संख्या बढ़ गई है। आज सुबह से 35 शवों का अंतिम संस्कार किया गया है और दिन के अंत तक यह संख्या बढ़ सकती है।

## लंबे इंतजार के बाद दिल्ली में हुई राहत की हल्की बारिश

**नई दिल्ली।** दिल्ली वालों को लंबे समय बाद बुधवार देर रात व गुरुवार सुबह दिल्ली में हुई हल्की बारिश ने भीषण गर्मी और झुलसाने वाली लू से राहत दी है। गुरुवार की सुबह बेहद खुशगवार रही, सुबह सुबह हल्की बारिश और ठंडी ठंडी हवाओं ने राजधानीवासियों का स्वागत किया। आसमान पर बादलों का डेरा ऐसा प्रतीत हुआ जैसे दिनभर ऐसे ही मौसम हसीन बना रहेगा। लेकिन दोपहर आते आते बादलों से सूरज ने मुंह निकाला और धीरे धीरे लाल होने लगा। प्रादेशिक मौसम विभाग दिल्ली केंद्र (आईएमडी) के अनुसार बारिश व तेज हवाओं के बाद दिल्ली का अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 1 डिग्री ज्यादा है। वहीं न्यूनतम तापमान भी घटकर 29.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो इस मौसम के सामान्य से 2 डिग्री ज्यादा है। आईएमडी ने अनुमान जताया है कि शुक्रवार को भी दिल्ली में मौसम राहत भरा हल्की बारिश वाला रह सकता है। तापमान में भी बढ़ोतरी की संभावना नहीं है। लेकिन उसके बाद शनिवार से तापमान में बढ़ोतरी होनी शुरू होगी और हीटवेव भ्झी परेशान कर सकती है। अनुमान है कि 23-24 जून को दिल्ली में हीटवेव परेशानियां पैदा करने वाली होगी। तापमान भी 40 से बढ़कर 43 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। यह हालात मानसून के दिल्ली दस्तक देने की अनुमानित 29 जून तक बने रह सकते है। बता दें कि दिल्ली में मई महीने से ही भीषण गर्मी पड़ रही है। जबकि जून महीने में सालों बाद ऐसा हुआ कि लगातार सात दिन से अधिक लू चलती रही। वहीं अधिकतम पारा भी कई दिल लगातार 40 डिग्री से ज्यादा दर्ज होता रहा। भीषण गर्मी और झुलसा देने वाली लू ने लोगों को घरों में बंद रहने के लिए मजबूर कर दिया। सुबह से ही अधिकांश व्यस्त सड़के सुनसान दिखाई देने लगती। अब दिल्ली वाले सबसे ज्यादा बेसब्री से मानसून की झमाझम बारिश का इंतजार कर रहे है।

# जल मंत्री आतिशी हरियाणा से पानी दिलवाने के लिए आज भोगल में शुरू करेगी अनशन

**नई दिल्ली।** अपनी दी चेतावनी के अनुरूप दिल्ली की जल मंत्री आतिशी दिल्लीवालों को हरियाणा से उनके हक का पानी दिलवाने के लिए आज दोपहर 12 बजे जंगपुरा स्थित 'भोगल' इलाके में जल मंत्री आतिशी का अनिश्चितकालीन अनशन शुरू करेंगी। अनशन शुरू करने से पहले जल मंत्री आतिशी राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि देने राजघाट जायेंगी। इस बात की जानकारी जल मंत्री आतिशी ने दी है। आतिशी ने कहा कि दिल्लीवालों को उनके हक का पानी मिले इसके लिए बतौर जल मंत्री मैंने हर संभव प्रयास किया लेकिन फिर भी हरियाणा ने पानी नहीं दिया इसलिए अब मजबूरन पानी सत्याग्रह शुरू करना होगा। उन्होंने कहा कि महात्मा गांधी ने सिखाया है कि सच्चाई की लड़ाई लड़ने के लिए सत्याग्रह अंतिम चारा है, मैं आज से सत्याग्रह के ज़रिए दिल्ली के 28 लाख लोगों के लिए इस लड़ाई को लड़ूंगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली को हरियाणा से 613 मिलियन गैलन(एमजीडी) पानी मिलना चाहिए लेकिन हरियाणा मात्र 513 एमजीडी पानी दे रही है। दिल्ली में हरियाणा से रोजाना 100 एमजीडी पानी कम आ रहा है; इससे पानी की त्राहि-त्राहि मची हुई है और 28 लाख से ज़्यादा लोगों को अपने हक़ का पानी नहीं मिल पा रहा है। ऐसे में जब तक हरियाणा सरकार दिल्ली के 28 लाख लोगों के हक का पानी नहीं छोड़ती है, तब तक मैं अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठूंगी।

### हीटवेव में दिल्लीवालों को है ज्यादा पानी की जरूरत

वरिष्ठ आप नेता और दिल्ली कैबिनेट मंत्री आतिशी ने साझा करते हुए कहा कि दिल्ली में इस समय भीषण गर्मी है। दिल्लीवाले इस हीटवेव से परेशान है। इस हीटवेव में जब दिल्लीवालों को ज्यादा पानी की ज़रूरत है, उस दौरान दिल्ली में पानी की किल्लत हो गई है। दिल्ली की कुल पानी की सप्लाई 1005 मिलियन गैलन प्रतिदिन है। इसमें से 613 एमजीडी हरियाणा से आता है। लेकिन हरियाणा पिछले कुछ दिनों से वो 513 एमजीडी पानी दे रहा है, यानी दिल्ली में रोजाना 100 मिलियन गैलन पानी कम आ रहा है। इस कारण दिल्ली में 28 लाख से ज़्यादा लोगों को अपने हक का पानी, सप्लाई का पानी नहीं मिल पा रहा है। इस कारण दिल्लीवाले बहुत परेशान है, दिल्ली में पानी की त्राहि-त्राहि मची हुई है।

### जल मंत्री होने के नाते हर संभव कोशिश की

आतिशी ने कहा कि मैंने जल मंत्री होने के नाते हर संभव कोशिश की। केंद्र सरकार से बात की, हरियाणा सरकार से बात की, हिमाचल प्रदेश सरकार से बात की। हिमाचल पानी देने को तैयार है लेकिन वो भी हरियाणा से होकर आना है और इसके लिए हरियाणा सरकार ने मना कर दिया। हम सुप्रीम कोर्ट गए। हमने अपने अफसरों को हरियाणा सरकार के पास भेजा फिर भी हरियाणा सरकार ने पानी देने से मना कर दिया। दिल्ली सरकार के विधायक जलशक्ति मंत्री से मिलने गए कि वो हरियाणा सरकार को दिल्ली के लिए पानी छोड़ने को कहे। मैंने कल प्रधानमंत्री जी को भी चिट्ठी लिखी। लेकिन इन सब के बावजूद अभी तक हरियाणा सरकार दिल्लीवालों को पानी नहीं दिया है।

### आतिशी द्वारा धरने के लिए जंगपुरा के भोगल को चुनना आश्चर्यजनक : भाजपा

नई दिल्ली। दिल्ली भाजपा की उपाध्यक्ष योगिता सिंह ने कहा है कि हमें लगता था कि मंत्री आतिशी अपना धरना किसी प्रसिद्ध बड़े स्थान पर करेंगी पर उनके द्वारा जंगपुरा के भोगल को चुनना आश्चर्यजनक है। योगिता सिंह ने कहा है कि सवाल यह है कि अगर उन्हें किसी कॉलोनी में बैठ कर ही धरना करना था तो अपनी विधानसभा कालकाजी में करतीं पर वहां जाने की अब उनमें हिम्मत नहीं है क्योंकि वहां तो वह जन आधार खो चुकी हैं। नगर निगम चुनाव में हो या हाल ही में सम्पन्न लोकसभा चुनाव दोनों में आम आदमी पार्टी को कालकाजी में करारी हार का सामना करना पड़ा। ऐसा लगता है कि आतिशी शायद 2025 का विधानसभा चुनाव अब जंगपुरा से ही लड़ेंगी जहां उनके माता पिता रहते रहे ।

### संजय सिंह ने हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी लेने के लिए इंडिया गठबंधन से मांगा समर्थन




**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने गुरुवार को हरियाणा से दिल्ली के हिस्से का पानी लेने की लड़ाई में इंडिया गठबंधन से समर्थन मांगा है। संजय सिंह ने कहा कि देश के इतिहास में यह पहली बार होगा जब एक राज्य की जल मंत्री पानी के संकट के लिए अपनी आवाज उठाते-उठाते थक गई तो उसे अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठना पड़ रहा है। आज दिल्ली के लोगों को पानी की एक-एक बूंद के लिए तरसाया जा रहा है। उसके खिलाफ शुक्रवार से दिल्ली की जल मंत्री आतिशी का अनशन शुरू हो रहा है। मैं इंडिया गठबंधन के सभी दलों से अनुरोध करता हूं कि वह इस लड़ाई में आतिशी और आम आदमी पार्टी का साथ दें। हम गलत हैं तो आप हमें सजा दें, लेकिन दिल्ली को हरियाणा सरकार से दिल्ली के हक का पानी मिलना चाहिए। जल मंत्री आतिशी दिल्ली के लोगों के हक के लिए अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठ रही हैं। मैं दिल्ली की जनता से निवेदन करूंगा कि वे भी इस लड़ाई में आतिशी के साथ आएं। संजय सिंह ने प्रधानमंत्री से आग्रह किया कि दिल्ली का जल संकट दूर करवाएं। वहीं संजय सिंह ने दिल्ली में गहराए जल संकट के लिए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि वे प्रदर्शन करते हैं और नाटकबाजी करते हैं। अगर वे वास्तव में चाहते हैं कि दिल्ली को पानी मिले तो उन्हें हरियाणा भवन के बाहर प्रदर्शन करना चाहिए।









### भाजपा के आरोप पर आप का पलटवार : जल बोर्ड मुनाफा कमाने की नहीं, सेवा करने की इकाई है

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी ने जल संकट पर भाजपा द्वारा लगाए जा रहे झूठे आरोपों पर गुरुवार को पलटवार करते हुए कहा कि दिल्ली जल बोर्ड ने दिल्ली की जनता को अच्छा इंफ्रास्ट्रक्चर देने पर जो पैसे खर्च किए हैं, उसे भाजपा घाटा बता रही है। भाजपा को पता होना चाहिए कि डीजेबी मुनाफा कमाने की नहीं, बल्कि सेवा करने की ईकाई है। प्रैसवार्ता में आप की मुख्य प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा पिछले 8 सालों में केजरीवाल सरकार ने 7300 किमी नई पाइप लाइन डालने, 3700 किमी पुरानी पाइप लाइनों को बदलने और नए डब्ल्यूटीपी बनाने समेत डीजेबी में अनेकों काम किए हैं। उन्होंने कहा कि आज पानी की कमी के चलते दिल्ली के 28 लाख लोगों का जीवन खतरे में है। भाजपा पहले अपनी हरियाणा सरकार से दिल्ली को उसके हक का पानी दिलवाए। इसके बाद हम पर आरोप लगाए। जल मंत्री आतिशी ने प्रधानमंत्री और एलजी से हस्तक्षेप करने की अपील भी कीं, लेकिन जल संकट का समाधान नहीं हुआ। इसलिए मजबूर होकर वो शुक्रवार से अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने जा रही हैं। प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि दिल्ली के जल संकट के समाधान के लिए भाजपा कुछ भी नहीं किया। भाजपा ने केवल मटके फोड़े। भाजपा के सांसद और एलजी कहते थक नहीं रहे हैं कि हरियाणा सरकार दिल्ली को पर्याप्त पानी छोड़ रही है, लेकिन उन्होंने वजीराबाद जाकर इसकी जांच करने हिम्मत नहीं जुटाई, ताकि पता चल सके कि कौन झूठ और कौन सच बोल रहा है। अगर भाजपा के सांसद और एलजी वजीराबाद चले जाते तो उनको दिख जाता कि वहां जल स्तर कितना है और हरियाणा से कितना कम पानी छोड़ा जा रहा है।

## हीट स्ट्रोक के बढ़ते मामलों के चलते स्वास्थ्य मंत्री सौरभ ने किया मालवीय अस्पताल का औचक निरीक्षण

नई दिल्ली। दिल्ली में हीट स्ट्रोक के बढ़ते मामलों के चलते गुरुवार को दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने मदन मोहन मालवीय अस्पताल का निरीक्षण किया औचक निरीक्षण किया और हीट स्ट्रोक के मरीजों से मिले। उन्होंने अस्पताल में मरीजों की स्थिति और इलाज की व्यवस्था का जायजा लिया। वहीं उन्होंने बताया कि हीट स्ट्रोक के 14 मरीजों की मौत हुई है हालांकि ये सभी मरीज पहले से ही किसी न किसी बड़ी बीमारी से ग्रसित थे। स्वास्थ्य मंत्री ने चिकित्सकों से बातचीत कर गर्मी से बचाव के उपायों पर जोर दिया और अस्पताल में सभी आवश्यक सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। मंत्री सौरभ भारद्वाज ने अस्पताल में दवाई, पानी, बिजली और एयर कूलिंग की व्यवस्थाओं की भी समीक्षा की। साथ ही साथ उन्होंने जनता से भी अपील की, कि वे अधिक से अधिक गर्मी से बचने के उपाय अपनाएं। औचक निरीक्षण के पश्चात मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि पिछले कुछ दिनों में दिल्ली में गर्मी अधिक बढ़ी है। यहां तक कि जो न्यूनतम तापमान है वह भी 38 डिग्री सेल्सियस मापा गया है। गर्मी के चलते पूरे उत्तर भारत में हीट स्ट्रोक के मरीजों की संख्या बढ़ी है। इसी के चलते आज हम दिल्ली सरकार के मदन मोहन मालवीय अस्पताल में व्यवस्थाओं का ज्यादा लेने पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि अस्पताल में हीट स्ट्रोक के मरीजों के लिए सभी दवाइयां, इंजेक्शन आइस पैक आदि पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है। साथ ही साथ हीट स्ट्रोक के मरीजों को ठंडक में रखने के भी पर्याप्त इंतजाम अस्पताल में किए गए हैं।



### मंत्री ने सभी लोगों से की गर्मी से बचने की अपील

मंत्री सौरभ भारद्वाज ने दिल्ली के सभी लोगों से गर्मी से बचने की अपील की। खास तौर पर ऐसे लोग जो फील्ड का काम करते हैं उदाहरण के तौर पर सिक्योरिटी गार्ड, मैकेनिक, मजदूर आदि सभी लोगों से गर्मी से बचने के पर्याप्त उपाय अपनाने की अपील की। अस्पताल में भर्ती एक सिक्योरिटी गार्ड का उदाहरण देते हुए उन्होंने बताया कि 2 दिन लगातार गर्मी में काम करने की वजह से उन्हें हीट स्ट्रोक की समस्या हो गई थी। वह अस्पताल में भर्ती है और अब बेहतर महसूस कर रहे हैं, जल्द ही वह स्वस्थ होकर अपने घर पहुंचेंगे।

### हीट स्ट्रोक के 310 मरीज हुए अस्पतालों में भर्ती

हीट स्ट्रोक के मरीजों के संबंध में मौजूदा डाटा साथ साझा करते हुए मंत्री सौरभ भारद्वाज ने बताया कि मुझे मिली जानकारी के अनुसार बीते कुछ समय में हीट स्ट्रोक के लगभग 310 मरीज अस्पताल में भर्ती हुए, जिनमें से 112 मरीज ठीक होकर अपने घर जा चुके हैं।

स्वास्थ्य मंत्री सौरभ ने बताया कि हीट स्ट्रोक के 14 मरीज जिनकी मृत्यु हुई, उनमें लगभग सभी को पहले से ही कोई ना कोई गंभीर बीमारी जैसे कैंसर या किडनी आदि की बीमारी थी, जिसकी वजह से उनकी स्थिति और अधिक बिगड़ गई और उनकी मृत्यु हो गई। दिल्ली सरकार पूरी तरह से परिस्थितियों पर नजर बनाए हुए हैं। सभी अस्पतालों में हीट स्ट्रोक के मरीजों के उपचार के लिए पर्याप्त दवाइयां और वातावरण की व्यवस्था सुचारू रूप से की गई हैं। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है जैसे ही कोई भी हीट स्ट्रोक का मरीज मिलता है, तुरंत प्रभाव से उसको दिल्ली सरकार के नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया जाए और उसका उपचार शुरू किया जाए ताकि उसकी जान बचाई जा सके।

# यदि जल संकट है तो पैसा देते ही हर नुक्कड़ पर कैसे मिल रहें है पानी के टैंकर्स : सचदेवा

**नई दिल्ली।** हम दिल्ली सरकार से पूछते हैं यदि दिल्ली में जल संकट है, जल की कमी है तो पैसा देते ही हर नुक्कड़ पर जल टैंकर्स और पानी के 20 लीटर कैन धड़ल्ले से कैसे मिल रहे हैं। यह कहना अतिशयोक्तिपूर्ण नहीं होगा कि दिल्ली में जल की कोई कमी नहीं है बल्कि केजरीवाल सरकार उपलब्ध जल की कालाबाजारी करवा रही है। दिल्ली भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा ने केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा, सासंद मनोज तिवारी, रामवीर सिंह बिधूड़ी, योगेंद्र चंदोलिया एवं बांसुरी स्वराज के साथ गुरूवार को एक आयोजित एक संयुक्त प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए दिल्ली सरकार पर उक्त आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यह खेदपूर्ण है कि गत 10 साल से दिल्ली सरकार की अकर्मण्यता एवं भ्रष्टाचार के चलते जहां दिल्ली का विकास ठप्प रहा है तो वहीं आज देश की राजधानी में लोग विशेषकर गरीब अपना दैनिक काम धंधा छोड़ कर एक एक बाल्टी पानी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। वहीं, प्रेस वार्ता का संचालन मीडिया प्रमुख प्रवीण शंकर कपूर ने किया और कहा कि दिल्ली सरकार की शह पर पानी की चोरी एवं बर्बादी हो रही है और केजरीवाल सरकार चोरी करवा कर सीनाजोरी कर रही है। प्रेसवार्ता में केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा ने कहा कि आम आदमी पार्टी के पास जब भी जिम्मेदारी आती है यह सिर्फ उससे भागते हैं चाहे दिल्ली सरकार में हो या फिर नगर निगम में। सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि केजरीवाल सरकार बताए कि पानी संरक्षण के लिए उन्होंने क्या किया है और अभी तक विधानसभा क विशेष सत्र क्यों नहीं बुलाया। सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने कहा कि हिमाचल सरकार ने कोर्ट में कहा है कि उसने अभी कोई पानी नहीं दिया है लेकिन उसके बावजूद आतिशी कह रही हैं कि हरियाणा पानी नहीं छोड़ रहा है। सांसद योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि मैं आतिशी से मांग करता हूं कि वह एक सर्वदलीय बैठक बुलाकर पानी की वर्तमान स्थिति पर चर्चा करें और बताए कि उन्होंने दिल्ली में लोगों को पानी देने के लिए अभी तक क्या किया है। सांसद बांसुरी स्वराज ने कहा कि दिल्ली प्यासी मर रही है क्योंकि आम आदमी पार्टी की सरकार अपने प्रचार और प्रसार में व्यस्त हैं।

### दिल्ली में चल रहा है जल भ्रष्टाचार

सचदेवा ने कहा है कि हम लगातार कहते रहे हैं और आज फिर दोहराते हैं कि दिल्ली में जल संकट नहीं है बल्कि दिल्ली में जल भ्रष्टाचार चल रहा है जिसमें दिल्ली की पूरी सरकार एवं आम आदमी पार्टी शामिल है। वहीं, सचदेवा ने केन्द्रीय राज्य मंत्री हर्ष मल्होत्रा एवं अन्य सांसदों की उपस्थिति में हरियाणा सरकार से प्राप्त




तथ्यों को मीडिया के माध्यम से दिल्ली वालों के समक्ष रखा। उन्होंने कहा कि यह पहला मौका नहीं जब केजरीवाल सरकार हरियाणा सरकार पर दोषारोपण कर रही हो।

### पानी को लेकर आप की एक राजनीतिक नौटंकी

भाजपा नेताओं ने कहा कि दो वर्ष पूर्व तक जब जब अरविंद केजरीवाल सरकार पानी चोरी एवं बर्बादी रोकने में अपनी असफलता के चलते दिल्ली को गर्मियों में पूरा पानी देने में विफल रही है तो हरियाणा एवं पंजाब पर दोष मढ़ती रही पर इस वर्ष केवल हरियाणा पर दोष मढ़ रही है। पंजाब में आम आदमी पार्टी की अपनी सरकार है तो उससे अतिरिक्त पानी ना मांग कर दिल्ली सरकार हिमाचल प्रदेश से अतिरिक्त जल मांग रही है जो केवल एक राजनीतिक नौटंकी है।

### हरियाणा दिल्ली को संबंधित समझौते अनुसार दे रहा है पूरा पानी

प्रेसवार्ता में बताया गया कि 2018 में भी केजरीवाल सरकार ने इसी तरह हरियाणा एवं पंजाब राज्यों पर दिल्ली को पूरा जल ना देने के आरोप लगाये थे। आरोप लगाती केजरीवाल सरकार अपर यमुना रिवर बोर्ड के समक्ष आरोप लेकर गई और जांच के बाद यमुना बोर्ड ने फैसला दिया कि दिल्ली सरकार का आरोप झूठा है और हरियाणा दिल्ली को संबंधित समझौते अनुसार पूरा पानी दे रहा है।

### सर्वोच्च न्यायालय ने केजरीवाल सरकार को सख्त फटकार लगाई

सचदेवा ने कहा कि वर्ष 2021 में केजरीवाल सरकार ने फिर जल संकट पर पड़ोसी राज्य हरियाणा दोषारोपण किया और फिर इस मामले को सर्वोच्च न्यायालय को ले गई। सर्वोच्च न्यायालय द्वारा स्थापित समिति ने जांच की और रिपोर्ट आई कि हरियाणा समझौता अनुसार दिल्ली को पूरा पानी दे रहा है। 2021 में इस रिपोर्ट के आने पर सर्वोच्च न्यायालय ने केजरीवाल सरकार को सख्त फटकार लगाई थी।

# केजरीवाल की जमानत पर आप में खुशी की लहर, नेताओं ने कहा- हुई सत्य की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को शराब घोटाले में जमानत मिलने के बाद आम आदमी पार्टी (आप) में खुशी की लहर दौड़ गई है। आप के सभी नेता इसे सत्य की जीत बता रहे हैं। सबसे पहले आप की वरिष्ठ नेता और कैबिनेट मंत्री आतिशी ने ट्वीट कर कहा कि सत्यमेव जयते। इसके बाद आप राष्ट्रीय महासचिव संदीप पाठक ने ट्वीट किया और कहा कि जाको राखे साइयां, मारि न सके कोय। बाल न बांका करि सके, जो जग बैरी होय। सत्यमेव जयते। वहीं आप नेता और कैबिनेट मंत्री सौरभ ने ट्वीट कर कहा कि पीएमएलए के मामलों में किसी भी तरह की राहत के लिए सुप्रीम कोर्ट तक इंतज़ार करना पूरी न्याय व्यवस्था का दम घोट रहा था। निचली अदालतें भी समय पर न्याय दें, यह बहुत जरूरी था। हर मामला सुप्रीम कोर्ट जाये, ये सुप्रीम कोर्ट का बोझ बेवजह बढ़ा रहा था। वहीं आप से राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भी केजरीवाल को जमानत मिलने पर सत्य की जीत बताया है। वहीं कैबिनेट मंत्री गोपाल राय ने कहा कि सत्य परेशान हो सकता है, पराजित नहीं, सत्यमेव जयते।

### नीट यूजी पेपर लीक मामले पर दिल्ली कांग्रेस आज करेगी भाजपा मुख्यालय का घेराव

**नई दिल्ली।** नीट यूजी परीक्षा में धांधली के आरोपों को लेकर आज शुक्रवार को दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी भाजपा मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन करते हुए घेराव करेंगे। प्रदर्शन को लेकर दिल्ली अध्यक्ष देवेंद्र यादव ने कहा कि भाजपा सरकार में युवाओं के भविष्य के साथ लगातार खिलवाड़ किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नीट, यूजी परीक्षा में धांधली ने जहां लाखों युवाओं का भविष्य अंधकारमय कर दिया वहीं सरकार की नाकामी को भी उजागर करके रख दिया है। कांग्रेस देश के हर युवा के साथ खड़ी है।

# मुख्य सचिव नरेश कुमार भारतीय जनता पार्टी के एजेंट के रूप में कर रहे हैं काम : सौरभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

- आचार संहिता के दौरान भाजपा के उम्मीदवार बिधूड़ी एवं मुख्य सचिव ने मिलकर वोटरों को प्रभावित करने का गैर कानूनी काम किया
- सौरभ भारद्वाज ने केंद्रीय गृह मंत्रालय से इस संबंध में जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई करने की मांग की

आचार संहिता के दौरान दिल्ली के मुख्य सचिव नरेश कुमार, दक्षिण दिल्ली से भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा प्रत्याशी रामवीर सिंह बिधूड़ी, भाजपा के कुछ नेता तथा आरडब्ल्यूए के कुछ लोगों के साथ बैठक करते हुए पाए गए। इससे साफ होता है कि मुख्य सचिव नरेश कुमार भारतीय जनता पार्टी के एजेंट के रूप में काम कर रहे हैं। यह आरोप गुरुवार को आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं कैबिनेट मंत्री सौरभ भारद्वाज ने गुरुवार को प्रैसवार्ता में लगाया है। सौरभ भारद्वाज ने एक बार फिर केंद्रीय गृह मंत्रालय से इस संबंध में जल्द से जल्द सख्त कार्रवाई करने की मांग की है।

सौरभ ने बताया कि यह जानकारी उन्हें भारतीय जनता पार्टी के ही पूर्व विधायक ब्रह्म सिंह तंवर के फेसबुक पेज से मिली थी, जिस पर उन्होंने लिखा था कि 24 अप्रैल 2024 को श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ दिल्ली के मुख्य सचिव से मिले और दक्षिण दिल्ली लोकसभा तथा छतरपुर विधानसभा के विभिन्न विषयों को रखा। सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों के साथ वह तस्वीर भी साझा की जो कि भाजपा के पूर्व विधायक ने मुख्य सचिव से हुई मुलाकात के बाद उनके कमरे के बाहर ली थी और अपने फेसबुक पेज पर पोस्ट की थी। सौरभ ने कहा कि आचार संहिता के दौरान मैं कुछ सरकारी कामकाज को लेकर कई बार मुख्य सचिव को बैठक करने के लिए पत्र लिखा, तो उन्होंने जवाब दिया कि अभी आचार संहिता लगी हुई है कोई भी बैठक नहीं की जा सकती है। तो फिर मुख्य सचिव किस आधार पर आचार संहिता के दौरान आप भारतीय जनता पार्टी के दक्षिणी दिल्ली से लोकसभा प्रत्याशी और भाजपा नेताओं के साथ बैठक की। सौरभ ने बताया कि इस बाबत केंद्रीय गृह मंत्रालय से भी शिकायत की लेकिन वहां से अभी तक कोई जवाब नहीं प्राप्त हुआ। सौरभ भारद्वाज ने बताया कि इस संबंध में मैंने जो ट्वीट किया था उस ट्वीट के जवाब में भाजपा के तत्कालीन लोकसभा प्रत्याशी और वर्तमान में सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने भी एक ट्वीट किया, जिसमें उन्होंने लिखा कि यह किस नियम के तहत लिखा है कि आचार संहिता लगने के बाद विपक्ष का नेता किसी अधिकारी से भेंट नहीं कर सकता। उनके इस ट्वीट का जवाब देते हुए सौरभ भारद्वाज ने पत्रकारों के साथ लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 123 के सब सेक्शन 7 का हवाला देते हुए कहा कि इसमें साफ तौर पर लिखा हुआ है कि कोई भी अधिकारी यदि किसी चुनाव प्रत्याशी की मदद करता है, मदद करने की कोशिश करता है, मदद करने जैसा दिखाता है या कोई भी ऐसा काम करता है जिससे यह लगे, कि वह उस क्षेत्र में कुछ ऐसा कर रहा है जो कि वोटरों को प्रभावित करता है, तो वह भ्रष्ट आचरण कहलाएगा और इसकी सजा यह है कि चुनाव को खारिज कर दिया जाएगा और अधिकारी पर कार्यवाही होगी। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के भ्रष्ट आचरण में दिल्ली के मुख्य सचिव शामिल रहे इससे साफ जाहिर होता है कि वह लोकसभा के चुनाव में भारतीय जनता पार्टी के एजेंट के रूप में काम कर रहे थे। यही कारण है कि उनको केंद्र में बैठी भाजपा सरकार के द्वारा बार बार एक्सटेंशन दिया जा रहा है और अब उन्हें साथ ही साथ एनडीएमसी के अध्यक्ष पद का एक अतिरिक्त प्रभार और दे दिया गया।

# गिरते भूजल पर एलजी सक्सेना ने जताई चिंता

हरिभूमि न्यूज ▶▶नई दिल्ली

- लोगों से की मां के नाम पेड़ पौधे लगाने की अपील

दिल्ली में भीषण जल संकट व लगातार गिरते भू जल स्तर पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने गहरी चिंता जताई है। एलजी ने लोगों से अपील की है कि वह ज्यादा से ज्यादा संख्या में पेड़ पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि आप पीएम नरेंद्र मोदी ने 5 जून को एक पेड़ मां के नाम अभियान की शुरुआत की थी। मैंने खुद अपनी मां के नाम एक पेड़ लगाया है। मैं लोगों से अपील करता हूं कि आप सब भी एक पेड़ अपनी मां के नाम पर पेड़ लगाकर पर्यावरण बचाने में अपनी अहम भूमिका निभा सकते हैं। एलजी गुरूवार को दिल्ली में केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव के साथ पौधे लगाने के कार्यक्रम में भाग लेने पहुंचे थे। इस अवसर पर बच्चों ने भी पेड़ पौधे लगाए। इस दौरान एलजी ने कहा पिछले एक महीने से दिल्ली और पूरा देश भीषण गर्मी झेल रहा है। दिल्ली में तापमान 52 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था,वहीं दिन-प्रतिदिन भूजल स्तर घटता जा रहा है। यह हम सभी के लिए चिंताजनक है, इससे पता चलता है कि हम धरती माता के साथ न्याय नहीं कर रहे हैं।

### उपराज्यपाल ने दी महामहिम को जन्मदिन की शुभकामनाएं

नई दिल्ली। भारत की महामहिम द्रौपदी मुर्मू के जन्मदिवस पर उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना ने राष्ट्रपति भवन जाकर उन्हें शुभकामनाएं दी। एलजी ने राष्ट्रपति को शुभकामनाएं देते हुए फोटो सहित अपना संदेश भी सोशल मीडिया मंच एक्स पर पोस्ट किया है। उलजी ने अपने संदेश में लिखा है कि जन्मदिन के अवसर पर माननीय राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू जी को हार्दिक शुभकामनायें। उन्होंने लिखा कि ईश्वर से आपके उत्तम स्वास्थ्य, प्रसन्नता एवं दीर्घायु होने की प्रार्थना करने के साथ साथ कामना करता हूं कि हमें आपका समावेशी नेतृत्व सदा प्राप्त होता रहे।

जागरूकता / रजनी अरोड़ा

बच्चों, नित्य आसन और प्राणायाम करने से हम शारीरिक रूप से स्वस्थ ही नहीं रहते, दिमागी रूप से भी मजबूत बनते हैं। योग हमारे लिए कितना उपयोगी है, इन्हें तुम कैसे करो, बता रहे हैं **योग गुरु सत्य नारायण यादव।**



# योगाभ्यास करो हमेशा स्वस्थ-निरोगी रहो

बच्चों, योग हमारे प्राचीन ऋषि-मुनियों द्वारा मानव को दिया ऐसा वरदान है, जिसके नियमित और नियमपूर्वक अभ्यास से हम अपने तन और मन को स्वस्थ, निरोग और बलवान बना सकते हैं। अगर बच्चे अपनी नन्ही उम्र में ही योगाभ्यास शुरू कर दें तो उनके शरीर में गुड हार्मोंस और एनर्जी का फ्लो अधिक होगा। योग हमें फिजिकली, मेंटली और इमोशनली स्ट्रॉन्ग बनाता है। बच्चों जानो, अपने लिए कुछ उपयोगी योगासनों के बारे में। साथ ही इन्हें करने के नियम और इनसे होने वाले लाभ के बारे में भी जानो।

## ताड़ासन : शारीरिक विकास में सहायक

**अधिकांश आसन** हमारे शारीरिक विकास में बहुत सहायक होते हैं। विशेष तौर पर ताड़ासन, लंबाई बढ़ाने में सहायक होने के साथ-साथ शरीर के विभिन्न अंगों में बैलेंस बनाने में भी सहायक होता है। बढ़ती उम्र के बच्चों के लिए यह आसन बहुत ही लाभदायक है।

**ताड़ासन की विधि :** सबसे पहले दोनों पैर मिलाकर बिल्कुल सीधे खड़े हो जाओ। दोनों हाथ सामने लाओ और अंगुलियों को एक-दूसरे में फंसाकर लॉक कर लो। गहरी सांस लेते हुए हाथों को सिर के ऊपर ले जाओ। अब पंजों के बल उठो और हाथों को ऊपर की तरफ खींचो। इस पोजीशन में कुछ सेकेंड सांस रोक कर रखो, फिर धीरे-धीरे सांस छोड़ते हुए हाथ नीचे ले आओ और सीधे खड़े हो जाओ। *

## शशांक आसन, उष्ट्रासन : बढ़ती है शरीर की फ्लेक्सिबिलिटी



**ये आसन** नियमित करने से शरीर लचीला बनता है, मसल्स मजबूत होती हैं। स्पाइनल कॉर्ड को फ्लेक्सिबल बनाने के लिए शशांक आसन और उष्ट्रासन बहुत उपयोगी हैं। ये आसन करते हुए खून का प्रवाह नियमित होता है। खून का प्रवाह बढ़ने से बच्चों में आंखें कमजोर होने की समस्या दूर होती है, साथ ही मेमोरी भी बढ़ती है।

**शशांक आसन की विधि :** शशांक आसन करने के लिए पहले वज्रासन की मुद्रा में बैठ कर हाथ पीछे ले जाकर बाएं हाथ से दाएं हाथ को पकड़ो। धीरे-से गहरी सांस लो और सांस छोड़ते हुए घुटने की ओर आगे झुको। 3-4 मिनट इसी अवस्था में रुको। धीरे-धीरे सांस लेते हुए वापस वज्रासन वाली पोजिशन में आ जाओ।

**उष्ट्रासन करने की विधि :** उष्ट्रासन करने के लिए पहले वज्रासन की मुद्रा में घुटने के बल खड़े हो जाओ। हाथों को पैरों की एड़ियों पर रखकर शरीर को धीरे-धीरे पीछे ले जाओ और गर्दन को पीछे की ओर लेकर जाओ। इस पोजिशन में 5-6 सेकेंड रुको। धीरे-धीरे वापस वज्रासन की पोजिशन में आ जाओ। *



## वज्रासन : पॉश्चर ठीक रखने में मददगार

**पढ़ते समय** झुक कर पढ़ने की आदत से बच्चों के स्पाइनल कॉर्ड पर असर पड़ता है। इससे बॉडी का पॉश्चर खराब हो जाता है, गर्दन और कमर में दर्द रहने लगता है और नजर भी कमजोर हो जाती है। वज्रासन करने से खराब पॉश्चर और उनसे होने वाली समस्याओं से बचा जा सकता है। वज्रासन से स्पाइनल कॉर्ड सीधी रहती है।

**वज्रासन की विधि :** सबसे पहले योगा मैट पर घुटने के बल बैठ जाओ। दोनों पैरों के अंगूठे को एक-दूसरे से स्पर्श कराओ और एड़ियां थोड़ी खुली रखकर उस पर बैठ जाओ। अपने दोनों हाथ, पैरों के घुटने पर रखो। कुछ देर इसी अवस्था में बैठे रहो। इस दौरान नजरें सामने और रीढ़ की हड्डी बिल्कुल सीधी रखो। अधिकांश आसन खाली पेट किए जाते हैं लेकिन इस आसन को तुम खाना खाने के बाद भी कर सकते हो। *

## प्राणायाम : बढ़ता है कंसंट्रेशन और मेमोरी पॉवर

**बच्चों, अगर** तुम आसन और प्राणायाम का नियमित अभ्यास करोगे, तो इससे तुम्हारी मेमोरी भी शार्प होगी, साथ ही तुम्हारा कंसंट्रेशन लेवल भी बढ़ेगा। एक रिसर्च के मुताबिक स्क्रीन टाइम बढ़ने से बच्चों में मायोपिया (नजर कमजोर होना) की समस्या को दूर करने के लिए रोजाना 15 मिनट अनुलोम-विलोम प्राणायाम करना फायदेमंद होता है। इसके अलावा प्रणव यानी 'ओम' का उच्चारण, अर्ध शीर्षासन, शीर्षासन जैसे योगासन के नियमित अभ्यास से दिमाग में रक्त प्रवाह सुचारु तरीके से होता है, जिससे स्मरण शक्ति बढ़ती है। किसी काम को करने में दिमाग अधिक फोकस्ड रहता है, जिससे तुम किसी भी काम को अच्छी तरह एकाग्रता से कर पाओगे। यानी योग तुम्हें सुपर स्मार्ट बनाता है।

**प्रणव उच्चारण की विधि :** प्रणव उच्चारण में आलती-पालथी मारकर बैठ जाओ और हाथों को ज्ञान मुद्रा में रखो। लंबी गहरी सांस लेते हुए 'ओम' का उच्चारण करो। यह एक तरह का मेडिटेशन है। हो सके तो ओम का उच्चारण तीन हिस्सों में बांटकर करो- आ, ऊ और म। बच्चों, कोई भी योगासन करने से पहले इस बात का ध्यान रखना कि इसे अनुभवी योगा गुरु या प्रशिक्षक से अच्छी तरह सीखने के बाद ही इनका अभ्यास करना। *



### कब करें योग

बच्चों, तुम अपनी सुविधानुसार सुबह-शाम किसी भी समय योग कर सकते हो। चाहे तो दोनों समय 20-30 मिनट तक योगाभ्यास कर सकते हो।

### योग के विशेष लाभ

**रहेगा वेट पर कंट्रोल :** बच्चों, योग हमारे बॉडी वेट को बैलेंस करने में सहायक होता है। इससे अधिक वजन वाले बच्चे का वजन कम होता है और कम वजन वाले बच्चों का वजन ठीक हो जाता है। यानी योग अधिक वजन वाले और दुबले-पतले, दोनों तरह के बच्चों के लिए फायदेमंद है। योग से मांसपेशियों को ताकत मिलती है, जिससे दुबले बच्चे भी बलवान बन सकते हैं, वहीं दूसरी ओर योग के नियमित अभ्यास से शरीर से फैट कम होता है, जिससे वजन कम करने में मदद मिलती है।

**स्ट्रेस होगा कम, बढ़ेगा कॉन्फिडेंस :** योगासन और मेडिटेशन, पढ़ाई, एग्जाम या दूसरी चीजों को लेकर बच्चों में होने वाले स्ट्रेस को कम करने में मदद करता है। डीप ब्रीदिंग के साथ किए जाने वाले विभिन्न योगासनों से फेफड़े मजबूत होते हैं। नियमित प्राणायाम से फेफड़ों की ऑक्सीजन ग्रहण करने की क्षमता बढ़ जाती है, जिससे शरीर की कोशिकाओं को सही ढंग से ऑक्सीजन मिलने लगती है, इसका पूरे शरीर पर सकारात्मक असर पड़ता है। तन-मन पर नियंत्रण और दिमाग को शांत रहता है। इससे तुम कठिन से कठिन परिस्थिति में शांत रहकर काम कर सकते हो। साथ ही तुम्हारा कॉन्फिडेंस लेवल भी बढ़ता है।

## जीके क्विज-109

1. भारत के अगले थल सेना प्रमुख कौन होंगे?
2. हाल ही में कौन लगातार तीसरी बार अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री बने हैं?
3. योग का जनक (फादर ऑफ योगा) किसे कहा जाता है?
4. पहला अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कब मनाया गया था?
5. दीपा कर्माकर किस खेल के लिए जानी जाती हैं?
6. किस नदी को 'चीन का शोक' कहा जाता है?
7. कौन-सा अंग हमारे रक्त को शुद्ध करता है?
8. डुरंड कप किस खेल से संबंधित है?
9. किस देश को 'केक की भूमि' भी कहा जाता है?
10. सेब में कौन सा अम्ल पाया जाता है?



बच्चों, जीके क्विज-109 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-108 का उत्तर :** 1.चंद्रबाबू नायडू और मोहन चरण माझी, 2.ज्योति रात्रे, 3.विटामिन ए, 4.महात्मा गांधी, 5.बाबर, 6.भारत और चीन, 7.बौद्ध धर्म, 8.लैक्टोमीटर, 9.तबला, 10.वुलर झील

**जीके क्विज-108 का सही उत्तर देने वाले :** अजय साहू-धमतरी, मानवी मधुकर-बिलासपुर, कबीर-हिसार, बाबला-ईमेल से, बिंदा ध्रुव-ईमेल से, पिंकी-बिलासपुर, दीक्षा-रायपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, सरबजीत-करनाल, बी आकांक्षा-अहमदाबाद, बी ईशान-अहमदाबाद, दिव्या-रायपुर, समीर-रोहतक

## हंसगुल्ले



**सोनू :** क्या हुआ भाई, उदास क्यों बैठे हो?
**मोनू :** सुबह एक न्यूज चैनल के एंकर ने कहा था, 'आइए, हम आपको गोवा लेकर चलते हैं...।' तभी से तैयार होकर बैठा हूं, लेकिन अभी तक कोई आया ही नहीं।
-रंजीत, हिसार

**टीचर :** रोहित, तुम रोज स्कूल आने में लेट क्यों हो जाते हो?
**रोहित :** सर, एक बोर्ड के कारण।
**टीचर :** कैसा बोर्ड?
**रोहित :** रास्ते में एक बोर्ड है, जिस पर लिखा है- 'आगे स्कूल है, कृपया धीरे चलें।'
-दिव्यम, भोपाल

**साइंस टीचर :** कौन-सा लिक्विड गर्म करने पर सॉलिड बन जाता है?
**राजू :** बेसन के पकौड़े।
-तनुजा, बेमेतरा

## कहानी

सरस्वती रमेश

# योग का करिश्मा

शिवा को फास्ट फूड खाने में बहुत मजा आता था। फास्ट फूड खाने के कारण वह फैटी हो गया। फैटी हुआ तो आलसी भी हो गया। उसके मम्मी-पापा चिंतित रहते। इस बीच शिवा अपने मम्मी-पापा के साथ गांव गया। वहां दादा जी भी उसे देखकर चिंतित हुए। लेकिन उन्होंने शिवा की दिनचर्या ऐसी बदली कि एक करिश्मा-सा हो गया।



शिवा को फास्ट फूड खाना बहुत पसंद था। बर्गर, चाउमीन, पिज्जा ये सब चीजें खाने के लिए वह अकसर ही जिद करता। हालांकि मम्मी को पता था, फास्ट फूड सेहत के लिए अच्छा नहीं है, लेकिन शिवा की जिद के आगे उन्हें झुकना पड़ता। पापा की डांट का भी उस पर कुछ असर नहीं होता। फास्ट फूड खाने से शिवा का वजन लगातार बढ़ रहा था। बढ़े वजन के कारण कोई भी काम करने में उसे थकान महसूस होती। अब तो वह आलस के कारण शाम को खेलने के लिए पार्क भी नहीं जाता था। दिन में घंटों मोबाइल में वीडियो गेम खेलता। मम्मी उसके बढ़ते वजन और मोबाइल की लत से परेशान रहतीं।

इधर कुछ दिनों से शिवा के पेट में अकसर दर्द उठने लगा था। डॉक्टर ने साफ-साफ शब्दों में आगाह किया, 'शिवा, तुम्हारे डाइजेशन में दिक्कत शुरू हो गई है। फास्ट फूड बिल्कुल नहीं खाना है। साथ ही वेट भी कम करना होगा।'

डॉक्टर की बात सुनकर मम्मी-पापा चिंतित हो गए। उन्हें समझ नहीं आ रहा था शिवा का वजन कैसे कम हो? एक दिन पापा ने शिवा की मम्मी से कहा, 'क्यों न हम लोग कुछ दिनों के लिए गांव हो आएं। शिवा की गर्मियों की छुट्टियां भी चल रही हैं। गांव में शायद उसकी आदतों में कुछ सुधार हो जाए।'

'हां मुझे भी लगता है।' मम्मी ने भी हामी भरी।

चार दिन बाद ही सब गांव आ गए। गांव में दादाजी, चाचाजी और उनके बच्चे रिंकी और सोनू रहते हैं। पहले ही दिन चाची ने दोपहर में सबके लिए स्वादिष्ट खाना बनाया। रोटी में चुपड़ी देसी घी की महक ने खाने के स्वाद को कई गुना बढ़ा दिया। खाना खाकर शिवा बोला, 'इतना स्वादिष्ट तो पिज्जा भी नहीं होता।' शिवा की बात सुनकर सब हंसने लगे।

शिवा का मोटा शरीर देखकर दादाजी को चिंता हुई। उन्होंने शिवा के पापा से इस बारे में बात की। वह बोले, 'हां पिताजी, शिवा का वजन बढ़ना हमारे लिए चिंता की बात है। वजन कम करने के लिए इसे बुरी आदतें छोड़ने के लिए कहता हूं, लेकिन यह मानता ही नहीं।'

दादाजी बोले, 'तुम चिंता मत करो, मैं सब संभाल लूंगा।'

शाम को शिवा अपने चचेरे भाई-बहनों के साथ खेतों में घूमने निकल गया। ठंडी हवा चल रही थी। गांव शिवा को बहुत अच्छा लग रहा था। वहां के माहौल और भाई-बहनों के साथ में वह कुछ यूं रमा कि मोबाइल और वीडियो गेम की उसे सुध ही नहीं रही।

अगले दिन शिवा सुबह जल्दी उठ गया। उसने देखा, दादाजी रिंकी और सोनू के साथ प्राणायाम और योग कर रहे हैं। वह भी उनके पास जाकर बैठ गया। दादाजी उससे बोले, 'योग और प्राणायाम करने से बीमारियां दूर रहती हैं। शरीर चुस्त-दुरुस्त रहता है। तुम भी प्राणायाम और योग करो शिवा।'

'मुझसे नहीं होगा।' शिवा बोला।

'कोशिश तो करो।' दादाजी बड़े प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए बोले।

'जी दादाजी..।' शिवा आसानी से मान गया।

वजन ज्यादा होने से शिवा को योग आसन करने में थोड़ी दिक्कत हुई, लेकिन जब उसने कोशिश की तो प्राणायाम-योग करने लगा।

रोज सुबह योग का अभ्यास करने से जल्द ही उसे कई तरह के आसन अच्छे से आ गए। ताजे फल, दूध, दही, छाछ, हरी सब्जियां खाने से उसकी पाचन क्रिया भी दुरुस्त होने लगी। वह सुबह-शाम बाहर की खुली ताजी हवा में बिताता, जिससे उसकी फिजिकल एक्टिविटी ज्यादा हो रही थी। उसका बढ़ा हुआ वजन तेजी से कम होने लगा। थकान और आलस की समस्या भी दूर हो गई। अब तो वह मजे से दौड़ता, भागता, खेलता। उसके पेट का दर्द भी छूमंतर हो चुका था।

करीब एक माह बाद शहर लौटने का दिन आ गया। शहर जाते समय दादाजी ने शिवा से पूछा, 'गांव में कैसा लगा बेटा?'

'बहुत अच्छा दादाजी। शहर में अब ये सब नहीं मिल पाएगा।' शिवा कुछ दुखी मन से बोला।

दादाजी ने समझाया, 'शहर में भी प्राणायाम और योगासन किया जा सकता है। अनहेल्दी खाने से दूर रहकर हेल्दी डाइट ली जा सकती है, स्वस्थ और फुर्तीला रहा जा सकता है। तुम प्रॉमिस करो, वहां जाकर यहां की अच्छी आदतें भूलोगे नहीं।'

'जी दादाजी, बिल्कुल नहीं भूलूंगा।' शिवा तुरंत बोला।

शिवा में आए इस बदलाव को देखकर मम्मी-पापा की सारी चिंताएं दूर हो गई थीं। दोनों ने अपने बेटे में आए करिश्माई बदलाव के लिए दादाजी को धन्यवाद दिया। वे खुशी-खुशी शिवा को लेकर वापस शहर आ गए। *

## कविता

गोविंद भारद्वाज



### योग दिवस

योग दिवस है आज योग दिवस,
आओ मिलकर योग करें।
जाति-धर्म का भेद मिटाकर हम,
सबका ही सहयोग करें।
स्वस्थ रहेगी काया अपनी,
स्वच्छ रहेगा फिर मन।
अभ्यास करो-अभ्यास करो
खर्च न होगा कोई धन।
विश्व गुरु भारत अपना जो
सबको योग सिखलाए।
लाभ मिलेंगे क्या-क्या इससे,
दुनिया को ये बतलाए।
बिछाकर आसन अपना सारे,
दूर सदा हर रोग करो।
योग दिवस है आज योग दिवस,
आओ मिलकर योग करें।

## गिनकर बताओ


बच्चों, दिए गए चित्र में कुछ बच्चे पार्क में योग के अलग-अलग आसन कर रहे हैं। तुम गिनकर बताओ कि चित्र में कुल कितने बच्चे योगाभ्यास कर रहे हैं?



उत्तर-14

## रास्ता खोजो

बच्चों, हर्षित को पार्क में योगाभ्यास कर रहे अपने दोस्तों के पास पहुंचना है। लेकिन पार्क तक पहुंचने का रास्ता बहुत टेढ़ा-मेढ़ा है। हर्षित को अपने दोस्तों तक पहुंचने में मदद तो करो जरा।



## बूझो तो जानें



1
कितने रंग प्रकाश में होते
कहो! कौन वह दानी।
होकर मौन भोर में आए
वह है ज्ञानी, ध्यानी।।

2
कौन दिनेश, मित्र, दिवाकर
कौन भानु है भास्कर जी।
वही विहंगम, अरुण, मार्तंड
वही प्रभाकर दिनकर जी।।

3
कौन अंशुमाली है जग का
कौन रवि और मंदार।
है आदित्य भगत सुखकारी
कौन लुटाए जग को प्यार।।

4
किरणें जिसकी जीवन देतीं
पेड़-पौध को वही संवारे।
स्थिर है पर लगता चलता
अस्थि सबलता करे उजारे।।

-राकेश चक्र

उत्तर : सारी पहेलियों का जवाब है- सूर्य

## चिंतन

# गर्मी से हो रही मौतें, बढ़ रहे जलवायु परिवर्तन के खतरे

तो क्या भीषण गर्मी जलवायु परिवर्तित होने की दस्तक है। अभी विकसित देशों के संगठन जी-7 की बैठक हुई, लेकिन जलवायु परिवर्तन के खतरे और तापमान में कमी लाने के विषय पर कोई गंभीर चर्चा नहीं हुई, जबकि पेरिस क्लाइमेट करार के तहत कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए विकासशील देशों की लागत की भरपाई विकसित देशों को ही करनी है। पर विकसित देश लगातार अपनी जिम्मेदारी से मुंह चुरा रहे हैं। भारत समेत अन्य विकासशील देश कार्बन उत्सर्जन में कमी लाने के लिए सभी देशों को एकजुट होने की बात कर रहे हैं, पर विकसित देश अपना योगदान करने में आनाकानी कर रहे हैं। इस बार भारत समेत अनेक एशियाई देश भीषण गर्मी की चपेट में हैं। यूरोप, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका जैसे शीत देशों में भी मौसम चक्र बदल रहा है, वहां का भी तापमान बढ़ रहा है, अंटार्कटिका पर ग्लेशियर पिघलने की घटनाएं तेजी से बढ़ रही हैं, जंगलों में आग लगने की घटनाएं बढ़ रही हैं। ये सभी वायुमंडल में तापमान बढ़ने के संकेत हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, भारत के एक बड़े हिस्से में जारी भीषण गर्मी की वजह से इस वर्ष 1 मार्च से लेकर 18 जून तक कम से कम 114 लोगों मौत हुई है और 40,984 लोगों को संदिग्ध तापघात से जूझना पड़ा। राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केन्द्र (एनसीडीसी) द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर गर्मी से संबंधित बीमारी और मृत्यु निगरानी के तहत जारी किए गए आंकड़ों के अनुसार, गर्मी से उत्तर प्रदेश सर्वाधिक प्रभावित है जहां लू और तापघात से करीब 37 लोगों की मौत हई है। इसके बाद बिहार, राजस्थान और ओडिशा में लोगों की जान गई है। उत्तर और पूर्वी भारत के अधिकांश इलाके लंबे समय से भीषण लू की चपेट में हैं, जिससे तापघात से होने वाली मौतों में वृद्धि हुई है। स्वास्थ्य मंत्री जे.पी. नड्डा ने सभी सरकारी अस्पतालों में 'विशेष लू इकाई' शुरू करने के निर्देश दिए हैं। राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली ने उच्च तापमान 52 डिग्री सेल्सियस का रिकार्ड बनाया। एनसीआर, हरियाणा, पंजाब, राजस्थान में भीषण गर्मी पड़ रही है। पाकिस्तान, नेपाल, भूटान, श्रीलंका, बांग्लादेश, म्यांमार, थाईलैंड, मालदीव, मलेशिया, सेशेल्स व पूर्वी एशिया के कई देशों में भीषण गर्मी पड़ी है, गर्मी जनित रोग बढ़े हैं, लू चली हैं, लोगों की मौतें हुई हैं। कई देशों में हाल ही में अत्यधिक गर्म मौसम देखा गया है, इससे कहा जाने लगा है कि क्या पृथ्वी लोगों के जीवित रहने के लिए बहुत गर्म हो रही है? क्या इसके लिए तेजी से हो रहे जलवायु परिवर्तन जिम्मेदार है? गर्मी के संपर्क में अत्यधिक समय तक रहना स्वास्थ्य के लिए घातक साबित हो सकता है। चाहे वह बिजली संयंत्र में कोयला हो या वाहन में गैसोलीन- यह कार्बन डाइऑक्साइड बनाता है। यह अदृश्य गैस वायुमंडल में बनती है और सूर्य की गर्मी को पृथ्वी की सतह के पास रोक लेती है। कोयला, तेल या गैस का हर टुकड़ा जो कभी जलाया जाता है, तापमान में थोड़ा और इजाफा करता है। जैसे-जैसे तापमान बढ़ रहा है, खतरनाक रूप से गर्म और आर्द्र मौसम अधिक स्थानों पर फैलने लगा है। जलवायु परिवर्तन सिर्फ गर्म, पसीने वाले मौसम की तुलना में बहुत अधिक समस्याएं पैदा करता है। हम अगर पृथ्वी को गर्म होने से बचाना चाहते हैं, तो कार्बन उत्सर्जन के हर स्त्रोत को बंद करना होगा या न्यूनतम करना होगा। ग्रीन एनर्जी को अपना चाहिए, क्वालिटी विकास पर ध्यान देना होगा। दुनिया को कार्बन उत्सर्जन रोकने की दिशा में तत्काल कदम उठाना चाहिए।



योग दिवस
अखिलेश आर्येन्दु

# योग से स्वस्थ भारत का सपना

योग दिवस के जरिये दुनिया वालों को भारत की आध्यात्मिक शक्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक व सांस्कृतिक शक्ति का परिचय मिला। 2014 में केंद्र सरकार के जरिये जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र में योग की महत्ता का प्रतिपादन कर उसे दुनिया के लिए वरदान के रूप में पेश किया गया उसका ही परिणाम है कि आज दुनिया में योग के जरिये भारत की एक अलग पहचान हुई है। निश्चित ही मोदी के नेतृत्व ने पिछले दस सालों में भारत की जो प्रतिष्ठा दुनिया भर में दिलवायी है उसमें योग को मान्यता दिलाना भी एक है। बढ़ती समस्याएं, संकट और बीमारियों के दौर में योग दिवस उन समस्याओं, संकटों और दुष्वारियों से छुटकारा दिलाने का सबसे सस्ता साधन है।

पिछले दो दशक में आध्यात्मिक कहे जाने वाले ज्ञान के बारे में पश्चिमी दुनिया के आमोखास की धारणा बदली है जिसमें योग भी एक है। दुनिया के तमाम देशों में वर्षों पहले भारत से गए योग के जानकारों ने योग का प्रसार कर दिया था, लेकिन 11 दिसम्बर 2011 को संयुक्त राष्ट्र महासभा में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाने के भारत के प्रस्ताव को मंजूरी मिलने के बाद सबसे पहले 21 जून 2015 को इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मनाने का प्रस्ताव पारित होने से योग की सर्वजन उपयोगिता को माना गया। तब से उन देशों में आम जनता में योग की लोकप्रियता लगातार बढ़ती गई जो भारत को मदारियों वाला पिछड़ा देश घोषित कर चुके थे। आज दुनिया के तकरीबन 200 देशों के लोगों में योग के प्रति दिलचस्पी बढ़ी है। उन पश्चिमी देशों में भी जहां भारत के बारे में उलटी धारणाएं थीं, वहां भी योग आम लोगों की जिंदगी का हिस्सा बन गया है। दुनिया अब मानने लगी है कि जिंदगी को सुखी बनाने या कर्म (कार्य) करने की कुशलता जिससे आए उस तरीके को योग के जरिये सीखा जा सकता है।

आधुनिक विज्ञान अब धीरे-धीरे यह मानने लगा है कि आत्मा, प्राण, मन, बुद्धि और चित्त के जरिये ही इस अत्यंत जटिल मानव शरीर से ब्रह्मांड से जुड़ने का कोई तरीका हो सकता है। यह ब्रह्मांड जिसके निर्माण का रहस्य समझने में आज के वैज्ञानिक लगे हुए हैं, भारत के वैज्ञानिक जिसे ऋषि-महर्षि कहा जाता है को अरबों साल पहले समझ चुके थे। गौरतलब है ब्रह्मांड के रहस्य को वेदों में उद्घाटित किया गया है। वहीं शरीर विज्ञान को समझना हो तो नस-नाड़ियों, चक्रों, चेतना की स्थितियों, प्राणों का संतुलन और कार्य, मन की स्थितियों और कार्य और आत्मा के जरिये खुद का और परमात्मा की पड़ताल का विज्ञान रहस्यमय और सूक्ष्म है। योग के मुताबिक मानव शरीर में सात चक्र होते हैं। ये हैं- सहस्त्रार चक्र आज्ञा, अनाहत, विशुद्धि, मणिपूरक, मूलाधार एवं स्वाधिश्ठान चक्र। इन चक्रों का संबंध नाड़ी प्रणाली एवं एन्डोक्राइन ग्लैंड से होता है। शरीर में स्थित ये सातों चक्र वातावरण से ऊर्जा ग्रहण करते हैं। नर्वस सिस्टम एवं एन्डोक्राइन ग्लैंड एक लय से ऊर्जा एवं विद्युत चुम्बकीय ऊर्जा को सही दिशा में प्रवाहित करते हैं तो मानव सेहतमंद बना रहता है, लेकिन यदि इसमें रुकावट आ जाए तो शरीर में कई तरह की बीमारियां पैदा हो जाती हैं। हम गौर करें तो पता चलता है, हमारा शरीर कई तरह की ऊर्जाओं को वातावरण से लेता है। इसमें कुछ ऊर्जा तो शरीर में खर्च हो जाती है और कुछ ऊर्जा संग्रहित होती है। हमारे शरीर में बारह अलग-अलग प्रकार के मुख्य मेरीडियन हैं, जिसके द्वारा शरीर के अलग-अलग हिस्सों तक ऊर्जा प्रवाहित होती है। जिन हिस्सों में ऊर्जा का प्रवाह बना रहता है, वह हिस्सा सेहतमंद रहता है और जिस हिस्से में ऊर्जा का प्रवाह कम या ज्यादा होता है या इनमें रुकावट हो जाती है उस हिस्से में बीमारी पैदा हो जाती है। यह ऊर्जा का प्रवाह समुचित मात्रा में है या नहीं या रुकावट पूरी तरह से है इसे बायोफीड बैक ऊर्जा मापने वाले यंत्र द्वारा मापा जाता है। साथ ही ऊर्जा प्रवाह को इस यंत्र द्वारा संतुलित भी किया



जा सकता है। इन सभी तरह की क्रियाओं को योग के जरिये बेहतर तरीके से समझा जा सकता है।

आज विश्व में योग से संबंधित अनगिनत योग पद्धतियां प्रचलित हैं, लेकिन इसके बावजूद इनका लक्ष्य सबको सुखी करना, सभी को निरोग करना और आत्म तथा ईश्वर साक्षात्कार करना नहीं बदला है। अनेक बदलावों के बावजूद योग आज विश्व स्तर पर भारत की पहचान के साथ जुड़ा हुआ है। योग का उद्भव वेदों से हुआ इसलिए इसके मूल स्वरूप को जानने के लिए वेदों से जुड़ना जरूरी है। वेद का अर्थ ज्ञान होता है। योग का अर्थ जोड़ना होता है। यदि दोनों को मिला दिया जाये तो योग ज्ञान के जरिये स्वयं को जानने का बेहतरीन तरीका सिखाने का कार्य योग करता है। तमाम लोग तप, ध्यान और आत्म-साक्षात्कार को योग मानते हैं। मुनि पतंजलि चित्त वृतियों के निरोध को योग कहते हैं। इसी तरह आत्मचिंतन, आत्म-साक्षात्कार, ईश्वर साक्षात्कार और साधना को वेद-शास्त्रों में योग बताया गया है। इसे हम इस प्रकार भी कह सकते हैं कि जीवन की ऐसी सभी क्रियाएं जो सांसारिक और अलौकिक दोनों को सफल बनाएं उसे योग कहा जा सकता है।

योग की शुरुआत सबसे पहले खुद से जुड़ने से होती है। फिर अभ्यास के जरिये हम अपने श्वास, प्राण और हृदय से जुड़ते हैं फिर शरीर, मन और चित्त से जुड़ जाते हैं। यह जुड़ना बिना किसी विशेष प्रयास से भी हो सकता है और किसी के मार्गदर्शन में भी, लेकिन इसके लिए धैर्य, साहस, शक्ति और उत्साह की हर पल जरूरत होती है। जिसमें सद्गुण पहले से ही भरा होता है, वह योग के मार्ग पर बहुत ही सहजता के साथ बिना किसी रुकावट के आगे बढ़ जाता है। योग एक जीवन पद्धति, एक शरीर विज्ञान और जीवनधर्म-सूत्र तो है ही यह सहज जीवन विद्या भी है। इस विद्या को समझने के लिए योग दिवस के जरिये दुनिया को उत्साहित करने का कार्य किया गया। जिसका असर अब दुनिया भर में दिखाई दे रहा है, लेकिन अभी इसे आने वाली पीढ़ियों के लिए और बेहतर जीवन विज्ञान परक बनाने की जरूरत है। इससे हर तरह के जहां रोग खत्म होंगे वहीं पर जीवन जीने का लक्ष्य ठीक समझ में आने लगेगा। योग दर्शन के मुताबिक जीवन का लक्ष्य या मकसद सबसे पहले खुद कों सेहतमंद रखते हुए दूसरों को भी सेहतमंद और सुखी रखने का होना चाहिए। यह तभी संभव है जब हमारा मन, चित्त, हृदय और आत्मा सभी पवित्र और शक्तिशाली होंगे। योग दोनों को पवित्र भी बनाता है और शक्तिशाली भी बनाता है। आत्म साक्षात्कार यानी आत्मा को जानने व समझने के बाद उस परम सत्ता के साथ जुड़ने का तरीका यदि किसी के जरिये जाना जा सकता है तो वह योग साधना का ही तरीका है। यह ऐसा तरीका है जिसमें सबसे पहले खुद को संतुलित करने के बाद ही देश दुनिया को साधने की सामर्थ्य पैदा हो पाती है।

योग दिवस के जरिये दुनिया वालों को भारत की आध्यात्मिक शक्ति ही नहीं, बल्कि नैतिक व सांस्कृतिक शक्ति का परिचय मिला। 2014 में केंद्र सरकार के जरिये जिस तरह से संयुक्त राष्ट्र में योग की महत्ता का प्रतिपादन कर उसे दुनिया के लिए वरदान के रूप में पेश किया गया उसका ही परिणाम है कि आज दुनिया में योग के जरिये भारत की एक अलग पहचान हुई है। निश्चित ही मोदी के नेतृत्व ने पिछले दस सालों में भारत की जो प्रतिष्ठा दुनिया भर में दिलवायी है उसमें योग को मान्यता दिलाना भी एक है। दुनिया में बढ़ती समस्याएं, संकट और बीमारियों के दौर में योग दिवस उन समस्याओं, संकटों और दुष्वारियों से छुटकारा दिलाने का सबसे बेहतरीन व सब के उपयोग का सबसे सस्ता साधन व तरीका है। आज हम दस साल बाद यह कहने की हालत में हैं कि दुनिया को निरोग और सुखी बनाने की भारत की योग के जरिये की गई पहल से दुनिया को बगैर किसी दवा के सेवन से सेहतमंद बनाने का कार्य किसी वरदान से कम नहीं है। जिससे दुनिया के हर व्यक्ति को फायदा मिल रहा है।

(लेखक आध्यात्मिक विषयों के जानकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **edit@haribhoomi.com** पर दे सकते हैं।

## दिवस विशेष

हर्षवर्धन पाण्डे




# वृत्तियों को रोकने का नाम योग

दुनिया में हर कोई अच्छा स्वास्थ्य, मन की शांति प्राप्त करना चाहता है। योग के बारे में कहा गया है कि माया से बढ़कर कोई बंधन नहीं होता और ज्ञान से बढ़कर कोई बंधु नहीं होता। अहंकार से बढ़कर कोई शत्रु नीर होता और योग से बढ़कर कोई बल नहीं होता। एक सामान्य अर्थ में भी योग का अर्थ 'जोड़ना' होता है। भारतीय मनीषी तो सम्पूर्ण विश्व को परिवार घोषित करते हैं। यह अवसर हमें दुनिया को करीब से समझने- समझाने में मदद कर सकता है। यह प्रसन्नता की बात है कि विदेश ही नहीं देशभर से योग के प्रति लोगों की रुचि अब बढ़ रही है। हमारे ऋषियों ने मानवता के हित में विश्व को योग विद्या दी थी, लेकिन इसे जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करने वाले बाबा रामदेव भी अभिनंदन के पात्र हैं। आज सारी दुनिया योग के महत्व को समझते हुए उसे अपनी दिनचर्या का अंग बना रही है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने पुष्टि की है कि योग से न सिर्फ तनाव कम होता है बल्कि दीर्घकाल तक कई फायदे होते हैं। यह दुर्भाग्यपूर्ण है कि जो देश सदियों से योग विद्या का साक्षी रहा है उस देश के अधिकांश युवा आज तथाकथित आधुनिक जीवन शैली और खान पान की खराब आदतों के कारण बहुत कम आयु में ही मधुमेह और ब्लड प्रेशर, कैंसर जैसे रोगों के शिकार हो रहे हैं। उन्हें इंटरनेट, स्मार्टफोन, सोशल मीडिया ने इतना व्यस्त कर दिया है कि वे अपने कर्तव्यों को तो भूले ही हैं, स्वयं अपने आप तक को भूल रहे हैं। मौजूदा दौर में शारीरिक श्रम लगातार कम हो रहा है। ऐसे में मन और बुद्धि सक्रिय होते हुए भी शरीर की निष्क्रियता बोझ बन रही है। ऐसे में योग कारगर साबित हुआ है। जब पूरी दुनिया कोरोना महामारी से त्रस्त थी तब उसे मात देने के लिए योग रामबाण साबित हुआ। हाल के वर्षों में हुए कई वैज्ञानिक अध्ययन भी इस बात को साबित करते हैं योग बीमारियों का उपचार है तो जांच भी है। सामान्य सांस लेने में हम 500 एमएल ऑक्सीजन ग्रहण करते हैं,जबकि इस प्राणायाम को करने से 500 से 10,000 एमएल ऑक्सीजन हमारे शरीर को प्राप्त होती है। दिनभर अपने आसपास निगेटिव समाचार सुन-सुन कर हम सभी तनाव या अवसाद से घिर रहे हैं। इससे मुक्ति पाने के लिए हमें प्राणायामों के साथ योग नियमित करना चाहिए। जब हमारे आसपास नकारात्मकता महसूस होने लगे तो अपने इष्टदेव के मंत्रों का जाप रोज योग और मेडिटेशन करते हुए करें। भारतभूमि अनादिकाल से पूरे विश्व में योग भूमि के रूप में विख्यात रही है, जिसका लाभ अब सम्पूर्ण विश्व को मिल रहा है। संयुक्त राष्ट्र द्वारा 2015 से हर वर्ष 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में मनाए जाने की घोषणा के बाद पूरी दुनिया योग की महत्ता जान चुकी है। स्वयं की स्वयं के माध्यम से स्वयं तक पहुंचने की यात्रा का नाम योग है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के प्रयत्नों से आज भारत के योग का डंका पूरी दुनिया में बज रहा है। निश्चित ही यह सम्पूर्ण मानवता के लिए एक शुभ संकेत है। योग मनुष्य में सकारात्मकता और प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाता है। योग के पथ पर अविराम गति से वही साधक आगे बढ़ सकता है, जो चित्त की पवित्रता एवं निर्मलता के प्रति पूर्ण जागरूक हो, क्योंकि निर्मल चित्त वाला व्यक्ति ही योग की गहराई तक पहुंच सकता है। योग कोई धार्मिक कर्मकांड नहीं है। गीता 'योग क्षेम वहाम्यहं' का उद्घोष करती है जिसका अर्थ है- अप्राप्त को प्राप्त करना और प्राप्त की रक्षा करना। दुनिया में ऐसा कौन है जो अच्छा स्वास्थ्य, मन की शांति प्राप्त न करना चाहते हो। यह कामना रखना अथवा इसके लिए प्रयास करना किसी एक धर्म के लोगों के लिए आरक्षित नहीं हो सकता। एक सामान्य अर्थ में भी योग का अर्थ 'जोड़ना' होता है। यह प्रसन्नता की बात है कि विदेश ही नहीं देशभर से योग के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। हजारों वर्षों पूर्व हमारे ऋषियों ने मानवता के हित में विश्व को यह योग विद्या दी थी लेकिन इसे जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास करने वाले भी अभिनंदन के पात्र हैं। आज सारी दुनिया योग के महत्व को समझते हुए उसे अपनी दिनचर्या का अंग बना रही है। योग कला, विज्ञान और दर्शन आज दुनिया को भारतबोध करा रहा है। आधुनिक चिकित्सा विज्ञान ने भी इस बात की पुष्टि की है कि योग से न सिर्फ तनाव कम होता है बल्कि दीर्घकाल तक कई फायदे होते हैं। प्राचीन भारतीय पद्धतियां शारीरिक, मानसिक, नैतिक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य को लेकर लोगों की जरूरतों का संपूर्ण उत्तर है। पूरी दुनिया में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के रूप में योग की महत्व बढ़ रहा है तो इसके लिए हर भारतीय को प्रसन्न ही होना चाहिए। महर्षि पतंजलि के अनुसार, 'योगश्चित्त वृत्तिनिरोधः'' अर्थात चित्त की वृत्तियों को रोकने का नाम योग है। हम सभी को भी अंतरराष्ट्रीय योग दिवस पर अपने चित्त से सुदीर्घ जीवन के लिए प्रयास करने चाहिए।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## संकर सहज स्वरूप सम्हारा



संकलित
**दर्शन**

श्रीरामचरितमानस में भगवान शंकर भक्ति के दाता भी माने गए हैं और भक्ति के भिक्षुक भी। शिव भक्ति देते भी हैं और मांगते भी हैं। भगवान शंकर में नवभक्ति का दर्शन होता है। उनमें अष्टांग योग का, ज्ञान की सातों भूमिकाओं का और धर्म के दसों लक्षणों का दर्शन भी होता है। लंका कांड में गोस्वामी जी ने जो धर्मरथ का वर्णन किया है। उसमें जितने धर्म के सूत्र बताए हैं, वे सभी महादेव में प्रस्थापित होते हैं। शिव भक्ति स्वरूप हैं। शिव का बाहरी रूप तो 'कुंडल कंकन पहिरे ब्याला' वाला है, लेकिन आंतरिक स्वरूप भजन है, भक्ति है। मानस में है- 'संकर सहज स्वरूप सम्हारा'। सहज स्वरूप का अनुसंधान शिव ने किया। उनकी जो सहज प्रवृत्ति है, वह भजन है। भगवान भी कहते हैं कि 'संकर भजन बिना नर भगति न पावइ मोरि'। शंकर की भक्ति जो करेगा, वही मेरी भक्ति पाएगा अथवा शंकर का जो सहज भजन स्वरूप है, उसे आत्मसात करेगा, वह मेरी भक्ति पाएगा। शबरी के सामने गाई गई नौ प्रकार की भक्ति में गोस्वामी जी ने पहली भक्ति संत का संग बताई है- 'प्रथम भगति संतन्ह कर संगा'। आप महेश का चरित्र देखिए। जैसे ही अवसर मिला, वे साधु-संतों का संग करते दिखाई देते हैं। पार्वती के विरह में संतों का संग करते थे। महादेव सत्संग के प्यासे हैं। दूसरी भक्ति है कथा श्रवण। कथा में जहां जगह मिले, वहां बैठकर कथा के प्रसंगों का रस उठाना। शिव कहते हैं, पार्वती, मैं काकभुशुंडि जी के आश्रम में हंस बनकर पीछे बैठ गया था। कथा श्रवण में इतनी रुचि, यह दूसरी भक्ति शिव में है।

## हनुमान जी ने सूर्य देव से हासिल किया था ज्ञान



संकलित
**प्रेरणा**

गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा। माता-पिता की बात मानकर हनुमान जी ने सूर्य देव के पास पहुंचे और उनसे गुरु बनने के लिए प्रार्थना की। हनुमान जी की बात सुनकर सूर्य देव ने कहा कि मैं तो एक पल के लिए कहीं रूका नहीं हूं, न ही मैं रथ से उतर सकता हूं तो ऐसी स्थिति में मैं तुम्हें ज्ञान नहीं दे पाऊंगा। तब हनुमान जी ने कहा कि आप अपनी गति कम किए बिना ही मुझे ज्ञान दीजिए। मैं आपके साथ चलते-चलते विद्या हासिल कर लूंगा। इस बात के लिए सूर्य देव मान गए। इसके बाद सूर्य देव ने हनुमान जी को सभी वेदों और शास्त्रों का ज्ञान दिया। इस प्रकार सूर्यदेव की कृपा से ही हनुमान जी को ज्ञान मिला। इस प्रसंग में हनुमान जी ने संदेश दिया है कि योग्य गुरु से ज्ञान हासिल के लिए हमेशा तैयार रहना चाहिए। योग्य गुरु ही हमें सही ज्ञान प्रदान कर सकते हैं। आज योग्य गुरु की तलाश काफी कठिन हो गई है। गुरु पूर्णिमा पर गुरु का पूजन किया जाता है। शास्त्रों में गुरु को भगवान के बराबर माना गया है। महाभारत, रामायण में गुरु-शिष्य से जुड़ी कई कथाएं हैं। सूर्य पंचदेवों में से एक हैं और हनुमान जी के गुरु भी हैं। बाल हनुमान जब थोड़े बड़े हुए तो माता अंजनी और पिता केसरी ने उन्हें सूर्य देव के पास ज्ञान हासिल करने के लिए भेजा।

## अंतर्मन




## आज की पाती

### टूटते परिवारों के लिए जिम्मेवार कौन?

दुनियाभर में परिवार के महत्व को समझाने और इसके प्रति लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से संयुक्त राष्ट्र जनरल एसेंबली ने सन 1993 को अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस मनाने की घोषणा की थी। बेशक इस दिवस की शुरुआत विदेश से हुई है, लेकिन हमें दूसरे देशों की अच्छी बातों को ग्रहण करने में कंजूसी नहीं करनी चाहिए और न ही यह तर्क देना चाहिए कि अंतरराष्ट्रीय परिवार दिवस हमारे देश की परंपरा नहीं है। परिवार का महत्व क्या है, इसकी अहमियत हमारे देश में बहुत ज्यादा है। हमारे देश में तो सारी पृथ्वी को अपना परिवार समझा जाता है, तभी तो हमारे देश में कहा जाता है 'वसुधैव कुटुम्बकम।' संयुक्त परिवार क्यों टूट रहे हैं, इस पर चिंतन की जरूरत है। *- विनोद देवांगन, महासमुंद*

## ट्रेंड

### मिट्टी कैफे का उद्घाटन



समावेशी वातावरण बनाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने आज राष्ट्रपति संपदा में मिट्टी कैफे का उद्घाटन किया। कर्मचारियों के साथ अपना जन्मदिन मनाया जो राष्ट्रपति से मिलने और उन्हें शुभकामनाएं देने के लिए उत्साहित थे।

-द्रौपदी मुर्मू, राष्ट्रपति

### द्विदलीय समर्थन को महत्व दें



हाउस फॉरेन जीओपी के अध्यक्ष रिपमैक कॉल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल में अमेरिकी कांग्रेस के मित्रों के साथ विचारों का बहुत अच्छा आदान-प्रदान हुआ। भारत अमेरिका व्यापक वैश्विक रणनीतिक साझेदारी को द्विदलीय समर्थन को महत्व दें।

-नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री

### रोज़ाना लीक होता पर्चा



कैसी "परीक्षा पे चर्चा", जहां रोज़ाना लीक होता पर्चा! मोदी सरकार ने देश की शिक्षा व भर्ती प्रणाली को तहस-नहस कैसे किया है-नीट, यूजीसी-नेट, सीयू ईटी में पेपर लीक, धांधली और घोर अनियमितताओं का अब पर्दाफ़ाश हो चुका है।

-मल्लिकार्जुन खरगे, कांग्रेस अध्यक्ष

### अपराधियों के हौसले बुलंद



बिहार में सरकारी अपराधियों के हौसले इतने बुलंद है कि जब पीएम और सीएम दोनों सीएम के गृह जिला नालंदा में थे उसी वक्त सरकारी गुंडे स्कूल में घुस मुख्य अध्यापक को गोली मार तांडव मचा रहे थे।

-तेजस्वी यादव, राजद नेता

## करंट अफेयर

# द. कोरिया ने रूस-उ. कोरिया समझौते की आलोचना की

दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति कार्यालय ने रूस और उत्तर कोरिया के बीच हुए उस समझौते की निंदा की जिसमें युद्ध की स्थिति में आपसी रक्षा सहयोग की बात कही गई है। इसके साथ ही राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि वह यूक्रेन को आपूर्ति को सीमित करने की अपनी नीति पर पुनर्विचार करेगा। राष्ट्रपति कार्यालय के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह टिप्पणी की। इससे पहले राष्ट्रपति कार्यालय ने बुधवार को प्योंगयांग में अपने शिखर सम्मेलन में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन के बीच हुए समझौते की निंदा करते हुए एक बयान जारी किया। कार्यालय ने अपने बयान में कहा कि यह समझौता दक्षिण कोरिया की सुरक्षा के लिए



खतरा है और इसका रूस-दक्षिण कोरिया संबंधों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। राष्ट्रपति कार्यालय के अधिकारी ने नाम नहीं बताने की शर्त पर कहा कि दक्षिण कोरिया इसके जवाब में यूक्रेन को रूसी हमले से लड़ने में मदद के लिए हथियार मुहैया कराने के मुद्दे पर पुनर्विचार करेगा। दक्षिण कोरिया एक उभरता हथियार निर्यातक है और उसके पास अमेरिका समर्थित एक सुसज्जित सेना है। दक्षिण कोरिया ने रूस के खिलाफ अमेरिकी नेतृत्व वाले आर्थिक प्रतिबंधों में शामिल होने के दौरान यूक्रेन को मानवीय और अन्य सहायता प्रदान की है।

## ऑफ बीट

# क्या पृथ्वी का वातावरण अब ज्यादा गर्म हो रहा

बोइज़, इडाहो के 12 वर्ष के जोसेफ का कहना है, 'मेरे माता-पिता ने कहा कि लोगों के रहने के लिहाज से ग्रह अत्यधिक गर्म हो रहा है। उन्होंने इसे



जलवायु परिवर्तन बताया। इसका क्या मतलब है?' कई देशों में हाल ही में अत्यधिक गर्म मौसम देखा गया है, लेकिन अधिकांश बसे हुए विश्व में, यह कभी भी 'लोगों के रहने के लिए बहुत गर्म' नहीं होने वाला है, खासकर अपेक्षाकृत शुष्क जलवायु में। जब बाहर शुष्क स्थानों में गर्मी होती है, तो अधिकांश समय हमारा शरीर पसीने के रूप में हमारी त्वचा से पानी और गर्मी को वाष्पित करके ठंडा हो सकता है। हालाँकि, ऐसे स्थान भी हैं जहाँ कभी-कभी खतरनाक रूप से गर्म और आर्द्र हो जाता है, विशेषकर जहाँ गर्म रेगिस्तान गर्म महासागर के ठीक बगल में होते हैं। जब हवा नम होती है, तो पसीना जल्दी से वाष्पित नहीं होता है, इसलिए पसीना हमें उस तरह ठंडा नहीं करता है जैसा शुष्क वातावरण में होता है। मध्य पूर्व, पाकिस्तान और भारत के कुछ हिस्सों में, गर्मियों में गर्मी की लहरें समुद्र से आने वाली आर्द्र हवा के साथ मिल सकती हैं, और यह संयोजन वास्तव में घातक हो सकता है। उन क्षेत्रों में करोड़ों लोग रहते हैं, जिनमें से अधिकांश के पास इनडोर एयर कंडीशनिंग तक पहुंच नहीं है।

## अपने विचार

**हरिभूमि कार्यालय**

टिकरापारा, रायपुर में पत्र के माध्यम से या फैक्स : 0771-4242222, 23 पर या सीधे मेल से **hbcgpati@gmail.com** पर भेज सकते हैं।



हरियाणा सरकार

"हरियाणा सरकार समाज के हर वर्ग के उत्थान के लिए तत्पर है। चाहे वह किसान हो, मजदूर हो या अंत्योदय परिवार, हरियाणा सरकार सदैव जनकल्याण के लिए कदम उठाती रहेगी।"

– नायब सिंह

"देश के पास आज ऐसी सरकार है, जो सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय, देश के संतुलित विकास के लिए समय का पल-पल और जनता की पाई-पाई जनता की भलाई के लिए लगा रही है।"

– नरेन्द्र मोदी



# हर जन को राहत

## ई-क्षतिपूर्ति

रबी-2024 में क्षतिग्रस्त फसलों के लिए 49,320 किसानों को वित्तीय सहायता

कुल क्षतिग्रस्त क्षेत्र
1,22,147.717 एकड़

कुल स्वीकृत राहत राशि
₹133,74,83,408

## दयालु योजना

दीनदयाल उपाध्याय अंत्योदय परिवार सुरक्षा योजना

आज 3527 लाभार्थियों को
₹ 131.14 करोड़
का वितरित होगा मुआवजा

इससे पहले
7674 लाभार्थियों को मिल चुका है
₹291.62 करोड़ का मुआवजा

## राज्य स्तरीय समारोह

मुख्य अतिथि
**श्री नायब सिंह**
मुख्यमंत्री, हरियाणा

दिनांक – 21 जून, 2024
समय – प्रातः 10 बजे
स्थान – बिट्स इंटरनेशनल स्कूल, भिवानी

कार्यक्रम से जुड़ने के लिए क्यू आर कोड स्कैन करें

सूचना, जन सम्पर्क एवं भाषा विभाग, हरियाणा | www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

# स्विटजरलैंड ने स्कॉटलैंड से खेला ड्रॉ

एजेंसी ▶▶ कोलोन




जेरदान शाकिरी के शानदार गोल की मदद से स्विटजरलैंड ने यूरो फुटबॉल चैंपियनशिप 2024 में स्कॉटलैंड के साथ 1-1 से ड्रॉ खेला। 32 वर्ष के शाकिरी ने लगातार छठे अंतराष्ट्रीय टूर्नामेंट में गोल दागा है जिसमें तीन विश्व कप और तीन यूरो चैंपियनशिप शामिल है। स्कॉटलैंड के लिए 13वें मिनट में स्कॉट मैक टोमिने के पास पर फेबियन शार ने पहला गोल दागा। शाकिरी ने 26वें मिनट में बराबरी का गोल किया। इस ड्रॉ के बाद स्विटजरलैंड के चार अंक है और वह ग्रुप ए में जर्मनी के बाद दूसरे स्थान पर है। जर्मनी ने हंगरी को 2-0 से हराकर अंतिम 16 में जगह बना ली है।

## ईस्ट बंगाल ने क्लेटन का अनुबंध बढ़ाया

कोलकाता। ईस्ट बंगाल ने कप्तान क्लेटन सिल्वा के अनुबंध में एक साल का विस्तार किया है जो 2024-25 सत्र के अंत तक चलेगा। सुपर कप फुटबॉल चैंपियन टीम ने गुरुवार को यह घोषणा की। क्लेटन इस साल की शुरुआत में सुपर कप में ईस्ट बंगाल के विजयी अभियान के दौरान शीर्ष स्कोरर थे और उन्होंने इंडियन सुपर लीग में भी टीम के लिए सबसे अधिक गोल किए। ईस्ट बंगाल के साथ अपना सफर जारी रखने को लेकर खुश क्लेटन ने कहा, 'मैंने हमेशा अपने प्रशंसकों और अपनी टीम के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दिया है। ईस्ट बंगाल के साथ सुपर कप जीतना हमेशा मेरे करियर के सबसे शानदार क्षणों में से एक रहेगा।' क्लेटन के विस्तार का मतलब है कि ईस्ट बंगाल की टीम में भारत के तीन प्रमुख घरेलू टूर्नामेंटों के शीर्ष गोल स्कोरर रहेंगे जिसमें दिमित्रियोस डायमेंटाकोस (आईएसएल), क्लेटन (सुपर कप) और डेविड लालहलनसांगा (डूरंड कप) शामिल हैं।

## चेन्नईयिन ने ब्रैम्बिला को टीम से जोड़ा

चेन्नई। चेन्नईयिन एफसी ने इंडियन सुपर लीग 2024-25 सत्र से पहले गुरुवार को ब्राजील के मिडफील्डर लुका ब्रैम्बिला से एक साल का करार किया। ब्रैम्बिला इससे पहले साइप्रस के शीर्ष टीयर क्लब ओथेलोस एथियनोऊ से जुड़े थे। इस तरह चेन्नईयिन एफसी ने आगामी सत्र से पहले नौवें खिलाड़ी से अनुबंध किया और यह उनका चौथा विदेशी खिलाड़ी भी है। इससे पहले एल्सिन्हो डायस, चीमा चुक्वु और विल्मर जोर्डन गिल क्लब से जुड़ने वाले विदेशी खिलाड़ी थे। मुख्य कोच ओवेन कोयल ने कहा, 'लुकास ब्रैम्बिला शानदार खिलाड़ी है और युवा भारतीय खिलाड़ियों को उसके कौशल से काफी फायदा होगा।'




## खबर संक्षेप



### शबनम भारतीय महिला क्रिकेट टीम में शामिल

मुंबई। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ चल रही घरेलू श्रृंखला के लिए मध्यम गति की गेंदबाज शबनम शकील को भारतीय महिला टीम में शामिल किया गया है। शबनम को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण का इंतजार है। बाकी टीम में कोई बदलाव नहीं किया गया है। सत्रह वर्षीय शबनम को तीनों प्रारूपों के लिए टीम में शामिल किया गया है जिसमें वर्तमान में बेंगलुरु में चल रही एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय श्रृंखला भी शामिल है। रविवार को तीसरे एकदिवसीय के बाद चेन्नई में एकमात्र टेस्ट (28 जून से एक जुलाई) होगा जबकि उसके बाद तीन टी20 अंतराष्ट्रीय (पांच, सात और नौ जुलाई) खेले जाएंगे।

### आज स्थल मुआयने करने आएंगे फिडे अधिकारी

चेन्नई। अंतराष्ट्रीय शतरंज महासंघ की दो सदस्यीय टीम विश्व चैम्पियनशिप स्थल के लिए मुआयना करने के लिए शुक्रवार को यहां पहुंचेगी। सूत्र ने बताया, 'फिडे के योजना और विकास आयोग के सचिव कर्मन गोरयाएवा और फिडे की मुख्य जनसंपर्क अधिकारी अन्ना वोल्कोवा स्थल का मुआयना करेंगे।' विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी की दौड़ में तीन शहर में चेन्नई भी शामिल है जिसमें अन्य दो शहर दिल्ली और सिंगापुर है।



### सैमंस बने जिम्बाब्वे क्रिकेट टीम के कोच

हरारे। जिम्बाब्वे क्रिकेट ने दक्षिण अफ्रीका के जस्टिन सैमंस को पुरुष टीम का मुख्य कोच बनाया है। सैमंस दक्षिण अफ्रीका के बल्लेबाजी कोच रह चुके हैं। अमेरिका और वेस्टइंडीज में चल रहे टी20 विश्व कप के लिए जिम्बाब्वे के क्वालीफाई नहीं कर पाने के बाद डेव हॉटन ने कोच के पद से इस्तीफा दे दिया था। सैमंस का कार्यकाल छह जुलाई से हरारे में भारत के खिलाफ पांच मैचों की टी20 श्रृंखला के पहले मैच से शुरू होगा।



### 20 दिन पहले पेरिस जाएंगे भारतीय रोवर बलराज

कोलकाता। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने वाले एकमात्र भारतीय रोवर (नौकायन खिलाड़ी) बलराज पंवार ने कहा कि वह परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाने के लिए 20 दिन पहले पेरिस पहुंच जाएंगे और उन्हें उम्मीद है कि इसका उन्हें फायदा मिलेगा। पुरुष सिंगल स्कल्स रोइंग स्पर्धा में भाग लेने वाले पंवार पहले बैच के उन भारतीय खिलाड़ियों में शामिल होंगे जो परिस्थितियों से तालमेल बिठाने के लिए प्रतियोगिता से काफी पहले पेरिस पहुंच जाएंगे। पंवार ने संवाददाताओं से वर्चुअल बात करते हुए कहा, 'हम 20 दिन पहले वहां पहुंच जाएंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि हमें यह अजीब नहीं लगेगा।'



**टी-20 विश्व कप: भारत ने 47 रन से जीता पहला सुपर 8 मैच**

# अफगानिस्तान पर भारत की जीत में चमके सूर्यकुमार और बुमराह




एजेंसी ▶▶ ब्रिजटाउन (बारबाडोस)

सूर्यकुमार यादव के अर्धशतक के बाद जसप्रीत बुमराह के करियर की सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी से भारत ने आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण के ग्रुप एक मैच में गुरुवार को यहां अफगानिस्तान को 47 रन से हरा दिया। भारत के 182 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए अफगानिस्तान की टीम बुमराह (सात रन पर तीन विकेट), अर्शदीप सिंह (36 रन पर तीन विकेट) और कुलदीप यादव (32 रन पर दो विकेट) की उम्दा गेंदबाजी के सामने 20 ओवर में 134 रन पर सिमट गई। रविंद्र जडेजा (20 रन पर एक विकेट) और अक्षर पटेल (15 रन पर एक विकेट) ने एक-एक विकेट चटकाया।

अफगानिस्तान की ओर से अजमतुल्लाह ओमरजई ने सर्वाधिक 26 रन बनाए। उनके अलावा अफगानिस्तान का कोई बल्लेबाज 20 रन के आंकड़े को भी नहीं छू पाया। भारत ने इससे पहले सूर्यकुमार की 28 गेंद में पांच चौकों और तीन छक्कों से 53 रन की पारी और हार्दिक पंड्या (32 रन, 24 गेंद, तीन चौके, दो छक्के) के साथ उनकी पांचवें विकेट के लिए 37 गेंद में 60 रन की साझेदारी से आठ विकेट पर 181 रन बनाए। विराट कोहली (24) और ऋषभ पंत (20) ने भी उपयोगी पारियां खेली। अफगानिस्तान की ओर से कप्तान राशिद खान ने 26 जबकि फजलहक फारूकी ने 33 रन देकर तीन-तीन विकेट चटकाए।

**भारत-181/8 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| रोहित का राशिद बो फारूकी | 08 |
| कोहली का नबी बो राशिद | 24 |
| पंत पगबाधा बो राशिद | 20 |
| सूर्यकुमार का नबी बो फारूकी | 53 |
| शिवम दुबे पगबाधा बो राशिद | 10 |
| पंड्या का ओमरजई बो नवीन | 32 |
| जडेजा का गुलबदिन बो फारूकी | 07 |
| अक्षर पटेल रन आउट | 12 |
| अर्शदीप सिंह नाबाद | 02 |

अतिरिक्त: 13
कुल:20 ओवर में आठ विकेट पर: 181 रन
गेंदबाजी: फारूकी 4-0-33-3, नबी 3-0-24-0, नवीन 4-0-40-1, राशिद 4-0-26-3, नूर 3-0-30-0, ओमरजई 2-0-23-0

**अफगानिस्तान-134/10 (20)**

| खिलाड़ी | रन |
|---|---|
| गुरबाज का पंत बो बुमराह | 11 |
| जजई का जडेजा बो बुमराह | 02 |
| जादरान का रोहित बो अक्षर | 08 |
| गुलबदिन का पंत बो कुलदीप | 17 |
| ओमरजई का अक्षर बो जडेजा | 26 |
| जादरान का अर्शदीप बो बुमराह | 19 |
| मोहम्मद का जडेजा बो कुलदीप | 14 |
| राशिद का जडेजा बो अर्शदीप | 02 |
| अहमद का रोहित बो अर्शदीप | 12 |
| नवीन का पंत बो अर्शदीप | 00 |
| फजलहक फारूकी नाबाद | 04 |

अतिरिक्त: 19
कुल: 20 ओवर में सभी विकेट खोकर: 134 रन
गेंदबाजी: अर्शदीप 4-0-36-3, बुमराह 4-1-7-3, अक्षर 3-1-15-1, पंड्या 2-0-13-0, कुलदीप 4-0-32-2, जडेजा 3-0-20-1

## इंग्लैंड ने वेस्टइंडीज को आठ विकेट से रौंदा

ग्रोस आइलेट। फिल साल्ट के 47 गेंद में नाबाद 87 रन की मदद से गत चैंपियन इंग्लैंड ने टी20 विश्व कप सुपर आठ चरण के अपने पहले मैच में सह मेजबान वेस्टइंडीज को गुरुवार को आठ विकेट से हराया। अफगानिस्तान को आखिरी ग्रुप मैच में हराने वाली वेस्टइंडीज टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिए भेजे जाने पर चार विकेट पर 180 रन बनाए लेकिन जवाब में इंग्लैंड की टीम ने ग्रुप दो के मैच में 17.3 ओवर में ही दो विकेट पर 181 रन बना लिए। साल्ट ने अपनी आक्रामक पारी में सात चौके और पांच छक्के लगाए। वहीं जॉनी बेयरस्टो ने 26 गेंद में नाबाद 48 रन जोड़े जिसमें पांच चौके और दो छक्के शामिल थे। इंग्लैंड के गेंदबाजों को भी जीत का श्रेय जाता है जिन्होंने 51 डॉट गेंदें डालीं। जोफ्रा आर्चर ने 34 रन देकर और आदिल रशीद ने 21 रन देकर एक एक विकेट लिया और किफायती गेंदबाजी की।

■ फिल ने 47 गेंद में बनाए नाबाद 87 रन

## बालकनी से गिरने पर पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की मौत

**भारत के लिए दो टेस्ट खेले, 52 वर्ष के थे**

- कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे डेविड
- प्रथम श्रेणी क्रिकेट में 39 मैच में 125 विकेट लिए, लिस्ट ए के 33 मैच में 41 विकेट चटकाए
- प्रथम श्रेणी मैच में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन 152 रन पर 10 विकेट



भाषा ▶▶ बेंगलुरु

भारत के पूर्व तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन की अपार्टमेंट की चौथी मंजिल की बालकनी से गिरने के कारण मौत हो गई। भारत के लिए दो टेस्ट खेलने वाले जॉनसन 52 वर्ष के थे और उनके परिवार में उनकी पत्नी और दो बच्चे हैं। कर्नाटक पुलिस ने बयान में कहा,'लगता है कि 52 वर्षीय डेविड जूड जॉनसन कोथनूर के कनक श्री लेआउट में अपने अपार्टमेंट से गिर गए। कोथनूर पुलिस स्टेशन में यूडीआर (अप्राकृतिक मौत की रिपोर्ट) दर्ज की गई है। शव को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है।' जॉनसन को पिछले सप्ताह पेट में तेज दर्द की शिकायत के बाद सेंट फिलोमेना अस्पताल में भर्ती कराया गया था। वे पिछले कुछ समय से स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं से जूझ रहे थे। पुलिस ने कहा, ''उनके परिवार के किसी भी सदस्य ने कोई संदेह नहीं जताया है। यह 'आत्महत्या' थी या नहीं इसका कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं है। ना ही कोई सुसाइड नोट मिला है।'' एक सीनियर पुलिस अधिकारी ने बाद में बताया कि जॉनसन शहर में नशा मुक्ति केंद्र में भी गए थे।

### सबने शोक जताया

▶▶ जॉनसन के साथी रहे डोडा गणेश ने कहा, 'यह बेहद दुःखद खबर है। हम राज्य और देश के लिए भी साथ में खेले। कर्नाटक का यह गेंदबाजी आक्रमण लंबे समय तक भारतीय गेंदबाजी आक्रमण दे रहा। असल में एक समय राहुल द्रविड़ सहित कर्नाटक के 6 खिलाड़ी टीम का हिस्सा थे। मुझे नहीं लगता कि किसी अन्य राज्य के नाम पर यह उपलब्धि होगी।'

▶▶ दिग्गज लेकर स्पिनर अनिल कुंबले ने भी जॉनसन के निधन पर शोक व्यक्त किया। कुंबले ने एक्स पर पोस्ट किया,'क्रिकेट के दिनों के मेरे साथी डेविड जॉनसन के निधन से बेहद दुखी हूं। उनके परिवार के प्रति मेरी संवेदनाएं हैं। बेनी तुम बहुत जल्दी चले गए।'

▶▶ बीसीसीआई के सचिव जय शाह ने भी जॉनसन के परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। शाह ने एक्स पर लिखा,'पूर्व भारतीय तेज गेंदबाज डेविड जॉनसन के परिवार और दोस्तों के प्रति गहरी संवेदना। खेल में उनके योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।'

▶▶ सचिन तेंदुलकर ने एक्स पर लिखा, 'मेरे पूर्व साथी डेविड जॉनसन के निधन से गहरा दुःख हुआ। वह जिंदादिल थे और उन्होंने मैदान पर कभी हार नहीं मानी। मेरी संवेदनाएं उनके दोस्तों और परिवार के साथ हैं।'

**तीरंदाज**

## भारतीय तीरंदाज विश्व कप में पदक से चूके




एजेंसी ▶▶ अंताल्या

भारतीय रिकर्व तीरंदाजी टीमों का निराशाजनक प्रदर्शन जारी रहा जिससे दोनों गुरुवार को यहां विश्व कप के तीसरे चरण में पदक से चूक गयीं लेकिन अपनी विश्व रैंकिंग के आधार पर पेरिस ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने के करीब हैं।

विश्व कप के तीसरे चरण में भारतीय महिला टीम चौथे स्थान पर रही जबकि पुरुष टीम अंतिम 16 तक पहुंची। अब दोनों टीमों को सोमवार तक का इंतजार करना होगा जब विश्व तीरंदाजी द्वारा रैंकिंग के आधार पर आधिकारिक सूची की घोषणा की जाएगी। भारत ने धीरज बोम्मादेवरा और भजन कौर की बदौलत क्रमशः पुरुष और महिला वर्ग का ओलंपिक कोटा हासिल कर लिया है। टीम कोटे से भारत अगले महीने पेरिस ओलंपिक में सभी पांच स्पर्धाओं (पुरुष और महिला टीम, व्यक्तिगत और मिश्रित टीम स्पधा) में हिस्सा लेने में सफल रहेगा। भारतीय पुरुष टीम रैंकिंग में दक्षिण कोरिया के बाद दूसरे नंबर पर है।

दक्षिण कोरिया पहले ही क्वालीफाई कर चुका है। भारतीय महिला टीम रैंकिंग में आठवें नंबर पर है जबकि शीर्ष सात देश दक्षिण कोरिया, चीन, जर्मनी, फ्रांस, मेक्सिको, अमेरिका और चीनी ताइपे पहले ही क्वालीफायर से ओलंपिक कोटा हासिल कर चुके हैं।

■ विश्व रैंकिंग के आधार पर ओलंपिक टीम कोटा हासिल करने के करीब

### सेमीफाइनल में फ्रांस से शूटऑफ में मिली हार

भजन कौर, दीपिका कुमारी और अंकिता भकत की महिला तिकड़ी ने यूक्रेन को 5-3 (53-52, 53-54, 57-54, 53-53) से हराया और अपना स्थान पक्का करने के लिए उन्हें एक और जीत की दरकार थी। पर सेमीफाइनल में उन्हें ओलंपिक के मेजबान देश फ्रांस से शूटऑफ में 4-5 (52-59, 56-57, 58-55, 57-53) (25-28) से पराजय मिली। कांस्य पदक के प्लेऑफ में भारतीय तिकड़ी जापान से सीधे सेट में 0-6 (51-55, 53-54, 53-54) से हार गई। धीरज, तरुणदीप राय और प्रवीण जाधव की पुरुष तिकड़ी प्री क्वार्टरफाइनल में नीदरलैंड से 1-5 (58-58, 53-54, 57-58) से पराजित हुई।

## यूगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा ने छोड़ी कप्तानी

एजेंसी ▶▶ कम्पाला

यूगांडा के कप्तान ब्रायन मसाबा ने टी20 विश्व कप में अपनी टीम के ग्रुप स्तर में अभियान खत्म होने के बाद स्वदेश लौटने पर अपने पद से इस्तीफा दे दिया। यूगांडा की टीम टी20 विश्व कप में पापुआ न्यू गिनी के खिलाफ महज एक जीत दर्ज कर सकी थी जिससे टीम दो अंक लेकर ग्रुप सी में चौथे स्थान पर रही। मसाबा पिछले पांच साल से टीम के कप्तान थे जिसमें टी20 विश्व कप में टीम की अगुआई करना भी शामिल था। वह 63 टी20 अंतराष्ट्रीय मैचों में 24 विकेट झटकने के अलावा 439 रन बना चुके हैं। वह तेज गेंदबाजी के अलावा स्पिन गेंदबाजी दोनों कर सकते हैं जिसमें ऑफ ब्रेक और लेग ब्रेक गेंदबाजी शामिल है। टी20 विश्व कप में इस 32 वर्षीय गेंदबाज ने पांच विकेट झटके जिसमें वेस्टइंडीज के खिलाफ 31 रन देकर दो विकेट चटकाने वाला स्पैल भी शामिल रहा।



## एसए 20 लीग खेलने के लिए अनुबंध ठुकराया

वेलिंगटन। केन विलियमसन ने कहा है कि अगले साल एसए 20 लीग खेलने के लिए उन्होंने न्यूजीलैंड का केंद्रीय अनुबंध ठुकराया लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि इस टी20 लीग से इतर वह न्यूजीलैंड के लिए तीनों प्रारूपों में खेलने के लिए उपलब्ध हैं। एसए 20 नौ जनवरी से आठ फरवरी 2025 के बीच खेली जाएगी और इसी दौरान न्यूजीलैंड में सुपर स्मैश भी होना है। न्यूजीलैंड के नियमों के अनुसार केंद्रीय अनुबंध वाले खिलाड़ियों को अंतराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेलने की दशा में सुपर स्मैश में खेलना अनिवार्य है।



## ओलंपिक पूर्व शिविर में 27 खिलाड़ियों का चयन



एजेंसी ▶▶ बेंगलुरु

हॉकी इंडिया ने 21 जून से 8 जुलाई तक यहां भारतीय खेल प्राधिकरण परिसर में लगाए जाने वाले ओलंपिक पूर्व राष्ट्रीय शिविर के लिए गुरुवार को 27 सदस्यीय पुरुष टीम की घोषणा की। भारत को ओलंपिक में पूल बी में रखा गया है जहां उसका सामना बेल्जियम, अर्जेंटीना, न्यूजीलैंड, ऑस्ट्रेलिया और आयरलैंड से होगा। टोक्यो ओलंपिक की कांस्य पदक विजेता भारतीय टीम ओलंपिक में अपने अभियान की शुरुआत 27 जुलाई को न्यूजीलैंड के खिलाफ करेगी।

चयनित टीम : गोलकीपर: कृष्ण बहादुर पाठक, पीआर श्रीजेश, सूरज करकेरा। डिफेंडर: हरमनप्रीत सिंह, जरमनप्रीत सिंह, अमित रोहिदास, जुगराज सिंह, संजय, आमिर अली। मिडफील्डर: मनप्रीत सिंह, हार्दिक सिंह, विवेक सागर प्रसाद, सुमित, शमशेर सिंह, नीलकांत शर्मा, राजकुमार पाल, विष्णुकांत सिंह, आकाशदीप सिंह, मोहम्मद राहील मौसीन फॉरवर्ड: मनदीप सिंह, ललित कुमार उपाध्याय, अभिषेक, दिलप्रीत सिंह, सुखजीत सिंह, गुरजंत सिंह, बॉबी सिंह धामी, अराइजीत सिंह हुंदल।

**वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टली एम्ब्रोज ने की प्रशंसा**

# बुमराह को एक्शन में बदलाव की जरूरत नहीं

एजेंसी ▶▶ ब्रिजटाउन

वेस्टइंडीज के महान तेज गेंदबाज कर्टली एम्ब्रोज भारत के जसप्रीत बुमराह के प्रशंसक हैं और वह नहीं चाहते कि अपने गैर पारंपरिक गेंदबाजी एक्शन में बुमराह कोई भी बदलाव करें। इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाजों में शुमार बुमराह ने पिछले साल मार्च में कमर की तकलीफ के कारण सर्जरी कराई थी। लंबे रिहैबिलिटेशन के बाद उन्होंने नवंबर में भारत में वनडे विश्व कप के जरिए वापसी की और तब से शानदार फॉर्म में हैं।

एम्ब्रोज ने इंटरव्यू में कहा कि गंभीर चोट नहीं होने की दशा में






बुमराह को अपने एक्शन में कोई बदलाव नहीं करना चाहिए। उन्होंने कहा, 'मैं जसप्रीत बुमराह का बड़ा प्रशंसक हूं। जब से मैंने उसे पहली बार देखा है। वह गैर पारंपरिक गेंदबाज है लेकिन बेहद प्रभावी है और मुझे यही पसंद है। उसने भारत के लिए सभी प्रारूपों में अच्छा प्रदर्शन किया है। मैं कुछ साल पहले उससे मिला था जब भारतीय टीम एंटीगा में खेल रही थी। उसकी गेंदबाजी देखने में मजा आता है क्योंकि वह इतना अलग है।' बुमराह के गेंदबाजी एक्शन से उनकी कमर पर काफी दबाव पड़ता है लेकिन एम्ब्रोज का मानना है कि हर तेज गेंदबाज को इस तरह के जोखिम से गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा, 'मेरा अनुभव यही है कि दो गेंदबाज कभी एक जैसे नहीं होते। गेंदबाजों में समानता हो सकती है लेकिन वे बिल्कुल एक से नहीं होते। सभी की शैली जुदा होती है। हर तेज गेंदबाज को चोटिल होने का खतरा रहता है और यह सभी को पता होता है।'

### टेस्ट ही असली क्रिकेट

एम्ब्रोज ने सीमित ओवरों की क्रिकेट भी काफी खेली है लेकिन उनका मानना है कि लीजैंड टेस्ट क्रिकेट से ही निकलते हैं। उन्होंने कहा, 'मैंने हमेशा टेस्ट क्रिकेट को तरजीह दी है। मैंने वनडे और चार दिवसीय क्रिकेट भी खेला है लेकिन मेरे लिए, यह अंतराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं है। टेस्ट क्रिकेट ही असली क्रिकेट है। अपने कॅरियर के आखिर में आप लीजैंड तभी कहलाएंगे जब आपने टेस्ट क्रिकेट में अच्छा किया हो।'




# हार के 'पंचनामे' के बाद होगा सांगठनिक 'एफआईआर' नपेंगे कई पीसीसी अध्यक्ष, खरगे ने लगाया 'टीम-फाइव'

**हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली**

पहली बार कांग्रेस पार्टी किसी भी चुनाव में हार के कारणों के पडताल में बेहद संजीदा दिख रही है। पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने मप्र, छत्तीसगढ समेत 8 राज्यों में कांग्रेस पार्टी का इतना खराब रिजल्ट लोकसभा चुनाव में क्यों रहा, सवाल के तह में जाकर जवाब तलाशने के लिए वरिष्ठ नेताओं की पांच टीम बनाई है। मप्र, छत्तीसगढ, ओडिशा, दिल्ली, उत्तराखंड, हिमाचल, कर्नाटक और तेलंगाना में कांग्रेस पार्टी को बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद थी, मगर हिमाचल में सरकार रहते हुए भी पार्टी को चुनावी फायदा नहीं हुआ। मप्र में एक भी सीट लोकसभा में पार्टी नहीं जीत पाई जब कि वहां कमलनाथ, दिग्विजय सिंह समेत दो दर्जन कद्दावर नेता हैं। छत्तीसगढ में न पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल जीत पाए, न ताम्रध्वज साहू अपनी साख बचा पाए। दुर्ग जिले से ही टिकट क्यों और किस आधार पर बांटे गये इसकी जांच भी उच्चस्तरीय फैक्ट फाइंडिंग टीम करेगी। खरगे को रिपोर्ट मिलने के बाद सभी 8 प्रदेशों में सांगठनिक स्तर पर आमूलचूल परिवर्तन किया जाना प्रस्तावित है। मौजूदा प्रदेशाध्यक्षों को हटाया जाए तो बनाया किसे जाए? फैक्ट फाइंडिंग टीम अनौपचारिक रूप से इस सवाल का जवाब भी अपनी रिपोर्ट में इंगित करेगी।

## मप्र, छग समेत 8 राज्यों में होगा आमूलचूल परिवर्तन



महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण, ओडिशा के एकमात्र लोकसभा सांसद सप्तगिरी उल्का, गुजरात के विधायक जिग्नेश मेवानी मिलकर मध्यप्रदेश में मिली शर्मनाक हार का पोस्टमार्टम करेंगे। मप्र में कांग्रेस के हिस्से एक भी सीट नहीं आई। पूर्व केंद्रीय मंत्री वीरप्पा मोइली, राजस्थान के विधायक हरीश चौधरी ये समझने की कोशिश करेंगे की पूरी ताकत लगाने के बाद भी छत्तीसगढ में कांग्रेस की लुटिया कैसे डूबी? सूबे से केवल एक जीत पार्टी को मयस्सर हो सकी। एआईसीसी के खजांची अजय माकन और बिहार के कटिहार से लोकसभा चुनाव जीते वरिष्ठ नेता तारिक अनवर ओडिशा में हार का मुआयना करेंगे। ओडिशा की 21 लोकसभा सीटों में से कांग्रेस पार्टी के हिस्से में जीत की केवल एक सीट ही आई। दिल्ली, उत्तराखंड और हिमाचल में पार्टी को एक भी जीत क्यों नहीं मिली, इसकी मिमांसा करने पार्टी अध्यक्ष ने पीएल पुनिया और रजनी पाटिल को जिम्मेदारी दी है। अब तक कई हार की समीक्षा कर चुके वरिष्ठ नेता मधुसूदन मिस्त्री, गौरव गोगोई, हिब्बी एडन को कनोटक और पीजे कुरियन, रकीबुल हुसैन और परगट सिंह को तेलंगाना में मिली हार का कारण खोजने भेजा जा रहा है।

हरियाणा के मंत्री बोले, पानी पर हम राजनीति नहीं करते

# निर्धारित 719 क्यूसेक से अधिक 1050 क्यूसेक पानी दे रहे, दिल्ली सरकार के आरोप बेबुनियादः अभय



**हरिभूमि ब्यूरो ▸▸ नई दिल्ली**

हरियाणा के सिंचाई एवं जल संसाधान राज्यमंत्री डॉ अभय सिंह यादव ने दिल्ली सरकार के उन आरापों को बेबुनियाद और तथ्यों से परे बताया है कि हरियाणा देश की राजधानी को कम पानी दे रहा है। उन्होंने इन आरोपों को खारिज करते हुए स्पष्ट किया है कि हरियाणा दिल्ली को उसके हिस्से का पूरा पानी दे रहा है। दिल्ली में पानी की किल्लत केवल दिल्ली की आंतरिक खराब व्यवस्था के कारण है। राष्ट्रीय राजधानी को पानी मिले यह सबकी जिम्मेवारी है और हम दिल्ली को पानी देने में कोई कमी नहीं कर रहे है। उन्होंने कहा कि निर्धारित 719 क्यूसेक से अधिक 1050 क्यूसेक पानी हरियाणा दे रहा है।

हरियाणा के सिंचाई राज्य मंत्री यादव ने दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में पत्रकारों को आकंड़ो के साथ हरियाणा द्वारा दिल्ली को दिए जा रहे जलापूर्ति की जानकारी दी। इस अवसर पर सिंचाई विभाग के आयुक्त एवं सचिव पंकज अग्रवाल, ईआईसी वीरेन्द्र सिंह, अधीक्षक अभियंता वाईडब्ल्यूएस दिल्ली तरूण अग्रवाल भी उपस्थित थे। पत्रकार वार्ता में सिंचाई राज्य मंत्री ने कहा कि पानी को लेकर दिल्ली सरकार राजनीतिक ड्रामेबाजी कर रही है। समय-समय पर अलग-अलग एजेंसियों की ओर से बार-बार वेरीफिकेशन हुई है। हरियाणा द्वारा दिया गया डाटा सही पाया गया है। एक भी एजेंसी यह नहीं कह सकती कि हरियाणा ने पानी कम दिया है। दिल्ली सरकार अपने कुप्रबंधन को ठीक करने की बजाय बार-बार हरियाणा पर आरोप लगा रही है। हरियाणा नियमित रूप से दिल्ली को पानी की पूर्ण अधिकृत हिस्सेदारी की आपूर्ति कर रहा है।

उन्होंने बताया कि दिल्ली द्वारा 13 जून, 2024 को सुप्रीम कोर्ट के समक्ष दायर याचिका का उत्तर देते हुए हरियाणा सरकार ने 23 मई से 12 जून, 2024 तक की अवधि के लिए दिल्ली संपर्क बिंदु, बवाना पर आपूर्ति किए गए पानी का डेटा प्रस्तुत किया है। जिसमें बताया गया कि हरियाणा मुनक हेड पर दिल्ली के लिए 1050 क्यूसेक पानी लगातार छोड़ रहा है और दिल्ली संपर्क बिंदु बवाना प्वाइंट पर यूवाईआरबी द्वारा तय 924 क्यूसेक से अधिक पानी दिया जा रहा है।

यादव ने कहा कि दिल्ली सरकार आधिकारिक बैठकों में तो यह स्वीकार करती है कि उन्हें पानी की पूरी आपूर्ति मिल रही है, लेकिन राजनीतिक मंच पर मीडिया में भ्रामक व काल्पनिक आंकड़े पेश करते हैं। वास्तव में, वे 613 एमजीडी (1141 क्यूसेक) की मांग कर रहे हैं, जो कि अपर यमुना रिवर बोर्ड (यूवाईआरबी) द्वारा अपनी रिपोर्ट में उल्लेखित आंकड़ों (मुनक में 1011 क्यूसेक और बवाना में 924 क्यूसेक) से अधिक है। यहां तक कि जल मंत्री, दिल्ली के डी.ओ. पत्र में भी यह स्वीकार किया गया है कि दिल्ली को 18 जून 2024 को 513 एमजीडी या 954 क्यूसेक पानी मिल रहा है, जो इस तथ्य की पुष्टि करता है कि हरियाणा ने हमेशा दिल्ली को पूरा पानी दिया है और दिल्ली में किसी भी प्रकार की पानी की कमी केवल दिल्ली के आंतरिक कुप्रबंधन के कारण है।

हरियाणा सरकार के मंत्री यादव ने विस्तार से बताया कि हरियाणा को पंजाब से अपने हिस्से का पानी नहीं मिल रहा है क्योंकि पंजाब एसवाईएल से पानी नहीं दे रहा है। इसके अलावा, हांसी-बुटाना नहर के मुद्देक पर पंजाब सरकार ने स्टे लगवा रखा है।

दिल्ली और पंजाब में आप पार्टी की सरकार है तो हरियाणा को पूरा पानी दिलाने के लिए इस मामले समाधान करवाएं। उन्होंने कहा कि हरियाणा को पंजाब और हिमाचल प्रदेश से पानी प्राप्त हो रहा है। हरियाणा को यमुना नदी व डब्ल्यू.जे.सी. नहर प्रणाली के माध्यम से पानी की प्राप्ति 10 से 15 प्रतिशत कम है। उन्होंने कहा कि हमारे अपने जल स्त्रोत सीमित है, हरियाणा खुद पानी की कमी से जूझ रहा है। हरियाणा प्रदेश की पानी की कमी की पूर्ति करने के लिए सीमित संसाधनों का बेहतर उपयोग करने के लिए कई योजनाएं धरातल पर लागू कर चुका है।

## नीतीश सरकार ने जातीय गणना को आधार बनाकर किया था बदलाव

# हाईकोर्ट ने बिहार में 65% आरक्षण को असंवैधानिक बताकर किया रद्द



**एजेंसी ▸▸ पटना**

राज्य की राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन सरकार ने बिहार में जाति आधारित जनगणना का फैसला किया था। जनगणना का काम बीच में बनी महागठबंधन सरकार के दौरान पूरा हुआ। महागठबंधन सरकार के भी मुखिया मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही थे। महागठबंधन सरकार ने जातीय जनगणना के आंकड़ों को आधार बनाकर राज्य में आरक्षण का प्रतिशत 65 तक पहुंचा दिया था।

लोकसभा चुनाव 2024 में महगठबंधन के मुख्य दल राष्ट्रीय जनता दल ने इस आरक्षण का क्रेडिट भी लिया। किसी भी दल ने आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने को गलत नहीं बताया था। लेकिन अब, पटना हाई कोर्ट ने आरक्षण प्रतिशत बढ़ाने के राज्य सरकार के फैसले को असंवैधानिक करार दिया है।

## किसी भी दल ने नहीं किया था इसका विरोध

### चीफ जस्टिस की पीठ का फैसला



पटना हाई कोर्ट ने राज्य सरकार द्वारा आरक्षण के लिए पारित कानून को संविधान के तीन अनुच्छेदों का उल्लंघन करने वाला बताया है। पटना हाई कोर्ट के चीफ जस्टिस के विनोद चंद्रन और जस्टिस हरीश कुमार की बेंच ने सरकार द्वारा पारित इस कानून को रद्द किया है। बता दें कि यह कानून तब पारित किया गया था, जब नीतीश कुमार आरजेडी के साथ बिहार में गठबंधन की सरकार चला रहे थे।

### आरक्षण में इस तरह किया गया था वर्गवार इजाफा

- अनुसूचित जाति को दिए गए 16 प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर 20 प्रतिशत किया गया था।
- अनुसूचित जनजाति को को दिए गए एक प्रतिशत आरक्षण को बढ़ाकर अब दो प्रतिशत किया गया था।
- पिछड़ा वर्ग को 12 प्रतिशत को बढ़ाकर 18 प्रतिशत और अति पिछड़ा को दिए गए 18 फीसदी आरक्षण को बढ़ाकर 25 फीसदी किया गया था।

**नीतीश सरकार को लगा झटका**

कोर्ट का यह फैसला नीतीश सरकार को बड़ा झटका माना जा रहा है। गुरुवार को सुनवाई की दौरान पटना हाईकोर्ट ने बिहार सरकार के अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण देने वाले कानून को रद्द कर दिया है। पटना हाईकोर्ट ने इसे असंवैधानिक करार दिया है। यानी अब शिक्षण संस्थानों व सरकारी नौकरियों में अनुसूचित जाति, जनजाति, अत्यंत पिछड़े और अन्य पिछड़े वर्ग को 65 आरक्षण नहीं मिलेगा। 50 प्रतिशत आरक्षण वाली पुरानी व्यवस्था ही लागू हो जाएगी।

### कोर्ट ने मौलिक अधिकारों का उल्लंघन बताया

दरअसल, 65 प्रतिशत आरक्षण कानून के खिलाफ गौरव कुमार व अन्य लोगों ने पटना हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। याचिकाकर्ता की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े वर्गों को उचित प्रतिनिधित्व देने के लिए आरक्षण की व्यवस्था की गयी थी। न कि जनसंख्या के अनुपात में आरक्षण देने का प्रावधान। यह जो 2023 का संशोधित अधिनियम बिहार सरकार ने पारित किया है, वह भारतीय संविधान के मौलिक अधिकारों का उल्लंघन करता है। इसमें सरकारी नौकरियों में नियुक्ति के समान अधिकार का उल्लंघन करता है, वहीं भेद भाव से संबंधित मौलिक अधिकार का भी उल्लंघन है। चीफ जस्टिस केवी चंद्रन की खंडपीठ ने इस पर लंबी सुनवाई की। इसके बाद 11 मार्च को कोर्ट ने फैसला सुरक्षित रख लिया था। आज कोर्ट ने 50 प्रतिशत आरक्षण की सीमा को बढ़ाकर 65 प्रतिशत करने जाने के राज्य सरकार ने निर्णय को रद्द करने का फैसला सुनाया।

### 21 नवंबर 2023 को बिहार सरकार ने गजट का किया था प्रकाशन

बिहार सरकार ने आरक्षण संशोधन बिल के जरिए आरक्षण दायरा बढ़ा 65 फीसदी कर दिया था। 10 प्रतिशत आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग को मिलने वाले आरक्षण को जोड़ दें जो कुल 75 फीसदी आरक्षण का लाभ मिलेगा। 21 नवंबर 2023 को बिहार सरकार ने इसको लेकर गजट प्रकाशित कर दिया था। इसके बाद से शिक्षण संस्थानों और नौकरी में अनुसूचित जाति/जनजाति, पिछड़ा वर्ग और अतिपिछड़ा को 65 फीसदी आरक्षण का लाभ मिल रहा था।




**जयशंकर और विक्रमसिंघे ने कोलंबो में संयुक्त रूप से कमीशन किया समुद्री बचाव समन्वय केंद्र**

# विदेश मंत्री एस. जयशंकर और श्रीलंका के राष्ट्रपति के बीच हुई द्विपक्षीय बैठक

**हरिभूमि ब्यूरो. नई दिल्ली**

विदेश मंत्री एस.जयशंकर और श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे के बीच गुरुवार को कोलंबो में एक महत्वपूर्ण द्विपक्षीय बैठक हुई। जिसमें दोनों देशों के द्विपक्षीय सहयोग से जुड़े हुए तमाम मुद्दों पर चर्चा की गई। इसमें बिजली, ऊर्जा, कनेक्टिविटी, बंदरगाह, इंफ्रास्ट्रक्चर, विमानन क्षेत्र, डिजीटल, स्वास्थ्य, खाद्य सुरक्षा, शिक्षा और पर्यटन जैसे क्षेत्र शामिल हैं।

इस बैठक के बारे में भारतीय विदेश मंत्री ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट साझा कर बताया कि श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे से मुलाकात कर बेहद खुशी हुई। इसमें उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तरफ से दी गई शुभकामनाएं के बारे में अवगत कराया। द्विपक्षीय संबंधों से जुड़ी विभिन्न परियोजनाओं और कदमों को लेकर जारी प्रगति को सराहा। उन्होंने कहा कि वार्ता में राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के मार्गदर्शन में दोनों पक्षों ने भारत और श्रीलंका के सहयोग को मजबूत बनाने के मुद्दे पर चर्चा की। भारत अपने परंपरागत और निकट पड़ोसी मित्र देश के तीव्र गति से विकास के लिए कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने श्रीलंका के प्रधानमंत्री समेत वहां के राजनीतिक नेतृत्व में शामिल कई शीर्ष नेताओं व सरकारी प्रतिनिधियों से भी मुलाकात की।



यहां बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में भारत में केंद्र की सत्ता पर हालिया काबिज हुई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार में लगातार दूसरी बार विदेश मंत्री के रूप कार्यभार संभालने के बाद एस.जयशंकर की यह पहली विदेश यात्रा है। इससे पहले श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे भारत सरकार के शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने के लिए भारत की यात्रा कर चुके हैं। वहीं, श्रीलंका के राष्ट्रपति के मीडिया विभाग ने बताया कि भारत के विदेश मंत्री और राष्ट्रपति विक्रमसिंघे के बीच राष्ट्रपति भवन में मुलाकात हुई। इसमें दोनों ने समुद्री बचाव समन्वय केंद्र को संयुक्त रूप से कमीशन किया। इसका निर्माण भारत द्वारा श्रीलंका को दी गई 6 बिलियन डालर की अनुदान राशि के तहत किया गया है। इस केंद्र के तहत, श्रीलंका के कोलंबो स्थित नौसैन्य मुख्यालय में एक केंद्र और हंबनटोटा में एक उप केंद्र होगा। इसके अलावा गाले, कल्लारावा, त्रिंकोमाली में मानवरहित सुविधाएं होंगी। केंद्र को कमीशन किए जाने के साथ ही भारत के विदेश मंत्री ने श्रींलका के राष्ट्रपति के साथ भारत सरकार की आवास योजना के तहत 154 घर यानी आशियाने भी वर्चुअल रूप से श्रीलंका को सौंपे। साथ ही दोनों ने कैंडी में संयुक्त रूप से 106 घरों की पट्टिका का अनावरण भी किया। गौरतलब है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी श्रीलंका की यात्रा कर सकते हैं। उधर, विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने इससे पहले पिछले साल श्रीलंका की यात्रा की थी। 2023 में श्रीलंका में आयोजित की जा रही रहे 23वीं विदेश मंत्रियों की बैठक और 25वीं इंडियन ओसियन रिम एसोसिएशन की बैठक में भाग लेने के लिए वह श्रीलंका पहुंचे थे।

हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक देवेन्द्र सिंह बाल्यान द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सैंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली-110035 से प्रकाशित। सम्पादक : डॉ.हिमांशु द्विवेदी। आरएनआई नं 69631/1998, फोन : 011-40451115/16, 40451109